सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
12.04.2024
* नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 268

14 जंगीपुर में भाजपा और टीएमसी में सीधा मुकाबला

# सरहुल शोभा यात्रा: लाल-सफेद कपड़ों से पटी रांची





## सरहुल पूजा के बाद पाहन ने की झारखंड में अच्छी बारिश की भविष्यवाणी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हातमा सरना स्थल पर मुख्य पाहन जगलाल ने विधि-विधान के साथ सरहुल पूजा के बाद गुरुवार को रांची की तमाम सड़कों पर विभिन्न इलाकों से सरहुल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गयी। मुख्य पाहन ने पूजा के बाद भविष्यवाणी की कि इस साल मामसून अच्छा रहेगा। शोभायात्रा में लाल और सफेद साड़ी और कपड़ों से राजधानी रांची पट गयी। महिला, बच्चे, पुरुष सभी इसी रंग के बस्त्रों में सड़कों पर उमड़ पड़े। पारंपरिक परिधानों के साथ-साथ सखुआ फुल, पत्ते और वाद्य यंत्र सरहुल की शोभायात्रा में चार चांद लगा रहे थे। सरना झंडों से पटे शहर में चारों ओर सखुआ के फूल की खुशबू फैल रही थी। आदिवासी समुदाय के लिए बोलना ही संगीत और चलना ही नृत्य है। सभी लोग मांदर की थाप पर थिरकते नजर आये। विभिन्न इलाकों से निकली शोभा यात्रा देर रात मुख्य सरना स्थल सिरम टोली में जा कर समाप्त हो गयी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम चंपई सोरेन समेत कल्पना सोरेन, बाबूलाल मरांडी, सीपी सिंह, सुबोध कांत सहाया व महुआ माझी समेत तमाम नेताओं ने सरहुल पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं।

### हातमा में सीएम ने की पूजा, दी शुभकामना

लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता को देखते हुए कोई खास कार्यक्रम आयोजित नहीं किये गये। इन सबके बीच सीएम चंपाई सोरेन रांची के हतमा, करमटोली और सिरम टोली सरना स्थल पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार यह बेहद ही सुखद संयोग है कि ईद के अलावा चैत्र नवरात्र और सरहुल को हमलोग एक ही दिन एक साथ मना रहे हैं। सीएम राज्यवासियों को ढेर सारी बधाई दी।

### राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

सरहुल के मौके पर राज्यपाल सीपी राधाराकृष्णन ने ना सिर्फ राज्यवासियों को बधाई



दी बल्की मांदर बजाकर इस पर्व के महत्व को भी बताया। उन्होंने कहा कि सरहुल का वास्तविक अर्थ वृक्ष एवं प्रकृति की पूजा करना है। यह पर हमें संदेश देने का काम करता है कि प्रकृति के बिना मानव जाति का अस्तित्व नहीं है। यह पर्व जनजाति समुदाय तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसे सभी समुदाय के लोग पूरे उत्साह के साथ मनाते है। यह उत्सव सभी के बीच आपसी भाईचारा के भावना को सुद्दढ़ करता है। राज्यपाल ने कहा कि सरहुल मानव जाति को प्रकृति की रक्षा करने का संदेश देता है।

### 150 से अधिक झांकियों की प्रदर्शनी

राजधानी रांची की तमाम अखरा समितियों से निकलने वाली झांकी मेन रोड से ही होकर गुजरी। इस दौरान राजधानीवासियों ने करीब 150 झांकियों की प्रदर्शनी देखी। हर झांकी अलग अंदाज में नजर आयी। महिलाएं जहां लाल बॉर्डर की साड़ी में दिखीं, वहीं दूसरी तरफ पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में नजर आये। युवाओं ने इस बार पारंपरिक वस्त्रों को आधुनिकता का भी टच दिया। चूंकि प्रकृति में नृत्य का भी विशेष महत्व होता है, ऐसे में मेन रोड पर नजर आने वाली हर झांकी ने अपने नृत्य से लोगों का मन मोहा।

### राज्य में मानसून सामान्य रहेगा

हातमा सरना स्थल सहित पर मुख्य पाहन जगलाल ने विधि-विधान के साथ सरहुल की पूजा की। पूजा के बाद मुख्य पाहन ने घड़े में रखे पानी की दिशा देखकर भविष्यवाणी की कि इस बार झारखंड में मानसून सामान्य रहेगा। झारखंड के हर क्षेत्र में अच्छी बारिश होगी। किसानों को खेती में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले सरहुल पूजा की शुरूआत केकड़ा और मछली पकड़ने से की गयी।

### हेमंत के पुत्र भी मौजूद रहे

केंद्रीय सरना समिति प्रांगण में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के पुत्र पारंपरिक रुप से पूजा अर्चना करते देखे गये। इस स्थल पर कभी अपने पिता हेमंत सोरेन के साथ आने वाले नितिन शांत और बड़ी तन्मयता के साथ पूजा करते नजर आये।

### शोभा यात्रा झांकी को एक लाख का पुरस्कार

केंद्रीय सरना समिति सिरमटोली ने पहली बार सरहुल के मौके पर निकलने वाली शोभा यात्रा की झांकी को पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम 15 अप्रैल को मोरहाबादी संगम गार्डन में किया जायेगा।



### प्रकृति से छेड़छाड़ न करें : पाहन

मुख्य पाहन ने बताया कि सरहुल पूजा में पांच मुर्गे की बलि दी गयी। सृष्टि करता सिहबोंगा के लिए सफेद मुर्गा, देवता के लिए माला मुर्गा, ग्राम देवता के लिए लाल मुर्गा, पूर्वजों के लिए लूपुंग मुर्गा और बुरी आत्मा से मुक्ति के लिए काला मुर्गा की बलि दी गयी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय प्रकृति के हर रूप की पूजा करते हैं। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वह प्रकृति से छेड़छाड़ ना करें, नहीं तो आने वाले दिनों में हम शुद्ध पानी और हवा के लिए तरसेंगे। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए।

---

## न्यूज डायरी

### सरहुल की चर्चित झांकी सलाखों के पीछे हेमंत




**रांची।** सरहुल की झांकी में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सलाखों के पीछे वाली तस्वीर चर्चा में है। आदिवासियों के महत्वपूर्ण पर्व सरहुल पर निकली झांकी में हेमंत सोरेन की इस तस्वीर के जरिये कई संदेश देने की कोशिश की जा रही है। सरहुल की झांकी में हेमंत सोरेन के पुतले को सलाखों के पीछे खड़ा दिखाया गया है। बाहर दो पुतलों के हाथों में सीबीआई और इडी की तख्ती है। तख्ती पर लिखा है - जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा। इस झांकी को केंद्रीय सरना समिति ने तैयार किया है।

### सरहुल प्रकृति की उदारता का उत्सव है : कल्पना सोरेन

**रांची।** कल्पना सोरेन ने गुरुवार को प्रदेशवासियों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सरहुल प्रकृति की उदारता का उत्सव है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा, जैसे ही सखुआ के पेड़ों पर फूल खिलने लगते हैं, हमें एक बार फिर प्रकृति के अमूल्य उपहारों का आभार व्यक्त करने का पवित्र अवसर मिलता है।

### स्कूल बस पलटी, 7 बच्चों की मौत, कई घायल

**नयी दिल्ली।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ में गुरुवार को एक बस पलटने से सात स्कूली बच्चों की मौत हो गयी। हादसे में कम से कम 15 बच्चे घायल है। एसपी ने कहा, दुर्घटना का कारण लापरवाही से गाड़ी चलाना था। उन्होंने कहा, "हो सकता है कि वह नशे में हो। ईद-उल-फितर की छुट्टी के बावजूद स्कूल चल रहा था। सभी बच्चे कक्षा चार से कक्षा दस तक के थे। पांच बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी। दो ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सड़क हादसे में बच्चों की मौत पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है।

### कांग्रेस सरकार रद्द करेगी अग्निवीर योजना : राहुल

**बीकानेर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर सेना में भर्ती के लिए लागू अग्निवीर योजना को रद्द कर सेना में पुरानी भर्ती प्रणाली को बहाल किया जायेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी सिर्फ चुनिंदा अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने में लगे हैं।

### पप्पू यादव के कार्यालय में पुलिस की छापेमारी

**पटना।** पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के कार्यालय में गुरुवार को पुलिस ने छापेमारी शुरू की। कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं। छापेमारी के बारे में कोई भी पुलिस अधिकारी कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। खबर मिलते ही पप्पू यादव तुरंत कार्यालय पहुंचे।

---

## जब-जब कमजोर सरकार बनी दुश्मनों ने लाभ उठाया : मोदी

# भ्रष्टाचार और परिवारवाद ने देश को डुबो दिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने एवं उसके परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार में डूबने का आरोप लगाते हुए कहा है कि चाहे मोदी को कितनी ही धमकी दे दो लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी हैं। मोदी ने कहा जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार रही है, तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। आतंकवाद ने पैर पसारे। आज देश में मोदी की मजबूत सरकार है, इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन जाता है। पीएम मोदी गुरुवार को करौली (राजस्थान) और ऋषिकेश (उत्तराखंड) में चुनावी सभा में बोल रहे थे।

### भ्रष्टाचारियों को तो जेल जाना ही होगा

श्री मोदी ने करौली में भाजपा प्रत्याशी इंदु जाटव के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि जो हमारा घोर विरोध करते है, परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस जनता की मजबूरियों में भी मुनाफा ढूंढ रही है। भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, इसलिए इंडिया गठबंधन के लोग मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। मगर चाहे मोदी को कितनी ही धमकी दे दो लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गांरटी है। राजस्थान की इआरसीपी का काम हरियाणा में भी भाजपा सरकार और दिल्ली में भी भाजपा की सरकार होने से संभव हो सका है।

**तिरंगे की सुरक्षा मेरी गारंटी:** गुरुवार को ऋषिकेश में पीएम ने कहा, जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार रही है, तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है और आतंकवाद ने पैर पसारे। आज देश में मोदी की मजबूत सरकार है, इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन जाता है। सात दशक बाद जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 निरस्त किया गया। ये भाजपा की मजबूत सरकार ही है, जिसने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया।

## पीएलएफआइ उग्रवादी को एनआइए ने खूंटी में दबोचा

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने झारखंड पुलिस के सहयोग से झारखंड और असम में छापेमारी के बाद पीएलएफआइ उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। पीएलएफआइ के नक्सली बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा को एनआइए ने खूंटी से गिरफ्तार कर लिया। एनआईए के मुताबिक झारखंड और असम राज्य पुलिस बलों के साथ समन्वय में झारखंड और असम के दो -दो स्थानों पर कार्रवाई की गई थी। इसमें आरोपित की गिरफ्तारी हुई थी। एनआईए की ओर से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को एनआईए की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से झारखंड में खूंटी, रांची और असम के दो ठिकानों पर छापेमारी और तलाशी ली। छापेमारी में 11000 रुपये, दो वॉकी टॉकी, पांच मोबाइल फोन, सिम कार्ड के साथ-साथ पीएलएफआइ से संबंधित दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री एनआईए की टीम ने जब्त किया है।

## नमाज अदा कर अमन और चैन की दुआ मांगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रमजान के 30 रोजे के बाद लोगों ने बुधवार को चांद का दीदार कर गुरुवार को राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आपसी प्रेम, उल्लास और भाईचारे के साथ ईद धूमधाम से ईद मनायी। बच्चे हों या बुजुर्ग सभी ने नए कपड़े पहनकर अपने नजदीकी ईदगाह या मस्जिदों में पूर्व निर्धारित समय पर सामूहिक रूप से ईद की नमाज अता की। रांची के मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज के बाद एक-दूसरे के गले लग ईद की मुबारकबाद दी। डोरंडा ईदगाह में 9:15 बजे ईद की नमाज अदा की गयी, जिसमें लगभग 30 हजार से ज्यादा लोग शामिल थे। राज्यसभा सांसद महुआ माजी और पूर्व केंद्रीय मंत्री भी विशेष नमाज में शामिल हुए।

### सबकी खुशहाली की कामना



इमामे ईदेन हजरत मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी ने अपने संबोधन में कहा के ईद का मुकद्दस त्यौहार अमन शांति भाईचारे का प्रतीक है। हम देशवासी और झारखंड वासियों को ईद की मुबारकबाद पेश करते हैं। इमारत-ए-शरिया के काजी मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने अपने संदेश में कहा कि ईद की खुशियों में अपने आस-पड़ोस के उन लोगों को भी शामिल करें जो किसी न किसी तरह से कमजोर हैं। उनकी मदद से नेकी मिलती है। वहीं मुफ्ती मो. कमर आलम कासमी ने कहा कि ईद-उल- फितर अल्लाह का शुक्र, दुनिया मे एकता और विश्वास का त्योहार है। वहीं रामनवमी का त्यौहार भी बिरादराने वतन का है। सभी त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। लोकतंत्र का महापर्व सामने है। हर कोई शामिल हो और अपना वोट 100% जरूर करें।

---

# धनबाद : कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर जितने मुंह उतनी बात

## चर्चा का विषय

विशेष संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद संसदीय क्षेत्र में सियासत रोमांचक होती जा रही है। भाजपा की ओर से प्रत्याशी घोषित होने के करीब दस दिन बाद भी कांग्रेस खेमे में उम्मीदवार के नाम को लेकर पसरा सन्नाटा कुछ नयी कहानी की ओर संकेत कर रहा है। हालांकि पत्ता खोलने को कोई तैयार नजर नहीं आता। कांग्रेस का प्रत्याशी कौन होगा, इस सवाल के जवाब में जितने मुंह उतनी बात सुनने को मिल रही है। दिल्ली से लौटे कांग्रेस के टिकट के दावेदारों ने भी चुप्पी साध रखी है। आलाकमान ने भी पार्टी के प्रांतीय नेता को कोई संकेत नहीं दिया है। तलाश दमदार प्रत्याशी की हो रही है जो भाजपा उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दे सके। यूं तो रेस में चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, रविंद्र पांडेय और अनुपमा सिंह आगे चल रहे हैं, लेकिन सबकी नजर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव को रोचक बनाने को आतुर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की ओर टिकी है। श्री राय का साफ कहना है कि कांग्रेस का समर्थन मिले तो वह मैदान में उतर सकते हैं। इनके उतरने से भाजपा से दूरी बनाने वाले अगड़ी जाति के लोगों का थोक भाव में वोट मिलने के आसार बढ़ेंगे। चतरा से सुनील सिंह और धनबाद से पीएन सिंह का टिकट काट कर झारखंड में एक भी राजपूत उम्मीदवार नहीं देने से इस समाज के लोग काफी गुस्से में हैं। यही कारण है कि राजपूत संगठनों में भाजपा के खिलाफ विरोध के स्वर मुखरित होने लगे हैं। सरयू राय राजपूत वर्ग से आते हैं और दामोदर बचाओ आंदोलन के तहत धनबाद में उन्होंने काम भी किया है। उनके समर्थकों की भी अच्छी संख्या है। ताजी सूचना के मुताबिक सरयू राय ने स्पष्ट घोषणा की है वे धनबाद से ढुल्लू महतो के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। कांग्रेस यदि (जैसा कि पार्टी के नेताओं से वार्ता चल रही है) समर्थन करेगी तो जीत में वोट का आंकड़ा बढ़ेगा। हालांकि अंतिम निर्णय नवरात्र के बाद और धनबाद के लोगों से रायशुमारी कर करेंगे।

### सरयू के आरोप से बढ़ी परेशानी



इधर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ अपराध से जुड़े 50 मामलों का उल्लेख करने के बाद सरयू राय ने ढुल्लू के पुत्र के नाम करीब दो करोड़ की सरकारी दर पर भूखंड की खरीदगी के मामले को रख कर महतो की परेशानी बढ़ा दी है। ढुल्लू महतो के बेटे प्रशांत कुमार के नाम पर धनबाद में खरीदे गएं 80 डिसमिल के तीनों भूखंडों का दस्तावेजी प्रमाण भाजपा आलाकमान को तो भेजा ही है, मीडिया को भी जारी कर दिया है। श्री राय के अनुसार करोड़ों की जमीन कौड़ी के भाव खरीदी गई। इससे सरकारी रेवेन्यू को भी क्षति पहुंची है। कुल मिलाकर अभी साफ नहीं हुआ है कि धनबाद की स्थिति क्या होगी।

## देश दामादों से आगे बढ़ चुका है, राजनीति से ब्रेक लें राहुल

- मेनका गांधी ने कांग्रेस और नेताओं पर कसा तंज

एजेंसी

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से भाजपा की उम्मीदवार मेनका गांधी ने कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं पर खूब तंज कसा। उन्होंने सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा पर भी निशाना साधा। दरअसल रॉबर्ट वाड्रा की अमेठी सीट से कथित दावेदारी की चर्चा चल रही हैं। खुद वाड्रा ने इसको लेकर टिप्पणी की थी। अब मेनका गांधी ने रॉबर्ट वाड्रा को लेकर कहा कि उन्हें राजनीति का अनुभव नहीं है। यह देश दामादों से आगे बढ़ चुका है। मेनका से पूछा गया कि रॉबर्ट वाड्रा अमेठी से चुनाव लड़ते हैं तो कितना मजबूत रहेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए राजनीतिक अनुभव जरूरी है। ये देश दामादों की राजनीति से आगे बढ़ चुका है। इसके अलावा, उन्होंने अपनी जेठानी के बेटे यानी राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें राजनीति से ब्रेक ले लेना चाहिए। कांग्रेस पार्टी तभी आगे बढ़ सकती है, जब उसके पास कोई बड़ा आइडिया या नेता हो। उन्होंने प्रियंका गांधी वाड्रा पर भी तंज कसा। ऐसी अटकलें हैं कि प्रियंका अपनी मां की सीट रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं। (शेष 13 पर)

---

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 66900 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 85000 | रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



## ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक थे : कर्मवीर सिंह

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने गुरुवार को प्रदेश मुख्यालय में ज्योतिबा फुले की जयंती मनायी। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि दलितों और निर्बल वर्ग को न्याय दिलाने के लिए ज्योतिबा ने 1873 में सत्यसोधक समाज की स्थापना की थी। इनकी समाज सेवा देखकर 1888 में मुंबई की एक विशाल जनसभा में उन्हें महात्मा की उपाधि दी गयी। आज हम सब को उनके आदर्श पर चलने की जरूरत है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि ज्योतिबा फुले का समाज के लिए योगदान अविस्मरणीय है। ज्योतिराव गोविंदराव फुले महाराष्ट्र के एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी, जाति-विरोधी समाज सुधारक और लेखक थे। उनका काम कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है। इसमें अस्पृश्यता और जाति व्यवस्था का उन्मूलन और महिलाओं और उत्पीड़ित जाति के लोगों को शिक्षित करने के उनके प्रयास शामिल हैं। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि ज्योतिबा फुले 19 वीं सदी के एक महान समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक और क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे।

### कोल्हान में मिसिर बेसरा दस्ते को झटका, पुलिस को बड़ी सफलता

# नक्सली दंपती समेत 15 ने किया सरेंडर

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची चाईवासा।** झारखंड में दशकों तक आतंक मचाने वाले नक्सलियों की कमर धीरे-धीरे टूटती जा रही है। नक्सलवाद के खिलाफ झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. कोल्हान और सारंडा के बीहड़ों में आतंक मचाने वाले भाकपा माओवादी के 15 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। अनमें एक नाबालिग और एक दंपती भी शामिल है। पश्चिमी सिंहभूम के जिला मुख्यालय चाईबासा में गुरुवार को सभी ने सीआरपीएफ एवं झारखंड पुलिस के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर करने वाले सभी 15 नक्सली मिसिर बेसरा के दस्ते में सक्रिय हैं। जल्द ही सभी को झारखंड पुलिस अधिकारियों के समक्ष विधिवत रूप से आत्मसमर्पण कराया जायेगा। लोकसभा चुनाव के दौरान हार्डकोर नक्सलियों का सरेंडर करना पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। पुलिस सूत्रों ने एक इतने नक्सलियों के आत्मसमर्पण की पुष्टि की है। हालांकि, किन-किन नक्सलियों ने सरेंडर किया है और किस हथियार के साथ सरेंडर किया है, इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है।

सुरक्षा बलों के सामने हथियार डालने वाले 15 नक्सलियों में 7 की उम्र 30 साल से कम है। एक नाबालिग है और 3 की उम्र महज



19 साल है। एक नक्सली की उम्र 50 साल है। पुलिस एवं सुरक्षा बलों का कहना है कि भाकपा माओवादी संगठन के आंतरिक शोषण, भयादोहन एवं पुलिस की लगातार बढ़ती दबिश की वजह से कई नक्सली मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। नक्सलियों ने झारखंड पुलिस एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समक्ष सामूहिक रूप से सरेंडर किया।

**माओवादी गतिविधियों पर लगेगा अंकुश : पुलिस का दावा**

सरेंडर करने वाले ये सभी नक्सली भाकपा माओवादी नक्सली संगठन की केंद्रीय कमेटी के सदस्य मिसिर बेसरा उर्फ सागर जी और पतिराम मांझी उर्फ अनल दा के दस्ते के सक्रिय सदस्य हैं। कोल्हान एवं सारंडा के सुदूर जंगलों एवं पहाड़ों की इन्हें अच्छी समझ है। पुलिस का कहना है कि नक्सली संगठन के इन 15 सदस्यों के समर्पण से जिले में माओवादी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

**मिसिर को बड़ा झटका**

गौरतलब है कि झारखंड में सारंडा और कोल्हान ही ऐसे इलाके हैं, जहां भाकपा माओवादियों की कुछ ताकत बची है, लेकिन एक साथ 12 नक्सली कैडरों के सरेंडर से कोल्हान में नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है।

### सरेंडर करने वाले नक्सलियों के नाम

- प्रधान कोड़ा उर्फ देवेन कोड़ा (45)
- चंद्रमोहन उर्फ चंद्रो अंगारिया उर्फ रोशन (29)
- पगला गोप उर्फ घासीराम गोप (49)
- विजय बोयपाई उर्फ अमन बोयपाई (23)
- गंगा राम पुरती उर्फ मोटरा पुरती (19)
- बोयो कोड़ा (46)
- जोगेन कोड़ा (44)
- पेलोंग कोड़ा उर्फ नीशा कोड़ा (19)
- सोनू चांपिया (19)
- रामजा पुरती उर्फ डुगूढ पुरती (49)
- नाबालिग
- सोहन सिंह हेम्ब्रम उर्फ सीनू (24)
- डोरन चांपिया उर्फ गोलमाय (23)
- सुशील उर्फ मोगा चांपिया (50)
- मनी चांपिया (40)

### कोल्हान के बीहड़ों में थे सक्रिय

ये सभी नक्सली कोल्हान और सारंडा के बीहड़ों में सक्रिय थे. शाम 04.00 बजे पुलिस केंद्र चाईबासा में पुलिस उप-महानिरीक्षक, सिंहभूम (कोल्हान) क्षेत्र, पुलिस उप-महानिरीक्षक (अभियान) सीआरपीएफ, पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और कहा कि वे मुख्यधारा में लौटने के लिए सरेंडर कर रहे हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि ये सभी नक्सली पश्चिमी सिंहभूम के स्थानीय निवासी हैं।

**एंटी नक्सल ऑपरेशन में ईआरबी मुख्यालय को किया गया ध्वस्त**

एंटी नक्सल ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों (भाकपा माओवादी) के ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो (ईआरबी) मुख्यालय के साथ-साथ 8-10 अस्थायी कैंप एवं 15 बंकरों को ध्वस्त किए हैं। वहीं, पश्चिमी सिंहभूम की जनता के मन में सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास जगाने के लिए 16 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं।

## खबर एक नजर में

### सरहुल-ईद में नहीं मिला बीआरपी-सीआरपी को मार्च का मानदेय, रामनवमी पर भी रह जायेंगे फांके

रांची। राज्य के 2600 बीआरपी-सीआरपी को आदिवासी समुदाय के सरहुल, मुस्लिम समाज के ईद में भी मार्च माह का मानदेय नही मिला। वहीं 17 मार्च को रामनवमी के त्यौहार में भी मानदेय मिलना लगभग नामुमकिन प्रतीत हो रहा है। संघ के सदस्यों का कहना है कि शिक्षा के क्षेत्र में विगत 19 साल से सेवारत बीआरपी-सीआरपी की सुध लेनेवाला विभाग में कोई नहीं है। ऐसा पहलीबार नही हुआ है कि पर्व-त्यौहार में हजारों परिवार के घर में तंगी ओर मायूसी है। इस बेबसी और मायूसी का कारण विभाग में बैठे अकर्मण्य पदाधिकारी हैं, जो समय पर कार्य नहीं कर सरकार की किरकिरी कराते हैं। विगत 5 वर्षो से अत्यंत अल्प मानदेय प्राप्त बीआरपी-सीआरपी के मानदेय में एक रुपया की भी वृद्धि नहीं होना, वहीं, परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मी ( बीपीओ, अकाउंटेंट, जेई ) जिन्हें पूर्व से ही मोटी राशि वेतन/ मानदेय के रूप मिल रहा था लगातार उनके वेतन वृद्धि की गई। यह विभाग की दोहरी नीति और संबंधित पदाधिकारी का अकर्मण्यता का परिचायक है। संघ ने कहा कि पुर्व दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरन्नाथ महतो के निधन के बाद विभाग बेलगाम होकर बीआरपी सीआरपी का शोषण कर रही है। राज्य में शिक्षा मंत्री नहीं होने का खामियाजा अल्प मानदेय भोगी सीआरपी, बीआरपी भोग रहे हैं। आज विभाग के वेतन भोगी कर्मियों को अप्रैल माह का एडवांस वेतन मिल गया है। कितने निरंकुश एवं लापरवाह है विभाग के शासक और प्रशासक। यह काफी चिंतनीय विषय है ।

### 5 को होगी नीट यूजी-24 की परीक्षा

**रांची।** नीट यूजी की परीक्षा पांच मई को होगी। परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होगी, जो शाम पांच बजकर 20 मिनट तक चलेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के वरीय निदेशक डॉ साधना पराशर ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया कि नीट यूजी की परीक्षा पांच मई (रविवार) को 13 भाषाओं में पेन और पेपर मोड में होगा। इसमें अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल है. पत्र में .यह भी कहा गया है कि चुनाव या किसी भी अन्य कारणों से परीक्षा स्थगित नहीं की जायेगी।

# जुलाई में नगर निकाय चुनाव करा सकती है सरकार

### हाइकोर्ट के कड़े रुख के बाद सरकार हुई रेस, आचार संहिता खत्म होते ही आयोग सौंप देगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार जुलाई में राज्य में नगर निकाय चुनाव करा सकती है। राज्य पिछड़ा आयोग ने इस बात के संकेत दिये हैं। हाइकोर्ट के कड़े रूख के बाद सरकार और आयोग रेस हो गये हैं। राज्य पिछड़ा आयोग पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के लिए ट्रिपल टेस्ट की तैयारी में जुट गया है। आयोग ने संकेत दिये हैं कि राज्य में जैसे ही आदर्श आचार संहिता समाप्त होगी, आयोग अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। इसके बाद राज्य में नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो जायेगा।

**अप्रैल 23 में समाप्त हो चुका है नगर निकायों का कार्यकाल**

बताते चलें कि रांची सहित राज्य के सभी नगर निकायों का



कार्यकाल बीते वर्ष अप्रैल में समाप्त हो चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग को कार्यकाल समाप्त होने तक चुनाव करा लेना था। आयोग की ओर से इसकी तैयारी भी कर ली गयी थी। लेकिन आजसू पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने नगर निकायों में ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नगर निकाय क्षेत्र में ओबीसी को आरक्षण देने के लिए ट्रिपल टेस्ट कराने का आदेश दिया था। यही कारण था कि चुनाव को टाल दिया गया था। मालूम हो कि झारखंड हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 8 अप्रैल को हुई सुनवाई में सिंगल बेंच के 4 फरवरी को दिये उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें अदालत ने राज्य सरकार को तीन हफ्ते में निकाय चुनाव की घोषणा करने का आदेश दिया था। अदालत ने कहा है कि ट्रिपल टेस्ट का बहाना बनाकर सरकार निकाय चुनाव रोक नहीं सकती है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद आयोग हर मंगलवार को ट्रिपल टेस्ट को लेकर बैठक कर रहा है।

### चुनाव नहीं होने से हो रहे हैं ये नुकसान

झारखंड में नगर निकायों का चुनाव नहीं होने से राज्य सरकार को आर्थिक नुकसान हो रहा है। लेकिन चुनाव कराने में विलंब होने के कारण सरकार को 15वें वित्त आयोग की मदद से वंचित होना पड़ सकता है। झारखंड सरकार के अनुसार, वित्त आयोग से झारखंड में शहरी निकायों के विकास के लिए 1600 करोड़ की सहायता राशि मिलनी है। लेकिन तय समय पर चुनाव नहीं होने से वित्त आयोग इस पर रोक लगा सकता है। बताते चलें कि शहरी विकास, शहरों में नागरिक सुविधा विकसित करने औप अपने संसाधन को बढ़ाने के लिए नगर निकायों के लिए केंद्र सरकार द्वारा वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर राज्यों को ग्रांट स्वीकृत की जाती है।

### क्या कहते हैं झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष

झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि आयोग युद्धस्तर पर निकाय चुनाव की तैयारी कर रहा है, ताकि समय पर ट्रिपल टेस्ट हो जाये। इसके लिए हर मंगलवार को आयोग की बैठक भी हो रही है। ट्रिपल टेस्ट का जातिगत सर्वेक्षण से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि जातिगत सर्वेक्षण पूरे राज्य एवं सभी जातियों का होगा, जबकि ट्रिपल टेस्ट केवल शहरी निकाय में बसे पिछड़ों का होगा। आयोग शत-प्रतिशत प्रयास करेगा कि आचार संहिता खत्म होते ही सरकार को रिपोर्ट सौंप दें। इसके बाद सरकार कभी भी चुनाव करा सकती है।

# झारखंड वन सेवा नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त नियमावली 2024 की अधिसूचना जारी

महिलाओं को नौकरी चाहिए तो चार घंटे में चलने होंगे 14 किमी पैदल

वहीं, पुरुष अभ्यर्थियों को चार घंटे में पैदल चलना होगा 25 किलोमीटर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वन विभाग ने झारखंड वन सेवा नियुक्ति, प्रोन्नति व अन्य सेवा शर्त नियमावली 2024 की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना वन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल के हस्ताक्षर से जारी की गई है। इसमें कहा गया कि राज्य में अगर महिलाओं को वन विभाग में नौकरी चाहिये तो उन्हें चार घंटे में 14 किलोमीटर पैदल चलना होगा। वहीं पुरुष अभ्यर्थियों को परीक्षा पास करने के लिए चार घंटे में 25 किलोमीटर पैदल चलना होगा।

**फ्लैट फूट वाले उम्मीदवार माने जाएंगे अयोग्य :** नियमावली की शर्तों के अनुसार, उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना अनिवार्य होगा। उसे झारखंड वन सेवा के सदस्य के रूप में दक्षतापूर्वक कर्तव्यपालन करने में बाधा डालने वाली शारीरिक दिव्यांगता से मुक्त होना चाहिए। वर्णांधता, रतौंधी एवं फ्लैट फुट वाले उम्मीदवार अयोग्य माने जायेंगे। उम्मीदवार की आयु अधियाचना वर्ष की पहली अगस्त को 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

**क्या होगी शारीरिक योग्यता :** अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार के पुरुष अभ्यर्थियों की ऊंचाई 152.5 सेंटीमीटर होनी चाहिए, जबकि इसी कैटेगरी में महिला उम्मीदवारों की ऊंचाई 145 सेंटीमीटर होनी चाहिए। अन्य कोटि में पुरुष अभ्यर्थियों की ऊंचाई 163 सेंटीमीटर होनी चाहिए, जबकि महिला अभ्यर्थियों की ऊंचाई 150 सेंटीमीटर होनी चाहिए। वहीं पुरुष अभ्यर्थियों के सीने की चौड़ाई बिना सीना फुलाए 79 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

**उम्मीदवारों को इनका देना होगा विवरण :** छोटी चेचक, आर्वतक या कोई अन्य बुखार, पीव सहित गिल्टी की अपवृद्धि, रक्त वमन, अस्थमा, फेफड़ों का सूजन, हृदय की बीमारी, बेहोशी का दौरा, गठिया, उंडुक पुच्छ से पीड़ित हुए हैं ? .दुर्घटना जनित कोई अन्य बीमारी, जिसमें परिरोध अपेक्षित हो या कोई चिकित्सकीय या शल्य चिकित्सा अपेक्षित हो? शरीर पर कोई स्थायी कुप्रभाव या दिव्यांगता का उल्लेख करें। अंतिम टीकाकरण कब हुआ था? यक्ष्मा, गंडमाला, गठिया, अस्थमा, मूर्च्छा मिर्गी या पागलपन से ग्रसित हुए हैं? अत्यधिक कार्यवश या किसी अन्य कारणवश अधीरता से ग्रसित हुए हैं ? कभी हेपेटाइटिस या एड्स से ग्रसित हुए हैं ?

# ओबीसी कार्यालय में मनी महात्मा ज्योति बा फुले महाराज की जयंती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकतंत्र में समानता और स्वतंत्रता का अधिकार मिले। जाति मुक्त समाज बने। स्त्री-पुरुष के बीच समानता हो। जन्म के आधार पर कोई छोटा-बड़ा नहीं हो। यह विचार महात्मा ज्योतिबा फुले ने व्यक्त किया था, जो आज भी प्रासंगिक है। यह बातें गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में महात्मा ज्योति बा फुले महाराज की 198 वी जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। श्री गुप्ता ने प्रदेश में महात्मा ज्योतिबा फुले की आदमकद प्रतिमा लगाने और विद्यालय महाविद्यालय



में उनकी तस्वीर लगाई जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की महात्मा ज्योति बा फुले महाराज ने महिला शिक्षा में बड़ा काम किया है।

सबसे पहले अपनी पत्नी को पढ़ा कर 1848 ई में पहली बालिका शिक्षा विद्यालय खोलने का काम किया था। फुले महाराज लेखक भी थे उनके द्वारा लिखित गुलामगिरी, किसान का कोड़ा पुस्तक काफी चर्चित हुआ था। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, महासचिव अजय मेहता, रामावतार कश्यप, विनय चंद्रवंशी, अजय मंडल, उपेंद्र कुमार, जगदीश साहू, अनुज कुमार साहू ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स उप समितियों की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

रांची। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से गठित सभी उप समितियों के चेयरमेन की संयुक्त बैठक गुरुवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक में व्यापार उद्योग की वर्तमान में जारी समस्याओं और उनके निराकरण पर चर्चा हुई। चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और राहुल साबू ने सभी उप समितियों से व्यवसाय जगत की समस्याओं पर पैनी नजर बनाये रखने की अपील की और कहा कि उप समिति चेयरमेन जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ भी बैठक करें। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी उप समितियों के चेयरमेन से आग्रह किया कि वे राज्य स्तर पर अपने कार्य को विस्तार दें और समस्याओं के निपटारे में सकारात्मक भूमिक निभायें।

# अगले 15 दिन रहेंगे बारिश के आसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ईद और सरहुल के दिन रांची का मौसम सुहाना रहा। सुबह में बूंदाबांदी के बाद पूरे दिन बादल छाये रहे। इससे तापमान में कमी देखी गयी। बीते साल तेज धूप के कारण गर्मी थी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि 12 से 18 अप्रैल के बीच झारखंड में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। वज्रपात भी होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि पहले सप्ताह (12 से 18 अप्रैल के बीच) शुरूआती 3 दिनों में थोड़ी-बहुत वर्षा होगी। वज्रपात होंगे। लेकिन, इसके बाद मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि दूसरे सप्ताह यानी 19 से 25 अप्रैल के बीच भी झारखंड में सामान्य से कम बारिश होगी, ऐसा अनुमान है। मौसम केंद्र के प्रमुख ने बताया है कि 12 से 18 अप्रैल के बीच अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से कम रहने का अनुमान है। जैसे-जैसे सप्ताह आगे बढ़ेगा, गर्मी भी बढ़ती



जाएगी। इस सप्ताह झारखंड का अधिकतम तापमान 27 डिग्री से 40 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहने का अनुमान है। इसके अगले सप्ताह यानी 19 से 25 अप्रैल के बीच अधिकतम तापमान सामान्य से कम या सामान्य रहने का अनुमान है। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान 29 से 42 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि झारखंड का न्यूनतम तापमान 12 से 18 अप्रैल के बीच 20 से 26 डिग्री सेंटीग्रेड रह सकता है। यह सामान्य या सामान्य से अधिक रहेगा। वहीं, इसके अगले सप्ताह यानी 19 से 25 अप्रैल के बीच झारखंड के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान है। राज्य का न्यूनतम तापमान 19 से 25 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रह सकता है।

**तापमान रहा 27 से 44 डिग्री के बीच**

मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले सप्ताह अधिकतम तापमान 27 से 44 डिग्री के बीच रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 19 से 28 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान 12 जिलों में अत्यधिक वर्षा हुई, जबकि 5 जिलों में अधिक, 5 जिलों में सामान्य और 2 जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई। कुल मिलाकर झारखंड में इस सीजन में होने वाली बारिश की तुलना में 86 फीसदी अधिक वर्षा हुई।

# दुमका सीट पर सीता और नलिन के बीच कांटे की टक्कर, किसकी होगी जीत. दोनों के दावे

**सत्येन्द्र**

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर झारखंड का दुमका लोकसभा सीट राज्य का सबसे हॉट सीटों में एक माना जा रहा है। यहां से एनडीए गठबंधन से बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन एवं इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन आमने सामने है। चुनाव विशेषज्ञों की माने तो दोनों के बीच कड़ी टक्कर होने की संभवाना है। मालूम हो कि पाला बदलकर बीजेपी शामिल होनेवाली शिबू सोरेन की पुत्रवधू सीता सोरेन को बीजेपी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं दूसरी ओर एक लंबे अरसे के बाद दुमका सीट से गुरूजी की जगह झामुमो के वरिष्ठ और कद्दावर नेता नलिन सोरेन प्रत्याशी हैं। इन दोनों प्रत्याशियों के कारण राज्य स्तर पर दुमका सीट काफी हॉट हो गया है। दोनों गठबंधन दुमका को जीतने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

**दोनों प्रत्याशी के हैं अपने-अपने जीत के दावे :** ज्ञात हो कि दुमका लोकसभा सीट से जैसे ही भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने प्रत्याशी उतारे चुनावी विशेषज्ञों को एहसास हो गया इस सीट पर कांटे की टक्कर होगी। भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन और झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन दोनों ने दावा किया है कि इस सीट पर जीत उनकी पक्की है। सीता सोरेन को जहां खुद पर और मोदी लहर पर विश्वास है, वे जहां भी जा रही हैं यह कहती हुई नजर आती हैं कि उनके पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जिन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा को खड़ा किया, अलग झारखंड की लड़ाई लड़ी, राज्य को अलग कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की उस पार्टी और परिवार में ना तो उनका और ना ही उनकी मेरे दोनों बेटियों के साथ न्याय किया गया। वे कहती फिर रही है कि उन्हे पार्टी और परिवार में जो हक मिलना चाहिए था वह नहीं मिला।





इतना ही नहीं वह अपने पति की मौत को भी संदेहास्पद बता रही और उसकी जांच कराने की मांग कर रही है। उन्हे विश्वास है कि जनता उनके दुख को महसूस करेगी और लोकसभा चुनाव में जीताने का काम करेगी।

**सीता सोरेन में क्या है मजबूत पक्ष :** सीता सोरेन का मजबूत पक्ष है कि वह दुमका लोकसभा क्षेत्र के जामा विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार से विधायक बन रही हैं। सोरेन परिवार की पुत्रवधू होने की वजह से जनता में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। सीता यह भी कहती हैं कि उन्हें अपने ससुर शिबू सोरेन का भी आशीर्वाद प्राप्त है। वह कहती हैं कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में अब गुरु जी की नहीं चलती है। अगर वे वहां प्रभावी होते तो उन्हें झामुमो छोड़ना ही नहीं पड़ता। सीता सोरेन ये तक कह रही हैं कि उन्हें भाजपा कार्यकताओं का तो साथ मिलेगा ही, साथ ही साथ झामुमो कार्यकर्ता जो सब कुछ समझ रहे हैं, वे भी उनके साथ होंगे।

**गुरुजी-हेमंत के भरोसे के साथ अपने अनुभव पर भरोसा है नलिन सोरेन को :** वहीं दूसरी ओर झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन का मजबूत पक्ष यह है कि वे लगातार सात बार से शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट से विधायक है। नलिन सर्वसुलभ, मिलनसार और मृदु भाषी व्यवहार की वजह से क्षेत्र में वे काफी लोकप्रिय हैं। सिर्फ झामुमो में ही नहीं बल्कि दूसरे राजनीतिक दल के भी लोगों में उनका काफी सम्मान करते हैं। कहा जाता है कि उनके यहां जो भी किसी काम को लेकर चले जाएं चाहे वह व्यक्ति दूसरे दल से भी क्यों न तालुकात रखता हो, नलिन उनका काम जरूर कर देते हैं। जहां तक दुमका लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने की बात है नलिन सोरेन को अपने चार दशक के राजनीतिक कैरियर पर काफी भरोसा है। वे बिना हारे सात बार से विधायक बन रहे हैं। इसके साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन पर जो विश्वास जताया है। गुरुजी और हेमंत सोरेन ने टिकट पर मुहर लगाई है तो नलिन सोरेन को यह उम्मीद है कि झामुमो का जो बड़ा वोट बैंक है वे सभी इस बार भी साथ निभाएंगे और चुनावी वैतरणी पार लगाने का काम करेंगे। सीता सोरेन के संबंध में नलिन सोरेन का कहना है कि वह अपने घर में बीमार ससुर शिबू सोरेन और अस्वस्थ सास रूपी सोरेन को छोड़कर दूसरे घर में गई है तो जनता उसे कभी माफ नहीं करेगी।

**मुकाबला जोरदार होने की उम्मीद :** इस तरह हम देख रहे हैं कि सीता सोरेन और नलिन सोरेन दोनों के अपने-अपने मजबूत पक्ष हैं। किसी को कम आंकना किसी भी राजनीतिक विशेषज्ञ के लिए मुश्किल कार्य है। ऐसे में अगर दोनों पक्ष अपनी पूरी ताकत से चुनाव लड़ते हैं तो मुकाबला जोरदार होने की उम्मीद है और अभी से यह अंदाजा लगाना मुश्किल होगा कि ऊंट किस ओर करवट लेगा।

### भीतरी और बाहरी मुद्दे पर 2019 में बीजेपी को मिला लाभ

वहीं, इस चुनाव के बारे में इस लोकसभा सीट के राजनीतिक जानकार का कहना है कि 2009 में झामुमो के शिबू सोरेन के खिलाफ भाजपा ने सुनील सोरेन को अपना उम्मीदवार बनाया। तब से इस क्षेत्र में बाहरी भीतरी का मुद्दा गरमाने लगा। अंतत: 2019 में दुमका से भाजपा के सुनील सोरेन ने अपने ही गुरु को पटखनी दे दी। इस बार भाजपा के निवर्तमान सांसद सुनील सोरेन का टिकट काट कर सीता सोरेन और झामुमो ने उनके खिलाफ सात बार के विधायक स्थानीय प्रत्याशी नलिन सोरेन को मैदान में उतार कर राजनीतिक पंडितों के गुणा भाग को गड्ड-मड्ड कर दिया है। इस बार झामुमो ने बाहरी-भीतरी के पुराने मुद्दे को भाजपा से छीन कर उसे सकते में डाल दिया है। अब आने वाले समय बताएगा कि भाजपा कैसे झामुमो के बाहरी भीतरी के चक्रव्यूह से बाहर निकलती है। अगर इस लोकसभा सीट के इतिहास पर इतिहास पर थोड़ा नजर डालें तो 1990 के बाद से भाजपा ने अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास शुरू किया। 1991 में भाजपा ने पहली बार बाबूलाल मरांडी को इस क्षेत्र से मैदान में उतारा पर वे शिबू सोरेन से चुनाव हार गये। हार के बाद भी भाजपा ने इस क्षेत्र को नहीं छोड़ा और कमल खिलाने को लेकर लगातार प्रयास करती रही। तीसरे प्रयास यानि 1998 में बाबूलाल मरांडी भाजपा के टिकट पर झामुमो के शिबू सोरेन को परास्त करने में सफल हो गए। इसके बाद से बीजेपी इस सीट पर प्रत्येक चुनाव में जीत की दावा करती रही है और उसे सफलता भी मिली है।

## मां का चौथा रूप कूष्मांडा

सुरासंपूर्णकलशं, रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां, कूष्मांडा शुभदास्तु मे।।



अर्थात अमृत से परिपूरित कलश को धारण करने वाली और कमलपुष्प से युक्त तेजोमय मां कूष्मांडा हमें सब कार्यों में शुभदायी सिद्ध हो। नवरात्र के चौथे दिन दुर्गा जी के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा और अर्चना का विधान है। माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति से पूर्व जब चारों ओर अंधकार था तो मां दुर्गा ने इस अंड यानी ब्रह्मांड की रचना की थी। इसी कारण उन्हें कूष्मांडा कहा जाता है। सृष्टि की उत्पत्ति करने के कारण इन्हें आदिशक्ति नाम से भी अभिहित किया जाता है। इनकी आठ भुजाएं हैं और ये सिंह पर सवार हैं। सात हाथों में चक्र, गदा, धनुष, कमण्डल, कलश, बाण और कमल है।





# सरहुल शोभायात्रा में मांदर की थाप पर झूमे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची की सड़कों पर धूमधाम से विभिन्न इलाकों से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे और बड़ी संख्या में पुरुष शामिल हुए। सभी पारंपरिक परिधानों, सखुआ फुल, पत्ते और वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। झारखंड की राजधानी रांची का मेन रोड गुरुवार को सरहुल के रंग में रंगा दिखा। सरना झंडों से पटे रांची शहर में चारों ओर सखुआ के फूल की खुशबू फैली हुई है। आदिवासी समुदाय के लिए बोलना ही संगीत और चलना ही नृत्य है। सरहुल के मौके पर मांदर की थाप पर सभी थिरकते नजर आए।

**150 से अधिक झांकियों की प्रदर्शनी**

राजधानी रांची की तमाम अखरा समितियों से निकलने वाली झांकी मेन रोड से ही होकर गुजरी। इस दौरान राजधानीवासियों ने करीब 150 झांकियों की प्रदर्शनी देखी। हर झांकी अलग अंदाज में नजर आयी। महिलाएं जहां लाल बॉर्डर की साड़ी में दिखीं, वहीं दूसरी तरफ पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए।

**पारंपरिक वस्त्रों को आधुनिकता का टच**

युवाओं ने इस बार पारंपरिक वस्त्रों को आधुनिकता का भी टच दिया। चूंकि इस पर्व में प्रकृति की पूजा के साथ ही नृत्य का भी विशेष महत्व होता है। ऐसे में मेन रोड पर नजर आने वाली हर झांकी ने अपने नृत्य से लोगों का मन मोहा।

**प्रकृति के रंग में दिखी शोभायात्रा**

आदिवासी समुदाय के लिए सरहुल पर्व प्रकृति से उनके प्रेम को दशार्ता है। ऐसे में इस वर्ष सरहुल की शोभायात्रा प्रकृति के रंग में रंगी नजर आई। जिन गाड़ियों से शोभायात्रा की झांकियां निकलीं, उन्हें पत्तों से सजाया गया था। जो संदेश दे रहे थे कि आदिवासी समाज आज भी प्रकृति से जुड़ा है।

आदिवासी समाज व प्रकृति दोनों का अन्योन्याश्रय संबंध है। इन्हें एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने हाथों में तीर-कमान और हल भी थाम रखा था। तीर-कमान हुल यानी क्रांति का प्रतीक माना जाता है तो हल को खेती-किसानी के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

**शोभायात्रा में सरना धर्म कोड की भी मांग**

शोभायात्रा में प्रकृति प्रेम के साथ ही सरना धर्म कोड की मांग की झलक भी देखने को मिली।

बांधगाड़ी सरना समिति की तरफ से निकाली गयी शोभायात्रा में सरना धर्म कोड को आदिवासियों की प्रमुख जरूरत बताते हुए दिखाया गया। इस वर्ष पूजा के बाद पाहन के द्वारा की गई ज्यादा बारिश की भविष्यवाणी भी खेती-किसानी के लिए भी उतनी ही फायदेमंद साबित होगी। सरहुल की शोभायात्रा देखने के लिए बड़ी संख्या में रांचीवासियों की भीड़ मेन रोड में उमड़ी दिखी। मेन रोड के बीचों बीच सरहुल की शोभायात्रा देखने के लिए लोग घंटों कतार में खड़े नज आए।

**दो बजे से मेन रोड में गाड़ियों की आवाजाही पर रोक :** सरहुल शोभायात्रा के मद्देनजर दोपहर 2 बजे से ही मेन रोड पर गाड़ियों की आवाजाही को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गयी थी। सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गयी थी। निगरानी करने लिए एडीएम लॉ एंड आर्डर, सिटी एसपी, डीएसपी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी नजर आए।







### राजनेता भी दिखे

सरहुल पर्व के मौके पर व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी। इस त्योहार पर रांची केंद्रीय सरना समिति के मंच पर रांची विधायक सीपी सिंह, सुबोधकांत सहाय, जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य सहित कई नेता मौजूद थे। प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर महिला-पुरुष समेत बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान एसएसपी आवास चौक, कचहरी चौक से कचहरी चौक जानेवाले मार्गों से सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहा।

## परंपरागत ढंग से की गयी सरहुल पूजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मोरहाबादी स्थित हातमा सरना स्थल सहित शहर के अन्य सरना स्थलों में परंपरागत रीति-रिवाज से सरहुल की पूजा संपन्न हुई। मुख्य पहान जगलाल ने हातमा सरना स्थल में विधि-विधान के साथ सरहुल की पूजा की। मुख्य पहन ने बताया कि सरहुल पूजा में पांच मुर्गे की बलि दी गई। सृष्टि करता सिहबोंगा के लिए सफेद मुर्गा, देवता के लिए माला मुर्गा, ग्राम देवता के के लिए लाल मुर्गा, पूर्वजों के लिए लूपुंग मुर्गा और बुरी आत्मा से मुक्ति लिए काला मुगां की बलि दी गई। दोपहर में सरना स्थलों से आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत कई समाजिक संगठनों ने किया। पूरा अलबर्ट चौक सरना झंडा से पटा हुआ था।

**इन संगठनों ने किया शोभा यात्रा का स्वागत :** आदिवासी जन परिषद,बंगाली चैरिटेबल ट्रस्ट, अग्रवाल सभा, चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, श्री महावीर मंडल, आदिवासी छात्र संघ, बिरसा यूथ ऑर्गेनाइजेशन सहित अन्य संगठनों ने शोभा यात्रा में शामिल सभी को गुड,चना और पानी देकर स्वागत किया।

### झारखंउ में मॉनसून सामान्य रहेगा : पाहन

पूजा संपन्न होने के बाद मुख्य पाहन जगलाल ने बीती शाम घड़े में रखे पानी की दिशा देखकर भविश्यवाणी की कि झारखंड में मॉनसून सामान्य रहेगा। झारखंड के हर क्षेत्र में अच्छी बारिश होगी। किसानों को खेती में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरहुल पूजा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय और राज्यसभा सांसद महुआ मांझी शामिल हुए।

### बड़ा तालाब महावीर मंडल ने स्वागत शिविर लगाया

**रांची।** गुरुवार को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में शिविर लगाकर सरहुल मोहत्सव के उपलक्ष्य में निकली गयी शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल सभी क्षेत्र के सरना धर्म गुरु को श्री महावीर मंडल के राहुल सिन्हा चंकी एवं लंकेश सिंह के द्वारा माला और गमछा पहना कर स्वागत किया गया। ऐतिहासिक शोभायात्रा को सफल बनाने में सरना समिति और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। सरहुल शोभायात्रा के स्वागत करने वालो में रमेश केडिय, राम अनुज सिंह, गोपाल पारीक, लंकेश सिंह, बंटी सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, राजीव सिंह छोटू सहित दर्जनों शामिल थे।

### सरहुल के अवसर पर स्वागत शिविर लगाया गया

रांची। श्री महावीर मंडल रांची महानगर की ओर से अल्बर्टा एक्का चौक के समीप स्वागत शिविर लगाया गया। शोभायात्रा में सम्मिलित महिला पुरुषों को अंग वस्त्र पहनाकर, अबीर गुलाल लगाकर, पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। साथ ही जुलूस में सम्मिलित सभी लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम में श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी महामंत्री मुनचुन राय, संयोजक डॉ दिलीप सोनी सह संयोजक श्यामानंद पांडे, उपाध्यक्ष राजेश्वर राजन, शंभू प्रसाद, ललित चौधरी, दिलीप सोनकर, अमरनाथ सरकार, उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रोहित शारदा, कोषाध्यक्ष महेश सोनी, मीडिया प्रभारी बादल सिंह, पिंटू दुबे, रोहित पांडे, राहुल सिन्हा चंकी, गीता बर्मन आदि शामिल थे।

## सखुआ का पेड़ सिर्फ प्रतीक ही नहीं बल्कि अमूल्य स्त्रोत भी: कल्पना



**रांची।** कल्पना सोरेन ने ट्वीट कर राज्यवासियों को सरहुल की शुभकामनाएं दी हैं। ट्वीट कर लिखा है कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। सखुआ का पेड़ केवल एक प्राचीन प्रतीक ही नहीं है। इसके पत्ते, फूल और लकड़ी हमारे खाद्य, औषधीय और जीवन-उपयोगी सामग्री के अमूल्य स्रोत भी हैं। सरहुल का पर्व मनाकर, हम प्रकृति की रक्षा के प्रति एक बार फिर अपनी जिम्मेदारी को दोहराते हैं। मैं पूरे देश को सरहुल के पावन पर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती हूं। आइए, हम कृतज्ञता, एकजुटता और समृद्ध पारंपरिक संस्कृति के साथ प्रकृति का यह पावन पर्व मनाएं। कल्पना ने लिखा है कि जैसे ही सखुआ के पेड़ों पर फूल खिलने लगते हैं, हमें एक बार फिर प्रकृति के अमूल्य उपहारों का आभार व्यक्त करने का अवसर मिलता है। उन्होंने लिखा है कि पीढ़ियों से, सरहुल हमारे लिए, जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने वाले हमारे पूर्वजों को याद करने का पावन पर्व भी रहा है। इस दिन हम पूजा करने के साथ-साथ सुंदर फूलों से आच्छादित सखुआ के पेड़ के नीचे एकत्रित होकर भोज करते हैं। हर्षोल्लास से नाचते-झूमते हैं और सभी की खुशहाली की कामना करते हैं।

### विद्यापति स्मारक समिति ने सरहुल सेवा शिविर लगाया



**रांची।** सरहुल के अवसर पर विद्यापति स्मारक समिति के तत्वावधान में कचहरी चौक पर सरहुल सेवा शिविर लगाया गया। सरहुल शोभायात्रा में शामिल लोगों को सम्मानित किया गया। लोगों में शरबत एवं चना का वितरण किया गया। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रकृति के पर्व सरहुल की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर विद्यापति स्मारक समिति ने पूरे झारखंड वासियों को सरहुल की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने कहा कि आज का पवित्र दिन कई मायनों में महत्वपूर्ण दिन है। संयोग से आज के दिन ही सरहुल, ईद एवं नवरात्रि का त्यौहार पूरे देश में एक साथ मनाया जा रहा है।

## प्रकृति के बिना मानवका अस्तित्व नहीं : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रकृति के महापर्व सरहुल के अवसर पर गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में सरहुल महोत्सव का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं महुआ माजी शामिल हुईं। इस दौरान राज्यपाल व अर्जुन मुंडा ने मांदर बजाया और सरहुल के गीतों पर दोनों के पांब खुब थिरके। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि मानव एवं प्रकृति का अन्योन्याश्रय संबंध है। सरहुल का वास्तविक अर्थ वृक्षों एवं प्रकृति की पूजा करना है। इस पर्व में यह संदेश निहित है कि प्रकृति के बिना मानवजाति का अस्तित्व नहीं है। सरहुल हमारे राज्य के अहम त्योहारों में से एक है, जिसे देश के अन्य हिस्सों में भी बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व जनजाति समुदाय तक ही सीमित नहीं है। इसे सभी समुदाय के लोग पूरी उमंग के साथ मनाते हैं।

**झारखंड में प्रकृति पर्व सरहुल एक अलौकिक दिन है**

राज्यपाल ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने एक ऐसे जीवन की शुरूआत की थी, जिसमें हमने जल, जंगल और जमीन की पूजा करते हैं। हमें अपने पेड़ों को जंगलों को बचाने की जरूरत है और सरहुल जैसा पर्व इसी का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि विश्व के किसी भी देश में ऐसा नहीं होता है। झारखंड में प्रकृति पर्व सरहुल एक अलौकिक दिन है, जिसे राज्य का हर नागरिक सरहुल मनाते हैं। राज्यपाल ने मुस्लिम धर्मावलंबियों को भी ईद की मुबारकबाद दी।



**गीत के धुन से झूम उठा जनजातीय विभाग**

जनजातीय विभाग के विद्यार्थियों ने लोक नृत्य व गीत की प्रस्तुति दी। गीत के धुन से जनजातीय विभाग झूम उठा। ऋतु बसंत आवेला , पहाड़ पर्वत हरियाय गेल, फुल फुलें सरई के, चल जाबई पुजे सरहुल जैसे गीतों पर न सिर्फ विद्यार्थी, बल्कि आम दर्शक भी झूमते रहे। मौके पर मंच का संचालन किशोर सुरेन ने किया। में सरहुल महोत्सव के दौरान कुडुख विभाग, कुरमाली विभाग, खोरठा विभाग, खड़िया विभाग, पांच परागिनी विभाग, संथाली विभाग, नागपुरी विभाग एवं मुंदरी विभाग ने नृत्य की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में रांची विवि के वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने भी अपने विचार रखे।

### परंपरा आदिकाल से चली आ रही है : अर्जुन मुंडा

वहीं, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह उत्सव समरसता, सब के अस्तित्व के महत्व को समझाने का अवसर देता है। विशेषकर साल (सखुआ) के पेड़ में नए पत्ते और फूल आते हैं। यह परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। पूजा-पाठ के बाद नृत्य-गीत का जो आयोजन होता है। उससे यह साबित होता है कि लोगों के अंदर खुशी और उमंग को किस तरह बांटें। वहीं अर्जुन मुंडा ने ईद की भी मुबारकबाद दी।

## खबर एक नजर में

### सरहुल सुख समृद्धि का त्यौहार : संजय सेठ



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने गुरूवार को रांची के विभिन्न इलाकों में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुये एवं सरना स्थल में पूजा अर्चना कर लोगों को सरहुल की शुभकामनायें दी। सांसद श्री सेठ ने कहा सरहुल प्राकृतिक के प्रति अनोखा प्रेम का पर्व है सरहुल आदिवासी भैया बहन इस पारंपरिक सौहार्द हर्षो उल्लास और सुख समृद्धि के लिए मनाते हैं । उन्होंने कहा जो समाज अपनी रीति रिवाज खान पान को भूल गया वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता। हमें अपने आने वाले पीढ़ी को भी अपने पर्व और त्योहार में शामिल कर पर्व की महत्ता को बताने की जरूरत है। उन्होंने प्राकृतिक पर्व सरहुल पर रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी आदिवासी भाई बहनों को सरहुल की ढेर सारी शुभकामनायें दी।

### सरहुल से प्रकृति के संरक्षण संवर्धन का मिलता है संदेश : आदित्य विक्रम



**रांची।** सरहुल पर्व के अवसर पर कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जयसवाल ने गुरुवार को लाल सिरमटोली सरहुल पुजा समिति एवं मुंडा बस्ती,लोहरा कोच्चा, गोसाई टोली, डोडिया टोली,मकचुंद टोली सरहुल पूजा समिति के कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां समिति के सदस्यों ने आदित्य जयसवाल को सरई फुल लगाकर एवं अंग्वस्त्र से सम्मानित किया।

### कांग्रेसी नेताओं ने डोरंडा में स्वागत शिविर से किया सरहुल शोभा यात्रा का स्वागत



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे और विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की ओर से छप्पन सेट चौक डोरंडा में स्वागत शिविर लगाकर सरहुल शोभा यात्रा जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। घाघरा, गोसाई टोली, नामकुम, सदाबहार चौक,कुसाई बस्ती से पारंपरिक रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना करने के उपरांत संध्या में सामूहिक नृत्य करते हुए आदिवासी समाज द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। लाल पाड़ व सफेद रंग की पत्तेदार साड़ियां पहनी महिलाएं जबकि धोती और गंजी पहने पुरुषों की टोली ने मंदार की थाप पर नाचते गाते विशाल शोभा यात्रा जुलूस निकाला,छप्पन सेट चौक पर आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने आम जनों के साथ मिलकर शोभा यात्रा में सम्मिलित आदिवासी भाई बहनों का स्वागत किया, चना गुड़ और शरबत पेश किया, अबीर-गुलाल लगाये एवं सरना अंग वस्त्र तथा पुष्प माला भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात शोभा यात्रा तुलसी चौक अंबेडकर चौक, राजेंद्र चौँक होते हुए मेन रोड मुख्य शोभायात्रा में शामिल हो गए। इस मौके पर आलोक कुमार दूबे ने शोभा यात्रा जुलूस में शामिल स्थानीय पार्षद कुमारी मार्ग्रेट, संजय मिंज, बबलू कुजूर, सुनील फकीरा कच्छप, लक्ष्मण कश्यप समेत कई गणमान्य और सरहुल पूजा समिति से जुड़े पदाधिकारिओं का स्वागत किया। मौके पर कपिलदेव कपिल देव सिंह, गोपी दूबे,महेन्द्र प्रसाद, अभिषेक कुमार,सुबोध कुमार, विशेष्वर दयाल ने सरहुल शोभायात्रा का स्वागत किया।

## पांच दिवसीय श्रीसत्यदेव धाम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को ले कलश यात्रा

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू , 1101 महिलाओं ने उठाया कलश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पांच दिवसीय श्री सत्यदेव धाम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर गुरूवार को वृंदावन कॉलोनी चिरौंदी स्थित मंदिर परिसर से धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। 1101 महिलाए कलश यात्रा में शामिल हुई महिलाओं ने कलश सिर पर लेकर चल रही थीं।। यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए बोड़ीया नदी तट पर पहुंची। नदी तट पर आचार्य के द्वारा मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना व जलभरण किया गया। इसके बाद जल लेकर सभी मंदिर परिसर पहुंचे। जहां आचार्यो ने कलश स्थापित कर आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया। प्राण प्रतिष्ठा में जजमान के रूप मे बैद्यनाथ कुमार, जिज्ञासा राय ,अजय पांडे, निशि पांडे, अभिषेक त्रिपाठी ,अवंतीका देवी,अमर वेद,रितिका पाठक,किरण सोनी और मनोज सोनी उपस्थित रहेंगे। कलश यात्रा में रमेश सिंह ,आनंद सिंह,सदानंद गुप्ता, अमित गुप्ता, धनेश सिंह, संतोष सिंह, प्रेम पांडे, जेपी पांडे, सतीश पांडे सहित अन्य लोग शामिल थे।




# धूमधाम से मनी ईद, एक-दूसरे को दी मुबारकबाद

## रांची में लहराये गये फिलीस्तीन के झंडे, पुलिस कर रही जांच





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रमजान के 30 रोजे के बाद लोगों ने बुधवार को चांद का दीदार किया, जिसके बाद गुरुवार को देशभर में मुस्लिम समुदाय के लोग धूमधाम से ईद मनाया। बच्चे हों या बुजुर्ग सभी ने नए कपड़े पहनकर अपने नजदीकी ईदगाह या मस्जिदों में पूर्व निर्धारित समय पर सामूहिक रूप से ईद की नमाज अता की। हरमू ईदगाह में नमाज के दौरान कुछ लोग फिलिस्तीनी झंडे के साथ इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर फिलिस्तीन का समर्थन करते भी दिखे और शांति की अपील की। ये युवक हरमू बाई-पास रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास फिलीस्तीन का झंडा हाथों में लेकर खड़े दिखे। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस इसकी जांच कर रही है। सुखदेव नगर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खगला जा रहा है। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



इस्लाम धर्म के अनुयायियों के सबसे बड़े त्योहार ईद को लेकर रांची में काफी उत्साह देखने को मिला। ऐसे कई लोग हैं जो अपने परिवार के साथ ईद मनाने के लिए दूसरे राज्यों या शहरों से रांची पहुंचे हैं। ईद के दिन आमतौर पर सभी ने सेवइयां खायी। साथ ही स्वादिष्ट खप्ती मीठी चाट, शामी कबाब, मटन चॉप, मोती पुलाव समेत कई खास व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

**अल्लाह से की गई सबकी खुशहाली की दुआ**

ईद के मौके पर इमारत-ए-शरिया के काजी मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने अपने संदेश में कहा कि ईद की खुशियों में अपने आस-पड़ोस के उन लोगों को भी शामिल करें जो किसी न किसी तरह से कमजोर हैं, उनकी मदद से नेकी मिलती है। वहीं मुफ्ती मो. कमर आलम कासमी ने कहा कि ईद-उल- फितर अल्लाह का शुक्र, दुनिया मे एकता और विश्वास का त्योहार है। वहीं हरमू ईदगाह के काजी ने कहा कि ईद पर उनका उनका पैगाम अमन चैन का है।

### नमाज के दौरान दिखे सुबोधकांत और महुआ माजी



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आचार संहिता लागू होने के कारण रांची में कहीं भी नेताओं की तस्वीर वाले और ईद की बधाई वाले पोस्टर-बैनर नजर नहीं आए। नेता भी आचार संहिता का पालन करते दिखे। हरमू ईदगाह स्थल पर ईद की विशेष नमाज के दौरान पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय और जेएमएम की राज्यसभा सांसद महुआ माजी नजर आईं।

महुआ माजी ने राज्य और देशवासियों को ईद और सरहुल की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश और समाज में हमेशा खुशहाली बनी रहे। सुबोधकांत सहाय ने इस महीने को इबादत का महीना बताते हुए कहा कि आज ईद है, सरहुल है, चैत्य नवरात्र है, यही हमारी खूबसूरती है। मेरी इच्छा है कि सभी लोग प्रेम और भाईचारे से रहें और देश का विकास हो।

### रांची जिला प्रशासन कई आपराधियों को जिला बदर करने की तैयारी शुरू की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त करीब 24 से अधिक आपराधियों को जिला बदर करने की तैयारी रांची जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। इस संबंध में रांची एसएसपी ने रांची डीसी को दागी व्यक्तियों की सूची उपलब्ध करा दी है। जिसके आधार पर डीसी ने अपने कोर्ट में कार्रवाई शुरू कर अपराधियों को जिला बदर करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। इसके अलावा रांची एसएसपी ने जिला बदर के साथ-साथ कुछ अपराधियों के थाना हाजिरी का भी प्रस्ताव रांची डीसी को भेजा है। जिला प्रशासन इन अपराधियों को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का मौका दिया है। अगर जिला प्रशासन उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ तो जिला बदर और थाना हाजिरी की कार्रवाई की जायेगी। इस बार जिला बदर के लिए प्रस्तावित नामों में एक महिला का भी नाम शमिल है, जो जमीन पर कब्जा करने वाली गैंग चलाने के लिए कुख्यात है। पिछले वर्ष भी रांची जिला प्रशासन ने करीब 170 से ज्यादा आपराधिक प्रवृति के लोगों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए थाना हाजिरी, जिला बदर और सीसीए की कार्रवाई की थी।

> जिला बदर होनेवाले आपरधियों में बिप्तू मिश्रा, संदीप थापा, अली खान, सीमा तिर्की, विक्की जायसवाल समेत कई का नाम है

**22 अपराधियों को किया जाएगा जिला बदर**

रांची जिला प्रशासन जिन 22 अपराधियों को जिला बदर करने की तैयारी में है, उसमें बिप्तू मिश्रा, संदीप थाना, अली खान (डोरंडा), विक्की जायसवाल उर्फ ऋषि रंजन, सीमा तिर्की, सरफराज उर्फ भोलू, संदीप बागे, आनंद राय, सजल कुमार महतो, मजीद अंसारी, अली खान (चान्हो), मनु कुरैशी, खैरुद्दीन अंसारी, मिथिलेश महतो, चिंटू बड़ाइक, अफसरी अंसारी, मुन्ना उरांव, पप्पू गद्दी, अली हुसैन, परवेज आलम, राकेश सिंह उर्फ डिंपू सिंह और तस्लीम खान शामिल है। वहीं तीन अपराधियों के खिलाफ थाना हाजिरी का प्रस्ताव रांची एसएसपी ने रांची डीसी को भेजा है। इसमें सूरज करमाली, छोटू रजक और सैयद सरताज शाह का नाम शामिल है।

### इंद्रा बनीं आल मीडिया काउंसिल की झारखंड व बिहार प्रदेश अध्यक्ष



**रांची।** आल मीडिया काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आल मीडिया काउंसिल फाउंडेशन के डायरेक्टर कमारी हिन्दी दैनिक अखबार तथा मैग्जीन के संपादक ज्ञानेन्द्र विश्वकर्मा के आदेशानुसार श्रीमती इंद्रा कुमारी को आल मीडिया काउंसिल का झारखंड/ बिहार प्रदेश अध्यक्ष (महिला विंग) बनाया गया है। श्रीमती कुमारी आल मीडिया काउंसिल की महिला विंग की टीम को झारखंड प्रदेश/ बिहार प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगी। बताते चलें कि इंद्रा कुमारी सक्रिय समाजसेविका हैं और सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहती हैं। यही कारण है कि इससे पहले भी उन्हें दलित सेना की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और पशु क्रूरता रोकथाम संगठन की राष्ट्रीय संयोजक (झारखंड-बिहार) की जवाबदेही सौंपी जा चुकी है, जिसे वह बेहतर तरीके से निभा रही हैं।

### मैरी हैलो किड्स स्कूल में सरहुल एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। कांके ब्लॉक स्थित मैरी हैलो किड्स स्कूल में बुधवार को सरहुल एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा फ्री नर्सरी से लेकर कक्षा 4 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। मौके पर बच्चों ने एक दूसरे को सेवइयां खिलाई तथा उपहार भी दिए बच्चे पारंपरिक कपड़े पहन काफी प्यारी लग रहे थे। स्कूल की प्रिंसिपल बिमला सिन्हा ने सभी बच्चों, अभिभावकों ,शिक्षकों तथा कर्मचारियों को ईद एवं सरहुल की बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में धार्मिक सौहार्द एवं एकजुटता का विकास होता है।

स्कूल के डायरेक्टर सुनील सिन्हा ने भी बच्चों को बधाई दी और कहा कि ईद एक भाईचारे का त्यौहार है, यह त्यौहार हमें एक होना सिखाता है हम एक होके रहेंगे तभी देश आगे बढ़ेगा। मौके पर स्कूल के कर्मचारी, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सेवा शिविर का आयोजन

**रांची।** नजातीय सुरक्षा मंच, झारखंड के द्वारा प्रकृति के पूजन के महापर्व सरहुल के पावन अवसर पर रांची विश्वविद्यालय, गेट के पास स्वागत सह सांस्कृतिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें जनजाति सुरक्षा मंच के मुख्य पाहन विमल पाहन के द्वारा सभी युवा-युवतीयों माताओं, बहनों, भाइयों को शखुआ फुल खोंशकर, अबीर गुलाल एवं पूजीत सिंदूर का तिलक लगाया गया। शोभा यात्रा में विभिन्न टोलियों, मुहल्लों और गांवों के सभी पाहनों का मेघा उरांव ने चरण धोकर आशीर्वाद प्राप्त किया। चना, गुड़, शरबत और पानी का वितरण किया गया। शोभा यात्रा में सरहुल के अवसर पर के राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने पहुंची और सम्बोधित करते हुए लोगों को प्रकृति के प्रति लगाव का बखान करते हुए कहा कि हम जीवन के हर पग पर प्रकृति से जुड़े रहते हैं। पर्व त्यौहार, रीति-रिवाज, हर संस्कार में प्रकृति की आवश्यकता होती है। आज जरूरत है इसके संरक्षण और संवर्धन की। हम सब पर धरती माता, सरना माता, महादेव और सभी का आशीर्वाद सदैव बना रहे। सभी एकजुट होकर, मिलकर रहें, पूरे शांति और सौहार्द से त्योहार मनाएं।

## खबर एक नजर में

### एटीएस के गिरफ्त में आया राहुल दुबे, अमन साहू की अकूत दौलत का खोलेगा राज

**रांची।** झारखंड एटीएस ने अमन साहू के राईट हैंड माने जानेवाले राहुल दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ऋषभ कुमार झा के निर्देश पर गठित टीम कई दिनों से राहुल दुबे की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इसी क्रम में राहुल दुबे को एटीएस की टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। एटीएस राहुल दुबे को रिमांड पर लेकर पूछताछ भी करेगा। राहुल दुबे अमन साहू का फाइनेंस देखता है। एटीएस अब राहुल दुबे से अमन साहू और उसके परिवार की संपत्ति का पता लगायेगा। पलामू जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के पैसे का निवेश बालू, ईंट भळा, कोयला व जमीन के धंधे में किया जाता है। हाल ही में रांची पुलिस के हत्थे चढ़े साहू गिरोह के गुर्गे ने इसका खुलासा किया था। गुर्गे ने पुलिस को बताया है कि फरवरी के पहले सप्ताह में ओरमांझी स्थित भारतमाला प्रोजेक्ट रोड पर जाकर वहां काम कर रहे मजदूरों पर छह राउंड फायरिंग की घटना को अंजाम देने में प्रमोद सिंह, राजा अंसारी, राहुल दुबे और जगत साहू उर्फ लक्खी शामिल था। अमन साहू का गिरोह पलामू, चतरा, लोहरदगा, हजारीबाग, रांची, खूंटी, चाईबासा, सरायकेला, गिरिडीह व धनबाद में सक्रिय है।

**दो वर्ष पहले रांची से पकड़ा गया था राहुल दुबे :** अपराधी अमन साहू के करीबी राहुल दुबे को चतरा पुलिस ने अक्टूबर 2021 में रांची से गिरफ्तार किया था। रामगढ़ के कुजू निवासी राहुल दुबे को सदर थाना क्षेत्र स्थित बूटी मोड़ से गिरफ्तार किया गया था। 28 दिसंबर 2019 को अमन साहू और सुजीत सिन्हा गिरोह ने टंडवा थाना क्षेत्र स्थित शिवपुर रेलवे साइडिंग में मां अंबे कंपनी के दो कर्मचारी को गोली मारी थी।

### श्री महावीर मंडल डोरंड का महाआरती आज

रांची। श्री महावीर मंडल डोरंडा की ओर से हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में 12 अप्रैल संध्या पांच बजे से महा आरती का आयोजन किया गया है। मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार व मंत्री पप्पू वर्मा ने बताया कि झंडा चौक डोरंडा पांच से भजन संध्या 7 बजे आरती 7. 30 बजे से गंगा आरती का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि आरती में 501 महिलाओं द्वारा आरती की जायेगी। श्री महावीर मंडल डोरंडा की ओर से सम्मान समारोह भी आयोजित की गई है। इसमें डोरंडा के सभी अखाड़े धारी के अध्यक्ष मंत्री सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोग समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया है।

### झारखंड में हर प्रकार का नेतृत्व महिला शक्ति के हाथों में होगा : डॉ एससी दुबे

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने कहा कि आने वाले समय में झारखंड देश के अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। इस प्रांत का सामाजिकए आर्थिकए अकादमिकए राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व महिला शक्ति के हाथों में होगा। डॉ दुबे गुरूवार को बीएयू में आयोजित सरहुल महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब राज्य में शिक्षक, डॉक्टर, नर्स, रेस्टोरेंट कर्मी, होटल के रिसेप्शनिस्ट, सब्जी विक्रेता आदि के रूप में ज्यादा महिलाएं ही दिख रही हैं। जो राज्य के उज्जवल भविष्य का संकेत है। हॉकी, तीरंदाजी आदि खेलों में भी झारखंड की लड़कियां देश का प्रतिनिधित्व और नेतृत्व करती रही हैं। बीएयू सहित राज्य के तकनीकी संस्थानों में लड़कियों का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। सरहुल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शोभा यात्रा में भी भाग लेने वाले विद्यार्थियों में 80. 90ः छात्राएं ही रहीं। महिलाओं के शिक्षितए समर्थ और जागृत होने से समाज ज्यादा सुद्दढ़ होता है।

कुलपति ने कहा कि सरहुल सहित भारत की धार्मिक परंपराएं विज्ञान से जुड़ी हुई हैंए इसलिए पर्व .त्योहारों के वैज्ञानिक पक्ष पर चिंतन होना चाहिये। आरएसी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ जगरनाथ उरांव, कृषि संकाय के डीन डॉ धीरेन्द्र कुमार शाही, पशुचिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद, निदेशक छात्र कल्याण डॉ बिनय कुमार अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे।

### गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**रांची।** रांची में गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गणगौर महोत्सव राजस्थानी समाज में बहुत ही बड़े स्तर पर मनाया जाता है या पूजा होली के दूसरे दिन से शुरू होकर 16 दिनों तक लगातार पूजन होने के बाद गुरूवार को सभी विसर्जित किया गया। इस पूजन का विशेष महत्व नव विवाहित जोड़ों के लिये होता है। भगवान शिव एवं माता पार्वती सोलह सिंगार घर परिवार सखी सहेली के साथ गणगौर की पूजा गीत और बनोरा के साथ अपनी पारंपरिक रीति रिवाज निभाते हैं। होलिका दहन के प›ात वहां से लाई गई राख से पिंडी बनाकर 8 दिनों तक उसकी पूजा होती है।

### राज्यपाल से मिला असर की टीम, दिया वार्षिक प्रतिवेदन



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन अंतर्गत असर का शिष्टमंडल राजभवन में मिला। राज्यपाल से मिलकर असर के सदस्यों ने उन्हें संस्था की गतिविधियों से अवगत कराते हुए वार्षिक प्रतिवेदन समर्पित किया।

## डीएसपीएमयू के आखड़ा में आयोजित सरहुल महोत्सव में दिखा गीत और नृत्य का अनोखा संगम

# झारखंडी संस्कृति में सरहुल को महापर्व के रूप में मनाया जाता है : डॉ शांडिल्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) आखड़ा में गुरुवार को सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध साहित्यकार महादेव टोप्पो ने अपने साहित्यिक रचना के द्वारा झारखंड की कला एवं संस्कृति को आगे ले जाने के लिए बधाई दी। साथ ही देश-विदेश में झारखंडी कला को फैलाने के लिए पद्मश्री मुकुंद नायक की प्रशंसा किया। कार्यक्रम की शुरूआत पाहान प्रो. महेश पाहन एवं डॉ. जुरन सिंह मानकी के नेतृत्व में पूरी विधि-विधान एवं स्वागत नृत्य के साथ घड़ा में पानी लाकर आखड़ा स्थित पूजा स्थल में स्थापित करके किया। इसमें पाहन एवं आखड़ा में उपस्थित सभी सम्मानित अतिथि एवं विभिन्न विभाग के छात्र-छात्राएं खड़े प्रकृति के संरक्षक आराध्यदेव धर्मेश की आराधना एवं प्रार्थना किये। संमानित अतिथियों का स्वागत भाषण जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के कोर्डिनेटर डॉ. विनोद कुमार ने करते हुए कहा कि सरहुल झारखंडी समाज में सामाजिक, धार्मिक समरसता का प्रतीक है। स्वागत गीत के रूप में कुडुख एवं नागपुरी विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जिंदर सिंह मुंडा ने अपने संबोधन में आदिवासी संस्कृति को वर्तमान में विश्व को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। लोक कलाकार एवं पद्मश्री मधु मंसुरी ने अपने गीतों के माध्यम से झारखंड की धरती पर औधोगिक महामारी को रेखांकित करते हुए हमें अगाह किया कि ऐसे ही यदि औद्योगिक कल कारखाना दिन के दिन लगता रहेगा तो हमारे सांस्कृतिक जीवन शैली कैसे जीवित रहेगा? इस दिशा में झारखंड के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यही विभाग झारखंड की भाषा एवं संस्कृति के संरक्षक है। यहां के पूर्व कुलपति डॉ. सत्यनारायण सिंह मुंडा ने सरहुल हजारों साल सभी जाति एवं धर्म के लोग मनाने की बात कहते हुए कहा कि इन प्राकृतिक संरक्षक पर्व-त्योहार को विभिन्न पत्र-पत्रिका, साहित्य एवं पढ़ाई लिखाई के माध्यम से लाने को कहा ताकि प्रकृति संरक्षण में महत्वपूर्ण मददगार हो सके। पद्मश्री मुकुंद नायक ने अपने गीतों के माध्यम से झारखंडी संस्कृति को विश्व के श्रेष्टम संस्कृति होने की बात कही। झारखंड ओपेन यूनिवसिटी के कुलपति



डॉ. त्रिवेणी नाथ साहू ने सरहुल को प्रकृति और संस्कृति के बीच आत्मीय संबंध होने की बात कहते हुए हमारे पूर्वजों ने प्राकृतिक तत्वों पर देवत्व स्थापित कर पूजने की परंपरा बनाया और यह पर्व हमारे जीवन का श्रृंगार स्वरूप हम सब सुशोभित कर रहा है। दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आभा झा ने यहां के नृत्य संगीत, प्रकृतिक पूजक के अंदर कई महत्वपूर्ण दर्शन को उल्लेख करते हुए हमें आदिवासी जीवन दर्शन को समझने, परखने एवं भावी पीढ़ी को हस्थांतरिक करने की बात कही। वहीं, अध्यक्षीय भाषण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने झारखंडी संस्कृति में सरहुल को महापर्व के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व झारखंड के साथ छत्तीसगढ़, उड़िसा में भी धूमधाम से मनाया जाता है। इन्होंने सरहुल को पर्यावरण संरक्षण के दृष्टि से पूरे विश्व को संदेश देने की बात कही। कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए हो विभाग के प्राध्यापक डॉ. जय किशोर मंगल एवं संताली के डॉ. डुमनी माई मूर्मू ने कहा कि अगर पर्यावरण एवं प्रकृति को बचाना है कि हमें झारखंडी एवं आदिवासी संस्कृति को अपनाने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन नागपुरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. मनोज कच्छप ने किया। इस अवसर पर बीच - बीच में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के विभिन्न विभाग - कुडुख, नागपुरी, हो, खोरठा, संताली, कुड़मालि, मुंडारी, पंचपरगनिया एवं खड़िया के विभाग छात्र-छात्राओं द्वारा अपने भाषा में परंपरागत नृत्य-संगीत की प्रस्तुति से आखड़ा को संगीत मय बनाता रहा। इस अवसर पर कुड़मालि के विभागाध्यक्ष डॉ. पी. पी. महतो, कुडुख के विभागाध्यक्ष प्रो. रामदास उरांव, कुड़मालि के प्राध्यापक डॉ. एन. सी. महतो, खोरठा के प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार, सुशिला कुमारी, संताली के संतोष मुर्मू, कुडुख के डॉ. सिता कुमारी, सुनिता कुमारी, नागपुरी के डॉ. मनोज कच्छप, डॉ. मालति बागिशा लकड़ा, पंचपरगनिया के लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, खड़िया शांति केरकेप्ता विभाग के शोधार्थी अशोक कुमार पुराण, रूपेश कुमार कुशवाहा, सुचित कुमार राय, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार महतो, संजय आदि विभिन्न विभाग के हजारों छात्र-छात्राएं एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारी गण उपस्थित थे। पूजा उपरांत आखड़ा में उपस्थित सभी अतिथियों को प्रसाद वितरित किया गया। समारोह में मंच संचालन विभाग के शोधार्थी अशोक कुमार पुराण एवं रूपेश कुमार कुशवाहा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन पंचपरगनिया विभाग के सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीकांत प्रमाणिक ने किया।

# प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में सरहुल प्राकृतिक पूजा महापर्व महोत्सव कल्याणपुर बहेरा किचटो हफुआ आदि स्थानो पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरहुल महापर्व को लेकर कल्याणपुर मैं भव्य कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास सहित विशिष्ट अतिथि चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी पूर्व जीएम बीपी सिंह टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कस्टम के शुभारंभ में गांव के पाहन के द्वारा सरहुल सरना पूजा स्थल पर विधि विधान एवं पारंपरिक तरीके से अर्चना किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का खोड़हा नृत्य प्रस्तुत कर ग्रामीण आदिवासी महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विधायक किशुन कुमार दास ने कहा की प्रकृति की पूजा सरहुल झारखंड राज्य का प्रमुख त्यौहार है इस त्यौहार का मुख्य उद्देश्य पेड़ पौधों की संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है एवं फसलों की कटाई के पश्चात बसंत ऋतु के आगमन पर सरहुल का त्यौहार मनाया जाता है जिसमें साल वृक्ष के फूल अंकुरित होने पर मानव सरहुल का आगमन हो जाता है

इस दौरान के आयोजको के द्वारा मुख्य अतिथि को सरई फुल कोशी कर सरहुल की बधाई दी।

इस कार्यक्रम को अन्य आगंतुक अतिथियों के द्वारा भी संबोधित किया गया इधर बहेरा में पंचायत मुखिया रेखा कुमारी के नेतृत्व में और किचटो हफुआ में भी सरहुल पूजा की धूम रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनंजय कुमार सिंह, भाजपा नेता संजीव कुमार मिश्रा, फरवरी मंडल, अरुण उरांव, बालेश्वर उरांव, निर्मल उरांव, मनेश्वर भगत, फुलदेव उरांव, ललिता कुमारी, उमा कुमारी, जॉनी टाना भगत, सुनीता कुमारी, कुमारी अनुप्रिया, ईन्ना कुमारी, नुपुर लकड़ा, प्रमिला टाना भगत, अनिता भगत, स्वेता टाना भगत, सरिता कुमारी, संजय कुमार भोक्ता, धनराज भोक्ता, करण कुमार महतो, सचिन पासवान सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष एवं बच्चे मौजूद थे।

## अनगड़ा : अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गयी

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न मुस्लिम बाहुल गांवों में गुरुवार को ईद का त्यौहार शान्ति और सदभावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रखंड के महेशपूर चिलदाग हेसल मासू मंझलाटोली सालहन राजाडेरा जोन्हा इत्यादि जगहों पर मस्जिदों में बड़ी संख्यां में अकिदतमंदों ने ईदुल फित्र की नमाज अदा किए। साथ ही एक दूसरे से गला मिलकर ईद की मुबारकवाढ दिए और सेवईयां का लुत्फ उठाए इससे पूर्व सुबह से बच्चे बड़े नए रंग विरंगे कपड़े पहन कर काफी उत्साह के साथ मस्जिद की ओर कूच करते हुए देखे गए। अनगड़ा पुलिस मुख्य रूप से थाना प्रभारी दल वल के साथ तीन बजे सुबह से हीं गशत कर रहें थे।

## ईद का त्यौहार बड़े हर्षो उल्लाश के साथ मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर/चान्हो।** प्रखंड क्षेत्र में गुरूवार ईद का त्यौहार बड़े हर्षो उल्लाश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। बुधवार शाम जैसे ही चांद की खबर मिली लोग तैयारी में जुट गए सभी बच्चे बूढ़े और जवान में खुशी का ठिकाना न था। सुबह होते ही नहा धोकर नए नए कपड़े एवं खुशबू लगाकर कर अपने-अपने ईदगाह एवं मस्जिदों में चले गए जहां ईदुल फितर की नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दिए। ईदगाहों में कहीं कहीं तो बच्चों के लिए झूला एवं तरह-तरह की आइसक्रीम, छोला, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक , गुपचुप की दुकाने सजी थी, बच्चे जी भरके लुत्फ उठा रहे थे। बताया जाता यह त्योहार रोजे की समाप्ति का प्रतीक माना जाता है। ईद अल फितर उन सभी रोजेदारों के लिए अल्लाह की तरफ से इनाम है जिन्होंने रमजान के पाक महीने के दौरान रोजे रखे थे। यह रोजेदारों द्वारा रमजान के महीने के दौरान अल्लाह की इबादत करने और उनके बताए रास्ते पर चलने और उनका शुक्रिया अदा करने के लिए भी मनाई जाती है। ईद रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। यह प्रेम, करुणा और स्नेह की भावनाओं के विस्तार का त्योहार है। ईद हमें एकता और आपसी सौहार्द का संदेश देता है। यह त्योहार सद्भाव की भावना से ओत-प्रोत है और हमें एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है।

## सिकिदिरी में सरहुल कि रही धूम



**सिकिदिरी।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत के सरना स्थलों में गुरूवार को सरहूल पूजा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अनगड़ा पूर्वी के जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा व वनमाली मंडल ने कुच्चू, नवागढ़, बीसा हेसातू, हरातू, गेतलसूद आदि पंचायत के बदरी कुच्चू, हुण्डरु, नवागढ़, डीमरा, सिंगारी आदि सरना स्थलों में स्थानीय पहानों के साथ सरना मां की पूजा रंगूवा मुर्गा की बलि दी। पहानों ने गांव की सुख, शांति व समृद्धि की कामना कि है। पहानों ने इस बर्ष खेती के लिए अच्छी बारिश होने की संकेत दिये है।

## धूमधाम से निकाली गयी सरहुल शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो/मांडर।** क्षेत्र में प्रकृति पर्व सरहुल का शोभा यात्रा गुरूवार को धूम धाम के साथ निकाला गया। विभिन्न स्थानों पर पारंपरिक वेश-भूषा में विभिन्न गांव के खोड़हा नाचते गाते सरना स्थल पहुंचे। इस दौरान महिला पुरुष मांदर की थाप पर घंटो थिरकते रहे, वहीं अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को सरहुल की बधाइयां भी दी। सोंस में केंद्रीय सरना समिति चान्हो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गणेशपुर, बूचाओपा, जयपुर, पाटूक, पतरातु, लोहरदगा के रानीटोंगरी, आरा, बेतलगी, रघुनाथपुर, चटवल, बदरी, ताला, कोको आदि गांवों से पहुंचे खोडहा बाजे गाजे के साथ घंटो थिरकते रहे। आयोजकों द्वारा खोड़हा अगुवा को सम्मानित भी किया गया। मौके पर लक्ष्मण भगत, सुनील उरांव, महादेव भगत, शिव उरांव, निधिया उरांव आदि मौजूद थे। बिजुपाड़ा सरना स्थल में करकट, रानीचाचो, देशवाली, टांगर, बिजुपाड़ा आदि गांव से आए खोड़हा का मिलन हुआ। सभी गांव के खोड़हा समूह में नाचते गाते चौक पहुंचे। मौके पर मोहन उरांव, राजू उरांव, संदीप उरांव, कुलदीप उरांव, लेदा उरांव, गंदरू उरांव, मंगरू भगत सहित अन्य मौजूद थे। इससे पहले गांव के पाहन द्वारा सरना स्थल में पूजा विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र में अच्छी बारिश और सुख, समृद्धि के लिए प्रार्थना भी की गई। वहीं दूसरी ओर मांडर प्रखंड के मांडर, मुड़मा, ब्रांबे आदि स्थानों पर सरहुल की शोभायात्रा निकाली गई जहां आसपास के गांवों से कई खोड़हा शामिल हुए। मौके पर मौजूद युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने लोगों को सरहुल की बधाई दी।

## खलारी प्रखंड में नमाज के बाद मनी ईद, दी मुबारकबाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी कोयलांचल के मैक्लुस्कीगंज एवं आसपास धमधमिया, हुटाप, लपरा, कोनका, डकरा, भूतनागर, आदि क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के मदीना मश्जिद सहित अन्य मश्जिदों में पूर्व निर्धारित समय सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज अदा किया गया। लपरा कोनका स्थित मदीना मस्जिद में ईद की नमाज हाफिज अब्दुल हामिद के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। नामाजियो को हाफिज ने ईद-उल-फितर की अहमियत बताते हुए कहा कि ईद का त्योहार हमें आपसी भाईचारा और सौहार्द कायम रखने का संदेश देता है। पवित्र रमजान माह के तीस रोजे रखने के बाद खुदा की तरफ से रोजेदारों के लिए यह पर्व विशेष ईनाम भी है। इस दौरान मुल्क के तरक्की, अमन चैन व तमाम तरह की बिमारियों से मुल्क की हिफाजत की दुआ मांगी। नमाज अदा करने के पश्चात लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। वही मैक्लुस्कीगंज के मस्जिदों में नमाज के मौके पर मश्जिद के मोतवल्ली अजीज अंसारी, हाजी लतीफ अंसारी, हाजी मजीद अंसारी, गुलाम रसूल, यूसुफ खलिफा, आजाद अंसारी, हबीब अंसारी, जिब्राईल अंसारी, सहादत अंसारी, अफताब अंसारी, सहित समुदाय के अन्य लोग उपस्थित थे।

## अफीम के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार



**सोनाहातू।** वाहन चेकिंग के दौरान सोनाहातू पुलिस ने 2 किलोग्राम अफीम के साथ पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। सोनाहातू थाना के सामने वाहन चेकिंग के दौरान बिना नम्बर के अपाची बाइक में पति-पत्नी जा रहे थे। पुलिस ने रोक कर जांच किया तो उनके पास से 2 किलोग्राम अफीम ओर 2000 रुपये बरामद किया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के गुप्त सूचना पर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार डीएसपी बुंडू रतिभान सिंह के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना नंबर के अपाची बाइक में महिला-पुरुष को आते देख रोकने को कहा गया। पुलिस को देख दोनों बाइक के साथ भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ा। जो रिश्ते में पति-पत्नी है। ये कुचाई थाना (दालभंगा ओपी) क्षेत्र के बांधडीह गांव के देवीनाथ सिंह मुंडा ओर राधिका कुमारी है।इनके पास से काले रंग का (पदार्थ) अफीम, 2000 रुपये, एक मोबाइल और बाइक को जब्त किया गया। पूछताछ में बताया कि आसपास के ग्रामीणों से अफीम खरीद कर एक तस्कर को बेचने जा रहे रहे थे।

पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई कर रही है। जांच अभियान में एएसआई दलगोविंद महतो, ज्योतिलता तिर्की सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## राज्यसभा सदस्य ने सरना स्थल पर टेका माथा, झुमर खेल सरहुल उत्सव मनाया

▶▶ सरहुल प्रकृति संरक्षण का देती है संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आदिवासी समिति व संगठनों द्वारा गुरूवार को सरना स्थल व अखरा में सरहुल पूजा कर झुमर नृत्य कर उत्सव मनाया गया। युवा आदिवासी सरना समिति ओरमांझी गांगुटोला सरना स्थल में पूजा किया गया। ढोल नगाड़े की थाप पर झुमर किया गया। पहान राजा को कांधे में उठा कर पूजा स्थल ले गए। बाद में बाजे-गाजे के साथ सरहुल जुलूस निकाला गया। इस दौरान युवा व युतियों के साथ सभी लोग झुमर नृत्य कर रहे थें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने सरना स्थल पर माथा टेका और महोत्सव में शामिल हो लोगों के साथ झुमर नृत्य किया। इसके अलावे आनंदी में सरहुल पर्व के अवसर पर आयोजित नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया, कहा प्रकृति पर्व सरहुल हमें प्रकृति को संरक्षित करने का संदेष देती है। धरती के चारों ओर हरियाली छायी है। पेड़ पौधों में लगे नये पते, फल-फुल नये वर्ष का आगमन व सरहुल के आलिंगन कर रही है। वहीं मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ सभी राज्य वासियों को सरहुल की बधाई दी और कहा सनातन व सनातन धर्म संस्कृति में ही प्रकृति पूजा का महत्व है। उन्होने कहा जिस प्रकार सरहुल प्रकृति पूजा है। उसी प्रकार सनात धर्म में पेड़-पौधों के साथ पषु पक्षियों व नदियों की पूजा होती है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य सरिता देवी, योग्रेंद्र मुंडा, भीम मुंडा, उतम करमाली, षिवनारायण साहू, सत्यनारायण तिवारी, दुगार्षंकर साहू, श्यामकिषोर महतो, अजय सिंह, मानकी राजेंद्र शाही, नंदकिषोर मुंडा, मुखिया पार्ववती देवी, दीपक बड़ाईक, चंद्रबाबु मुंडा, बनवारीलाल साहू, सत्यमाराज कुषवाहा, दिलप मेहता, अनुप महतो, शषि मिश्रा, रंजन करमाली, दुर्गाचरण साहू, रामकुमार महतो, दीनदयाल लाहरा, उमाषंकर साहू, नितिष साहू उर्फ छोटु, पारस मुंडा, संतोष कुषवाहा, मुकेष पांडेय, नरेष महतो, पंचायत प्रतिनिधि सहित कई लोग उपस्थित थें।

## बेड़ो में ईद शांतिपूर्ण मनाया गया



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को मुस्लिम भाईयों ने ईद उल फितर ईद का त्यौहार शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में भाईचारगी के साथ मनाया। इस दौरान केशा, चचकोपी, करांजी, तुको, नरकोपी, महरू, घाघरा, हांठू, बिल्टी, केनाभिठा व कादोजोरा गांव स्थित ईदगाहों व मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। वहीं नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया। मीठी सेवईयां भी बांटी गयी।ईद को लेकर ईदगाह व मस्जिद सहित अन्य स्थलों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।वहीं सड़कों पर नरकोपी व बेड़ो पुलिस की गश्ती जारी रही।

## अनगड़ा में सरहूल का जुलूस निकाला गया

**अनगड़ा।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों में प्राकृतिक पर्व सरहूल पूरे उत्साहपूर्ण वावरण में संपन्न हुआ। इस मौके पर विभिन्न सरना स्थलों पर पहान के द्वारा सरना मां की पूजा अचर्ना करने के बाद सारहूल शोभा यात्रा निकाला गया सरना समिति महेशपुर सरना समिति सिरका सर ना समिति जानूम सरना प्रार्थना सभा राजाडेरा सरना समिति अनगड़ा की ओर से भव्य सारहूल जुलुस निकाला गया जुलूस खोपी सरना से मांदर की थाप पर और डीजे की धून पर नाचते थिरकते हुए प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा पार्क पहूंचा। जहां शहीद बिरसा मुन्डा की प्रतिमा पर माल्यपर्ण उनका नमन किया गया और महिलाओं के के द्वारा लोटा में लाए गए जल चढ़ाया गया। जुलूस में विधायक राजेश कच्छप, जमल मुन्डा, मधुसूदन मुन्डा, पारसनाथ उरांव, लोकनाथ पहान, रामपोदो महतो, जगेश्वर महतो, अघनू महतो, महेश मुन्डा इत्यादि शामिल थे।

## सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है : दमयंती मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** सामुहिक सरहुल पूजा समिति तमाड़ द्वारा हाई स्कूल मैदान में गुरुवार को पूजा संपन्न किया गया। पाहन श्याम मुंडा, दीना सांडिल एवं गोविंद पाहन के द्वारा विधि विधान से पूजा संपन्न किया गया। संचालन भगीरथ सिंह मुंडा ने किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने प्राकृतिक के इस महापर्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा ये मानव सभ्यता को वन पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है एवं मानव जीवन दर्शन के मौलिकता को दशार्ता है। हमारा धर्म काल्पनिक नहीं बल्कि विज्ञान आधारित है जो धर्म दर्शन कहलाती है। सरहूल पूजा मानव को प्राकृतिक के प्रति प्रेम एवं संरक्षण करवाने की ओर प्रेरित करती है। सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है। जरूरत है हमे इसे संजोने की। इस पर्व के माध्यम से हमें प्रकृति की महत्व को समझते है। सरहुल आदिवासी समाज का पारंपरिक पर्व है। यह पर्व आदिवासी समाज द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी मनाते आ रहे है। आज के इस आधुनिक युग में इस पर्व को बचाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। इसमें युवाओं की भूमिका अहम रहेगी।

समारोह में विभिन्न गांवों से दर्जनों आदिवासी नृत्य दलों ने नगाड़े ढोल की थाप पर पारंपरिक वेशभूषा में जमकर थिरके एवं मनमोहक प्रस्तुति से घंटों समां बांधे रखा। मैदान प्राकृतिक उपासकों से खचाखच भरा हुआ था। शाम को शोभा यात्रा निकाली गयी। जो बाजार टांड़ तक जाकर समाप्त हुयी। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो महिला-पुरुष शामिल हुये। जिसका नेतृत्व अध्यक्ष दमयंती मुंडा कर रही थी एवं जंगल है तो जीवन है। विकास के नाम पर जंगल उजाड़ना बंद करो जैसे नारे लगाए जा रहे थे। सरहूल शोभा यात्रा में आदिवासी सुसुन दुरांग दल बारीगढ़, मुरलीडीह, डुंगीरडीह, लुंगटू, पातसायडीह, जोबला बुसुडीह, टिम्पुर, बारूडीह मुगीर्डीह, बीरडीह, परासी, देगादाडी, पूरतू, झारगांव, मुरपा , बांदु, सिरकाडीह, रायडीह, नावाडीह, सारूबेडा आदि गांवो के आदिवासी सरहूल नृत्य दल शामिल हुये। कार्यक्रम को सफल बनाने में रतन सिंह मुंडा, श्रवण सिंह मुंडा, मधुसूदन सिंह मुंडा, प्रोफेसर सबरन सिंह मुंडा, लखींन्द्र सिंह मुंडा, मुखिया अनिता देवी, सीता देवी, मंगल सिंह मुंडा, कृतिवास मुंडा, सत्यनारायण मुंडा, भोला मुंडा, ठाकुर मुंडा, सुखदेव सिंह मुंडा, भोला मुंडा, धीरेन्द्र सिंह मुंडा, सुमित कुमार, सुदेश बाबू, शरद कुमार, नंदकिशोर मुंडा, नारद महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर में

### खलारी प्रखंड क्षेत्र में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाला गया



**खलारी।** खलारी प्रखण्ड क्षेत्र में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न सरना स्थलों पर पाहनों के साथ आदिवासी समुदाय के लोगों ने सरहुल पर्व को लेकर पूजा अर्चना की। साथ ही भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सरना समिति कमाती धौड़ा के द्वारा महावीर नगर के कमाती धौड़ा स्थित सरना स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना की गई। बंधु पाहन के द्वारा अन्य पाहनों के साथ सरना स्थल में पूजा की गई। वहीं उपस्थित महिलाओं ने बारी बारी से पूजा कर प्रार्थना किया। उसके बाद पाहन ने सभी लोगों को फुलखोंसी किया। पूजन के बाद सभी महिलाओं और पुरुषों ने अपने परंपरिक वेशभूषा एवं नगाड़े व मांदर के साथ शोभायात्रा निकाली। यह शोभा यात्रा महावीर नगर से केडी मुख्य बाजार होते हुए केडी अंबेडकर चौक तक गया। वहीं इस दौरान खलारी थाना के समीप खलारी सीओ प्रणव अम्बष्ट एवं खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह भी शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में सभी लोग अबीर गुलाल लगाकर नाचते गाते हुए चल रहे थे। मांदर की थाप पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। इस बार खलारी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से भी सरहुल शोभा यात्रा निकाली गई। सरहुल शोभा यात्रा का मिलान खलारी ओवरब्रिज के समीप हुआ। जिसमें सरना समिति कमाती धौड़ा, अंबाटोंगरी, खलारी बाजारटांड़ पेट्रोल गोदाम, मायापुर, बुकबुका सरना समिति सहित अन्य जगहों से निकाली गई शोभा यात्रा शामिल हुए। इस मौके पर पाहन सचिन मुंडा, सुरजन पाहन, सिनोद पाहन, बिरजु उराँव, जिप सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया पारसनाथ उरांव, तेजी किस्पोट्टा, सुनीता देवी, पुतुल देवी, दीपमाला कुमारी, सहित सहित काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल हुए।

### नमाज अदा करने ईदगाहों पर उमड़े लोग



**ओरमांझी।** ईद के अवसर पर गुरूवार को प्रखंड क्षेत्र के मस्जिद, मदरसा सहित सभी ईदगाह में नमाज अदा करने को क्षेत्र के मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नमाज अदाकर अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं एक दूसरे को ईद की बधाई दी। बुधवार को चांद दिखाई देने के साथ ही लोगों में ईद की खुषिया देखी गई। चांद रात को लोगों ने खरिदारी की और सुबह में लोग नमाज अदा करने पहूंचे थें। जिसमें बच्चे व बुजुर्ग भी काफी संख्या में शामिल हुए। बाद में लोगों ने एक दूसरे के घरों में जाकर सोवाईंया खाए और एक दूसरे से गले लगा ईद की बधाई दी। ईद की नमाज अदा करने में लोगों को परेषानी नहीं हो इसके लिए पुलिस प्रषासन द्वारा क्षेत्र के सभी मस्जिद व मदरसों के पास सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वहीं थाना प्रभारी आलोक सिंह, सीओ निनित षिवम गुप्ता व बीडीओ विजय सोनी क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जाएजा ले रहे थें।

### बंगलुरू में नरकोपी के मजदुर की छत से गिरने से हुई मौत



**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के नरकोपी गांव निवासी 26 वर्षीय बुदा उरांव की मौत बंगलुरू में काम करने के दौरान छत से गिरने से हो गई। घटना बुधवार की है। इस संदर्भ में मृतक के भाई गंगा उरांव ने बताया कि मैं और मेरा भाई दोनों बंगलुरू में राज मिस्त्री का काम करते थे। इधर गंगा उरांव कुछ महीने पहले गांव आ गया था। वहीं गांव के गुलका लोहरा जो साथ में काम करता था वह भी होली में बंगलुरू से गांव लौट आया था। मृतक बुदा उरांव बंगलुरू के ग्रामीण थाना नेला मंगलम क्षेत्र में काम करने के दौरान छत से गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के बाद स्थानीय पुलिस शव को बरामद कर थाना ले आई। वहीं ठेकेदार जोसेफ परमाडी ने घटना की जानकारी परिजन को दुरभाष से दिया। इधर परिजनों ने इसकी जानकारी नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान को दिया। साथ ही थाना प्रभारी से शव को लाने के लिए मदद की गुहार लगाई। इधर थाना प्रभारी ने इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को दिया। साथ ही एसएसपी के सहयोग से बंगलुरू पुलिस मृतक के शव को उसकी मौसेरी बहन रेणु उरांव को पोस्टमार्टम के बाद सौंप देगी। मृतक की बहन बंगलुरू में काम करती है। इधर घटना के बाद परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

### सरहुल महोत्सव में दिखी पारंपरिक एकता की झलक



**रातू।** प्रखंड में प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव पर कमड़े, दलादिली, कटहल मोड़, झिरी, चटकपुर, बाजपुर, सिमलिया, तिगरा, बड़काटोली, होचर, गुडू व लहना आदि स्थानों से शोभायात्रा निकाली गयी। इसमें सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया और पारंपरिक एकता की मिशाल कायम किये। पाहनों ने इष्ट देवता की पूजा कर अच्छी बारिश व फसल की कामना की। आदिवासी संगठनों ने शीतल पेयजल, चना व गुड़ बांटे। गीत-संगीत से क्षेत्र गुंज उठा। मांदर की थाप पर युवक-युवती थिरक उठे। पाहन, कोटवार, पईनभरा व महतो सम्मानित किये गये। ट्रेनी आईपीएस मो याकुब ने सुरक्षा की कमान संभाली। क्षेत्र में शांति बनी रही। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जुलूस मेंपूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक नवीन जायसवाल, पद्मश्री मधु मंसुरी, डॉ लक्ष्मण उरांव, अजय नाथ शाहदेव, निर्मला भगत, भाजपा नेत्री सीमा शर्मा, संगीता तिर्की, रियाजुल अंसारी, पृथ्वीनाथ शाहदेव, भरत कांसी, महावीर विश्वकर्मा, अखौरी नीरज, सुरेश मुंडा, महमुद अंसारी, अतुल राज, अमित तिवारी, अमित मुंडा, बुधराम उरांव, कामेश्वर महतो आदि शामिल थे।

### भूत-पिचास और भोक्ता की वेश में पहुंचे शिवभक्त



**तमाड़।** पंचपरगना के ऐतिहासिक पर्व कोका पर्व के अवसर पर गुरुवार को तमाड़ में विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में शिवभक्तों ने शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट किया। बुजुर्ग कहते हैं कि मेले में आए हजारों शिवभक्त शिव के बराती कहलाते हैं। यही शिवभक्त भूत-पिचास का रूप धारण कर ढोल-नगाड़ा बजाकर हल्ला बोलकर मेले में आए लोगों का मनोरंजन करते है। भोक्ताओ ने गुलाईची फूल से अपना श्रृंगार कर शिव की बराती मे शामिल हुये। गुरुवार की शाम 4 बजे अर्जुन दोह नदी से प्रधान भोक्ता द्वारा सिर मे दुर्गा घट को लेकर देर शाम राजबाड़ी पहुंचे। इस दौरान प्रधान भोक्ता कई बार अचेत हुये। मान्यता है की अन्य भोक्ता द्वारा आपस में बेंत टकराकर बेंत की तड़तड़ाहट की आवाज सुनकर अचेत हुए प्रधान भोक्ता होश में आते है। परंपरा रही है की भोक्ता जितनी जोर से अपनी बेंत को दूसरे भोक्ता के बेंत से जितनी जोर से टकराकर आवाज करेंगे उतनी जल्दी प्रधान भोक्ता को होश आता है। मेले मे सर्वश्रेष्ठ वेष-भूषा से प्रदशन करने वाले कोका को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

खबर मन्त्र

रांची. शुक्रवार .12 अप्रैल 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# सुप्रीम फैसला

सुप्रीम कोर्ट का एक ऐसा निर्णय आया है जिसे विकास तथा पर्यावरण संरक्षण व पारिस्थितिकीय संतुलन की दृष्टि से नजीर का फैसला कहा जा रहा है। यह फैसला एक सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट और दुर्लभ प्रजाति के पक्षी सोन चिड़िया को लेकर है। दरअसल, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी सोन चिड़िया के अस्तित्व के लिये राजस्थान और गुजरात के इलाके में घातक माने जा रहे सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट की ट्रांसमिशन लाइनों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा अनुकरणीय फैसला दिया है कि जो आने वाली पढ़ियों के लिये मार्गदर्शक साबित हो सकता है। जो न्यायिक दृष्टि में भी बदलाव का पर्याय है। दरअसल, अब तक अधिकांश अदालत के फैसले पर्यावरण के पक्ष में या फिर विकास के पक्ष में जाते रहे हैं। लेकिन अदालत ने यह बताने का प्रयास किया है कि मनुष्य के लिये विकास जरूरी है तो पारिस्थितिकीय संतुलन भी जरूरी है। अदालत के फैसले के आलोक में मौजूदा ग्लोबल वार्मिंग संकट और उसके दूरगामी प्रभाव भी रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अदालत ने जलवायु परिवर्तन तथा पारिस्थितिकीय असंतुलन को देश के संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों की दृष्टि से जोड़कर देखा है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कोर्ट ने अपना पुराना फैसला भी इस संकट को दूर करने के लिये बदला है। दरअसल, गुजरात व राजस्थान के करीब नब्बे हजार वर्ग किमी के क्षेत्र में विस्तृत ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइन प्रोजेक्ट दुर्लभ पक्षी सोन चिड़िया के अस्तित्व पर खतरा बन रहा था। जिस पर शीर्ष अदालत ने एक फैसले में रोक लगा दी थी। दरअसल,अदालत को तब बताया गया था कि विद्युत तारों के संपर्क में आने से इन पक्षियों की बड़ी संख्या में मृत्यु हो रही है। ये बिजली की तारें उस क्षेत्र में लगायी गई हैं जहां इन पक्षियों का आना-जाना होता है,जिनसे ये पक्षी बड़ी संख्या में टकराकर दम तोड़ देते हैं।

# सड़क सुरक्षा

यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने, अनुशासित और मर्यादित ढंग से वाहन चलाने की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों को काफी कठोर बनाया गया। उनके उल्लंघन पर भारी जुमार्ने और दंड का प्रावधान किया गया। महानगरों में सड़कों पर कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई। मगर इन सबके बावजूद स्थिति यह है कि सड़कों पर मनमाने तरीके से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लग पाया है। शराब या दूसरे तरह के नशे करके वाहन चलाना, गति सीमा का ध्यान न रखना, लाल बत्तियों का उल्लंघन करना जैसे लोग शान की बात समझते हैं। यही वजह है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के मारे जाने की दर चिंताजनक है। जितने लोग कैंसर जैसे रोग से नहीं मरते, उससे अधिक सड़क हादसों की वजह से जान गंवा बैठते हैं। इसके अलावा हमारे यहां सड़कों की दशा भी किसी से छिपी नहीं है। विचित्र है कि हर राजनीतिक दल और सरकार का जोर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर होता है। उसमें सड़कों के विकास पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है। तेज रफ्तार से चलने लायक सड़कों का निर्माण न सिर्फ आम लोगों के सुचारु आवागमन के लिहाज से जरूरी माना जाता है, बल्कि औद्योगिक विकास में भी इससे मदद मिलती है। अनेक निजी और विदेशी कंपनियों को भी शामिल किया गया। उन्हें सड़कें बनाने, उनका रखरखाव करने और टोल के जरिए अपनी लागत वसूलने का अधिकार दिया गया। इससे देश में राष्ट्रीय मार्गों का तेजी से विकास भी हुआ। मगर स्थिति यह है कि राजमार्गों पर गड्ढों और पशुओं, पैदल चलने वालों की वजह से दुर्घटनाएं भी आए दिन होती रहती हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर देश में तमिलनाडु का प्रदर्शन सबसे बेहतर है जहां केन्द्र राज्य ने मिलकर दुर्धटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी हुई है।

# इंडियन नेशनल कांग्रेस है या इंडियन इस्लामिक कांग्रेस?

**लोकसभा** चुनाव की अन्य तैयारियों में कांग्रेस भले ही पिछड़ गई हो किंतु 48 पृष्ठों, 10 न्याय, 25 गारंटी के बड़े वादों के साथ उसने अपना चुनावी घोषणापत्र लगभग समय से जारी कर दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा जारी इस घोषणापत्र ने कांग्रेस को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है। विपक्ष के रूप में कांग्रेस का दस वर्ष का कार्यकाल सनातन विरोधी रहा और घोषणापत्र ने पार्टी के सनातन विरोधी होने पर अंतिम मुहर लगा दी । वर्तमान कांग्रेस के नेता मोहब्बत की दुकान खोलते हैं वस्तुतः भगवान राम व सनातन हिंदू समाज के प्रति नफरत से भरे हुए हैं।

कांग्रेस ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से लगभग 55 साल तक अकेले शासन किया और वह भी लगभग एक ही परिवार के नेतृत्व में पहले नेहरू फिर इंदिरा। इंदिरा गांधी जी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति के बल पर राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बने। 2004 से 2014 की कांग्रेस सरकार भी परोक्ष रूप से गांधी परिवार के हाथ में ही थी किंतु यह लोग न तो देश का विकास कर पाए और न ही किसी के साथ न्याय कर पाने में सफल हुए । कांग्रेस का गरीबी हटाओ का नारा एक बहुत बड़ा धोखा साबित हुआ और उसकी आड़ में बड़े- बड़े घोटाले होते गए। बीच में आए वी.पी. सिंह, देवगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल सरीखे नेता भी कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हुए और उसी परिपाटी पर चले। आज जब देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सशक्त नेतृत्व मिला है जिनके कार्यकाल में भारत सशक्त हो रहा है और पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है कांग्रेस निराशा, हताशा व कुंठा से ग्रस्त न्याय पत्र लेकर आई है।

कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी पर तानाशाही का आरोप लगा रही है और बयान दे रही है कि अगर मोदी तीसरी बार 400 सीटों के साथ देश के प्रधानमंत्री बन गए तो भारत में लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा, संविधान समाप्त हो जाएगा, आरक्षण समाप्त हो जाएगा जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस ने जो घोषणापत्र जारी किया है वह स्वयं ही कठघरे में है और स्पष्ट करता है कि कांग्रेस की नीयत अच्छी नहीं है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में जो वादे किए हैं वह भारत व सनातन हिंदू समाज में विभेद बढ़ाने के लिए किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर टिप्पणी करते हुए इसे मुस्लिम लीग की





-मृत्युंजय

> मुस्लिम तुष्टिकरण की चरम सीमा को पार कर रही कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में मुस्लिम तुष्टिकरण की चरम सीमा पार कर गई है। यह घोषणापत्र हिंदू समाज को चेतावनी जारी कर रहा है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार लाल किले से दिए गए अपने भाषण में कहा था, भारत के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और उसी दिन से कांग्रेस का पतन प्रारम्भ हो गया था।

विचारधारा से प्रेरित बताया और जो हिस्सा मुस्लिम लीग से बचा है उसमें वामपंथी हावी हैं। कांग्रेस का घोषणापत्र केवल मुसलमानों का तुष्टिकरण करने वाला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनके द्वारा किए गए सभी कार्यों के प्रति नफरत और हीन भावना से भरा हुआ है। कांग्रेस के घोषणापत्र में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का कोई रोडमैप नहीं है।

कांग्रेस के घोषणापत्र से यह बात भी साफ हो गई ही है अब उसने संविधान निमार्ता बाबासाहेब आम्बेडकर , इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के विचारों का भी परित्याग कर दिया है। एक समय में, जात पर न पात पर, मोहर लगेगी हाथ पर का नारा देने वाली कांग्रेस सत्ता में आने पर जातिगत जनगणना कराने का वादा कर रही है। कांग्रेस के जातिगत जनगणना और आरक्षण सीमा बढ़ाने के इस मुद्दे की हवा पार्टी के ही नेता आनंद शर्मा ने ही निकाल दी है। कांग्रेस नेता आनंद शर्मा का कहना है कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने जातिगत जनगणना के विचार को खारिज कर दिया था।अंग्रेजों के समय में भी जातिगत जनगणना का विरोध किया गया था और उसे राष्ट्रीय हितों के विपरीत माना गया था।

मुस्लिम तुष्टिकरण की चरम सीमा को पार कर रही कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में मुस्लिम तुष्टिकरण की चरम सीमा पार कर गई है। यह घोषणापत्र हिंदू समाज को चेतावनी जारी कर रहा है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार लाल किले से दिए गए अपने भाषण में कहा था, ॒भारत के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और उसी दिन से कांग्रेस का पतन प्रारम्भ हो गया था। अब कांग्रेस ने एक बार फिर केवल मुस्लिम हितों का ध्यान रखते हुए घोषणापत्र जारी किया है। कांग्रेस का कहना है कि वह भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को बनाए रखने और उनकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। । इसके साथ कांग्रेस ने मुस्लिम समाज से कुछ ऐसे वादे भी किए हैं जिनसे यह साफ हो गया है कि अब कांग्रेस पर मुस्लिम लीग की पूरी छाया है।

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करने, तीन तलाक बिल रद्द करने, संविधान के अनुच्छेद 15,16, 25, 28, 29 और 30 का जिस प्रकार आदर करने का वादा किया है वह डरावना है। मुस्लिम तुष्टिकरण को व्यापक करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मुसलमान जजों की संख्या में वृद्धि करने सहित सार्वजनिक स्थलों पर हिजाब-बुर्का पहनने और गोमांस खाने की छूट देने का भी वादा किया है। कांग्रेस ने मुसलमान छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना को बढ़ाने का भी वादा किया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस जमात -ए- इस्लामी, लश्कर ए तैयबा, अल कायदा की राह पर चलने वाली है। कांग्रेस के घोषणापत्र से स्पष्ट है कि अगर गलती से भी उसकी सरकार आ गई तो याकूब मेमन को फांसी नहीं होगी और बुरहान बानी जैसे आतंकवादी का एनकाउंटर नहीं हो सकेगा। और तो और हर घर तिरंगा भी नहीं फहरा पाएगा। कांग्रेस के घोषणापत्र में मुसलमानों के खिलाफ किसी प्रकार के भाषणों को रोकने के लिए एक अलग कानून प्रस्तावित है।

स्मरण रखना चाहिए कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व पिछली कांग्रेस सरकार ने सांप्रदायिक हिंसा से जुड़ा एक कानून लाने का प्रयास किया था जो परोक्ष रूप से हिन्दुओं को नष्ट करने के लिए था कांग्रेस ने अपना वह पापी इरादा फिर जाहिर किया है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र के माध्यम से हिंदू समाज व संस्कृति को पूरी तरह से समाप्त करने का बंदोबस्त कर रखा है, उसने वादा किया है कि समलैंगिक विवाह को पूरी तरह से मान्यता दी जाएगी। कांग्रेस ने युवाओं, महिलाओं के साथ जो वादे किए हैं वह केवल झूठ का पुलिंदा भर है क्योंकि उसने इन वादों को पूरा करने का कोई रोडमैप नहीं बताया है।

## खास बात

### नौ सेना में भी पहली बार शामिल हुई बेटियां

**नागेन्द्र सिंह**

**भारतीय** नौसेना में पहली बार दो महिला अधिकारियों की तैनाती युद्धपोत पर की गई है। नौसेना में महिलाओं को यह अहम जिम्मेदारी मिलना ऐतिहासिक अवसर है। सैन्य क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता से जुड़े मोर्चे पर एक नई शुरूआत है। हेलीकॉप्टर स्ट्रीम में ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त की गईं दोनों महिला अधिकारी भारतीय नौसेना के 17 अधिकारियों के टीम का हिस्सा हैं, जिसमें चार महिला अधिकारी और तीन भारतीय तट रक्षक शामिल हैं।

यह वॉरशिप से बतौर एयरबोर्न कॉम्बटेंट काम करने वाला महिला अधिकारियों का पहला दस्ता है। हालांकि पहले से भी भारतीय नौसेना में कई महिला अधिकारी हैं, लेकिन अब तक युद्धपोतों पर उनकी तैनाती नहीं की जाती थी। ऐसे में महिलाओं को मिला यह नया मोर्चा कई दूसरे पहलुओं पर भी बदलाव लाने वाला साबित होगा। लैंगिक असमानता को दूर करने का संदेश देने वाला यह कदम वाकई सुखद और सराहनीय है। साथ ही पहली बार नौसेना के युद्धपोत पर महिलाओं को क्रू के रूप में तैनात किया जाना देश की बेटियों को ऐसे खास क्षेत्रों में भविष्य बनाने और भागीदार बनने की प्रेरणा देने वाला है।

सकारात्मक बदलाव और सशक्त भागीदारी से जुड़ा हर नया कदम महिलाओं के मन-जीवन से जुड़े हालातों को गहराई से प्रभावित करता है। सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता लाने वाले निर्णय तो समाज और परिवार के पूरे मनोविज्ञान पर असर डालते हैं।

बेटियों को कमजोर या कमतर समझे जाने की मानसिकता पर चोट करते हैं। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे मानवीय पहलुओं पर बराबरी लाने और आगे बढ़ाने का परिवेश बनाते हैं। घर ही नहीं दफ्तर में भी उनकी जरूरतों और सहूलियतों पर सोचने के हालात तैयार करते हैं। गौरतलब है कि चालक दल के क्वार्टर्स में गोपनीयता की कमी और महिलाओं के लिए विशिष्ट बाथरूम की सुविधा का न होना जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी अब तक युद्धपोतों पर महिला अधिकारियों की तैनाती न किए जाने के कारणों में से एक रहा है।

## सुनिश्चित विजय

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंद परमहंस जी**

**क्योंकि** गुरुपूजा से बढ़कर दूसरा कोई कवच नहीं होता है। मैं इतना जानता हूं कि गुरुभक्ति में भवसागर जीतने की क्षमता होती है। यह रावण तोउस भवसागर का छोटा-मोटा वीर है। इसलिये आप निश्ंिचत रहें। मैं विजय के प्रति निश्ंिचत हूं। यह विजय कब होगी ? कैसे होगी यह समय की बात है। विजय सुनिश्चित है। जब इन्द्र ने देखा कि राम रथविहिन हैं और युद्ध विहिन युद्ध करना कठिन होता है। क्योंकि यह रावण का अंतिम युद्ध हैउन्होंने अपना रथ सारथी मातलि के द्धाराश्री राम को भेजवा दिये। दोनों ओर से भीषण संघर्ष होने लगा। कोई किसी से कम नजर नहीं आ रहा था। अनेक बार रावण ने बाण मारकर लक्ष्मण, हनुमान,जामवंत और राम सहित सभी लोगों को बेहोश कर दिया। राम की सेना ने भी रावण को कई बार बेहोश कर दिया। एक बार हनुमानजी ने ऐसा गद्दा मारा कि रावण मरन्नासन हो गया। उसकी हालत देखकर उसका सारथी उसे लेकर किले के अदंर भाग गया। थोड़ी देर में जब रावण को होश आया तो उसने सारथी हो डांटकर बोला कि तुम युद्धभूमि से मुझे दूर क्यों ले आये। सारथी बोला कि मेरा ये धर्म है। मेरा ये नीति नियम सब है कि जब महारथी युद्ध में बेहोश हो जाए तो मैं उन्हेंयुद्धभूमि से हटा दूं। मैंने अपना धर्म पालन किया है। रावण ने कहा फिर मुझे युद्ध भूमि में ले चलो। और इस तरह दोनों में संघर्ष पुनः शुरु हो गया। देवता लोग इस युद्ध को देख रहे थे। श्रीराम अपनी युद्ध कला का विस्तृत प्रदर्शन कर रहे थे। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि।
शुक्लपक्षे समग्रे तु, तदा सूर्योदये सति।।
आप सभी को भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक बधाई.
**– गौरव वल्लव भाजपा**

### रोचक ट्वीट

**करमटोली** (रांची) के आदिवासी कॉलेज छात्रावास में सरहुल के दौरान, अपने समाज के बीच मांदर की थाप पर, कुछ यादगार पल! सरहुल का यह त्योहार आप सभी के जीवन में खुशियां लेकर आये, यही कामना है।
**– चंपई सोरेन, सीएम**





**आँकड़ों** से साफ है- महंगाई बढ़ती जा रही है, आमदनी घटती जा रही है लेकिन जनता की परेशानी व दर्द को कैसे नापें ?कितने परिवार सूखी रोटी खाने पर मजबूर हैं ?कितने बच्चों को स्कूल से निकाल लिया गया?
**– राहुल गांधी, सांसद**

### कॉर्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

#### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।
**-राजेश चौहान, जमशेदपुर**

#### व्यर्थ का विरोध

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।
**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# आवश्यक वस्तु अधिनियम से महंगाई पर नियंत्रण का प्रयास

**सुधांशु कुमार**

### सामयिक

**अब** तक लोगों के जीवन से जुड़े ये खाद्यान्न आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में थे और कोई भी व्यापारी या कंपनी इनकी जमाखोरी और कालाबाजारी नहीं कर सकता था।अब तक लोगों के जीवन से जुड़े ये खाद्यान्न आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में थे।कृषि क्षेत्र में बेहतरी के दावे के साथ सरकार ने जो तीन नई कानूनी व्यवस्था की है, आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक उसमें एक है। विधेयक को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गई। अब कानून के रूप में लागू होने के बाद आलू, प्याज, अनाज, दलहन, तिलहन, खाद्य तेल आवश्यक वस्तुओं की सूची से बाहर हो जाएंगे और इनके भंडारण पर लगी रोक हट जाएगी। इस मसले पर विपक्षी दलों और किसानों की तमाम आपत्तियों के बरक्स सरकार का मानना है कि नए प्रावधानों से उत्पादन, उत्पादों को जमा करने, आवागमन, वितरण और आपूर्ति की स्वतंत्रता से बड़े स्तर पर अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा और कृषि क्षेत्र में निजी और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आकर्षित होगा। लेकिन किसान संगठनों का कहना है कि भंडारण के मामले में ज्यादातर किसानों की जो स्थिति है, उसमें संसाधनों और सुविधाओं से लैस बड़ी कंपनियां किसानों से अपनी शर्तों पर उनकी उपज खरीदेंगी और बेचेंगी।

गौरतलब है कि अब तक लोगों के जीवन से जुड़े ये खाद्यान्न आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में थे और कोई भी व्यापारी या कंपनी इनकी जमाखोरी और कालाबाजारी नहीं कर सकता था। अगर कभी भंडारण या जमाखोरी की शिकायत आती थी तब संबंधित महकमों की ओर छापे की कार्रवाई की जाती थी और इस तरह बाजार में कम से कम वैसी वस्तुओं की कीमतें नियंत्रित रहती थीं, जो लोगों के जिंदा रहने के लिए जरूरी हैं। यानी इन वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित रखना और आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी थी। लेकिन यह समझना मुश्किल है कि अब अनाज, दलहन, तिहलन, आलू और प्याज जैसी चीजों को आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी से बाहर कर देने का आधार क्या है! सरकार की दलील है कि सन 1955 में जब भंडारण पर रोक का कानून बना था तब कुल उपज बहुत कम थी। लेकिन सच यह है कि तब आबादी भी आज के मुकाबले काफी कम थी। आज हालत यह है कि रोजमर्रा के इस्तेमाल की बहुत सारी जरूरी चीजों की ऊंची कीमतों की वजह से आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपनी न्यूनतम जरूरतों को ही पूरा करने की कोशिश में जीता है।

ऐसे में खाने-पीने की सबसे जरूरी चीजों को ही आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी से बाहर कर दिए जाने का फैसला किसके हित में है? मौजूदा समय में आलू सहित खाने-पीने की सभी चीजों की कीमतें जिस तरह गरीब तबकों की पहुंच के बाहर होती जा रही हैं, उसमें इन वस्तुओं के भंडारण की आजादी के बाद खुले बाजार में क्या स्थितियां पैदा होंगी! इससे बड़े पूंजीपतियों का बेलगाम मुनाफा तो सुनिश्चित हो जाएगा, लेकिन किसानों और आम ग्राहकों की क्या हालत होगी? यह दलील दी जाती है कि खुले बाजार में प्रतिद्वंद्विता से कीमतें काबू में रहती हैं। सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर भी यही कहा था।

लेकिन आज देखा जा सकता है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें किस कदर मध्यवर्ग के भी पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। महामारी और पूर्णबंदी के असर में पहले ही करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं, एक बड़ी आबादी की आय या तो काफी घट गई है या फिर रुक गई है। ऐसे में बाजार में खाने-पीने की सबसे जरूरी वस्तुओं की कीमतें भी अगर बेलगाम हो गईं तो उसके असर का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# एम एस एम ई के भुगतान से संबंधित आयकर भ्रांतियां



**अजय दीप वाधवा,**

### आर्थिक

वित्त अधिनियम 2023 ने धारा 43बी में खंड (एच) जोड़कर आयकर अधिनियम में एक संशोधन पेश किया गया था जो यह निर्धारित करता है कि एमएसएमई पर बकाया कोई भी भुगतान, यदि 45 दिनों के भीतर हल नहीं किया जाता है, तो भुगतान किए जाने तक कर कटौती के लिए पात्र नहीं होगा। इसका उद्देश्य बड़ी संस्थाओं को एमएसएमई समकक्षों के साथ अपने निपटान को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करना है, जिससे इन छोटे व्यवसायों के लिए अधिक मजबूत आर्थिक माहौल को बढ़ावा दिया जा सके।

आयकर अधिनियम की धारा 43इ में एमएसएमई के संबंध में किए गए भुगतान संबंधी इन प्रावधानों के कारण व्यापारी वर्ग में काफी भ्रांतियां फैल गई है। वह लोग भी परेशान हो रहे हैं जिन पर यह नियम लागू नहीं होता है । ऐसी कई परिस्थितियों हैं जिसमे यह नियम लागू नहीं होता है। इसलिए आइए जानते हैं कि किन परिस्थितियों में यह नियम लागू नहीं होगाः

1. ट्रेडर या होलसेलर से माल खरीदने पर यह नियम लागू नहीं होगा।

2. यदि आपने ऐसे व्यक्ति से माल खरीदा है जो की एमएसएमई में रजिस्टर्ड नहीं है तो भी यह नियम लागू नहीं होगा।

3. यदि आपने ऐसे व्यक्ति से माल खरीदा है जो कि पहले एमएसएमई में रजिस्टर्ड था लेकिन उसने बाद में अपना रजिस्ट्रेशन सरेंडर कर दिया है तो भी यह नियम लागू नहीं होगा।

4. दिनांक 31 मार्च 2023 को जो देनदारी बाकी रह गई थी उस पर भी यह नियम लागू नहीं होगा।

5. यदि आपने किसी ऐसी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी से माल खरीदा है जो की माइक्रो या स्मॉल इंटरप्राइजेज नहीं है तो भी यह नियम लागू नहीं होगा। एमएसएमई में मीडियम एंटरप्राइजेज भी रजिस्ट्रेशन करवाती हैं किंतु मीडियम इंटरप्राइजेज से माल खरीदने पर यह नियम लागू नहीं होगा।

6. अचल सम्पत्ति, जैसे की प्लांट एंड मशीनरी, एयर कंडीशनर, टीवी फ्रिज , फर्नीचर, बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन आदि चीजों को खरीदने पर यह नियम लागू नहीं होगा।

7. यदि आपने किसी से अनसिक्योर्ड लोन लिया हुआ है तो उस पर भी यह नियम लागू नहीं होगा। यह नियम सिर्फ माल खरीदी पेठे या खर्चों के अगेंस्ट में जो राशि बाकी है उस पर ही लागू होता है।

8. ऐसे काफी व्यापारी हैं जिनका टर्नओवर 2 करोड़ से कम है और वह ऑडिट ना करवाते हुए आयकर की धारा 44अऊके तहत परसेंटेज बेसिस पर अपना रिटर्न फाइल करते हैं। ऐसे व्यापारियों पर भी यह नियम लागू नहीं होगा।

9. यदि आपने किसी को चेक दे दिया है और रसीद प्राप्त कर ली है और यदि आपका चेक 31 मार्च के पहले तक क्लियर नहीं भी होता है तो भी यह भुगतान की श्रेणी में ही आता है। उस कैस में भी यह नियम लागू नहीं होगा।

10. यदि आपने किसी से माल खरीदा है और उस व्यक्ति का एमएसएमई स्टेटस आपको पता नहीं है और यदि वह आपको एमएसएमई स्टेटस की जानकारी भी नहीं देता है तो उस कैस में भी यह नियम लागू नहीं होगा। (सीएमए कर विशेषज्ञ, रांची)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बरही में सादगी से मनी ईद



▸▸ रमजान में रोजे रखना सभी मुसलमान का फर्ज : मो. क्यूम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के डुमरियाडीह गरजामो मस्जिद में 8 बजकर 45 मिनट पूर्वाह्न में ईद उल फितर का नमाज अदा किया गया। जिसके बाद देश में अमन चैन व शांति की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद सभी मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे से सारे गिले-शिकवे भूलकर हंसी खुशी से ईद का मुबारक वाद गले मिलकर मनाया। तत्पश्चात गरजामो, बेजलाडीह, गुडियो, भंडारों, अलगड़िहा, इस्लामाबाद, हथगढ़ा, बेला, मलकोको, पडरिया, महुगड़ा, करियातपुर, बरसोत, धनवार, गडलाही सहित सभी जगहों पर ईद के नमाज समय पर अदा की गयी। इस दौरान विभिन्न गांव जाकर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष सह पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने लोगों से मिलकर ईद का मुबारकबाद दिया। मो क्यूम ने कहा कि इस्लाम धर्म के अनुसार माहे रमजान का बहुत महत्व है, रमजान महीने के पूरे रोजे रखना हर मुसलमान का फर्ज है, रोजे का अर्थ होता है रूकना, परहेज करना और दूर रहना, क्योंकि रोजेदार सुबह सूरज निकलने से पहले और सूरज डूबने तक खाने-पीने और दूसरी तमाम बुराईयों से परहेज करते है। इस अवसर पर हाजी हासिम साहब, हाफिज तैयब अली, कादिर साहब, एडवोकेट इम्तियाज, मो साबिर, गुलाम अजहर, मो खलील, आजाद अली, अकबर मियां, अख्तर अली, हाजी जहूर, फकरूदीन, शफीक खान, मो सेराज, इम्तियाज, मो सलीम सहित अन्य मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

## टाटीझरिया प्रखंड में शांतिपूर्वक मनी ईद



**टाटीझरिया।** प्रखंडमें गुरुवार को अकीदतमंदों ने हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर मनाया। ईद में मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ दूसरे समुदाय के लोग भी शरीक हुए। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्दपूर्ण भाईचारे का संदेश दिया। लोगों ने घरों में जाकर सेवइयों व विभिन्न पकवानों का स्वाद भी चखा। गुरुवार को दिनभर मुस्लिम समुदाय के घरों में दावतों का दौर चलता रहा। इससे पहले ईद की सुबह मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के झरपो ,डुमर, धरमपुर, जेरूवाडिह, मायापूर, खेरिका, केसड़ा, घुघुलियां, आदि सभी ईदगाहों व मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई।

नमाज खत्म होने के साथ ही गले-मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चे, नौजवान, युवा हों या बुजुर्ग सभी हाथ मिलाकर व गले मिलकर ईद की बधाई दिए। बच्चों व नौजवानों में ईद को लेकर काफी उत्साह देखा गया। डुमर गाँव में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह ईद की नमाज पढ़ कर लोगो से गले मिले ओर ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर नियामत अंसारी, मोईम अंसारी ,मो. मुख्तार ,मुस्लिम मियां , सकुर मियां , मो एकतर्र , कलीम अंसारी मो आकुब अली ,तैयब मियां , मनीर उद्दीन रफुद्दिन अंसारी, मुस्तकिम अंसारी, मो. तैयब अली, तौफीक आलम, मो. समीम, साहिर अंसारी, अनवर अंसारी, साहबान अंसारी ,मन्नाउवर, फारूख, मिन्हाज, तस्लीम, रिजवान अंसारी, दाऊद अंसारी, गुलजार अंसारी, मो. राजा, सहित कई लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## पटना से रजरप्पा आ रही एक्सयूवी ने ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत व तीन घायल

**छत्तरमांडू में एनएच 23 पर हुआ हादसा, मृतक पटना निवासी**



**रामगढ़ ।** षण था कि कार चला रहे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। साथ ही कार पर सवार तीन अन्य लोगों को चोटें आई। इनमें दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। सोनू (32) को बेहद मामूली चोटे आई। मृतक की पहचान पटना सिटी के रानीपुर मिल्की चक निवासी सुजीत कुमार मेहता के रूप में हुई। है गंभीर रूप से घायलों में सोनू कुमार (34) और जितेंद्र कुमार (25) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार पटना से निकले सुमित, सोनू, जितेंद्र और सोनू रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। बुधवार की पूरी रात उन लोगों ने कार में गुजारी। गुरुवार की सुबह जब वे रामगढ़ पार कर रजरप्पा की तरफ बढ़े, तो उन लोगों का संतुलन अपनी गाड़ी पर ही नहीं रहा। सुमित कार चला रहा था और नशे में भी था। पूरी रात गाड़ी चलाने की वजह से वह नींद की आगोश में आ गया और सड़क किनारे खड़े कोयला लगे ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना भीषण था कि कार का पूरा इंजन ट्रक के अंदर घुस गया। जिस हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दो लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे, उसी हादसे में सोनू बाल बाल बच गया। उसे बेहद मामूली चोट आई थी। गांव वालों ने जब उसे गाड़ी से बाहर निकाला तो पहले उसके होश यह देखकर उड़ गए कि उसका एक साथी अब इस दुनिया में नहीं रहा। लेकिन फिर ग्रामीणों ने उसे काफी हिम्मत दी। इसके बाद वह गंभीर रूप से घायल दो अन्य दोस्तों की सेवा में जुट गया। गांव वालों की सहायता से दोनों घायलों को वह अस्पताल लेकर गया जहां उनका इलाज चल रहा है। सोनू ने परिवार वालों को भी इस घटना की सूचना दी।

## दारू में पढ़ी गयी ईद की नमाज



**दारू।** ईद का नमाज पिपचो मस्जिद , जबरा ईदगाह, पेटो मस्जिद, हरली ईदगाह ,जिनगा मस्जिद, मेढकुरी मस्जिद, कबिलासी ईदगाह, लोहंडी मस्जिद, जरगा मस्जिद में किया गया। नमाज यदा करने के बाद लोग एक दूसरे को गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दिया एवं एक दूसरे के घर जाकर सेवई का ग्रहण कर ईद की मुबारक दी। पुलिस इस दौरान सभी जगहों पर पैनी नजर थी।

## विष्णुगढ़ में शैलो फेक से साइबर अपराधी कर रहे ठगी

**ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को दिया आवेदन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में साइबर अपराधियों के द्वारा शैलों फेक एप्प के माध्यम से तरह-तरह के हथकंडे अपना कर भोले भाले लोगों को झांसा देकर लाखों का चूना लगाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर अपराधी पहले फोन करके अपने चिकनी चुपड़ी और भावनात्मक बातें कर आम लोगों को विश्वास में लेता है। बाद में ऑनलाइन रुपये मंगवाकर चैन से बैठ जाता है। लोग भावुक होकर उनके बातों में आ कर बर्बाद हो रहे हैं।

उक्त व्यक्ति द्वारा सरकारी स्कीम का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही है। वह पहले कुछ पैसे लगाने को बोलता है। जैसे ही महिला उसके स्कीम में पैसे लगाती है वह फोन बंद कर देता है। क्षेत्र के खास कर गर्भवती महिला इन साइबर अपराधियों के शिकार हो रही हैं। ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर विष्णुगढ़ थाना प्रभारी से कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि अबतक क्षेत्र में कई लोग ठगी के शिकार हो चुके हैं। गत सप्ताह एक गर्भवती महिला को 8252763574 नंबर से फोन किया गया और उसका सारा डिटेल्स बताकर पहले उसको विश्वास में लिया गया। फिर झांसा देकर हजारों रुपये ऑनलाइन पेमेंट लिया। अब वह फोन नहीं उठा रहा है। क्षेत्र के 10-15 महिलाएं इसकी शिकार हो चुकी है। जिस नंबर से कॉल किया गया था टू कॉलर में सुनील कुमार नाम दिख रहा है। विष्णुगढ़ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने कहा कि ऐसा मामला संज्ञान में आया है। लोग अंजान लोगों के स्कीम के झांसे में आकर पैसे ना लगाएं। ऐसा कोई भी मामला आए थाने को सूचित करें। सावधान रहें, सतर्क रहें। मामले की जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

## रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने विवेक

**बड़कागांव।** रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी की अध्यक्षता में कमेटी का विस्तार किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, सचिव दामोदर प्रसाद मेहता, उपसचिव विशाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिनेश सिंन्हा, उपकोषाध्यक्ष सरोज कुमार,संगठन मंत्री सहेस कुमार, उप संगठन मंत्री सुरेश राणा,संयोजक शिव शंकर कुमार, उपसंयोजक बैजनाथ महतो,मीडिया प्रभारी दीपक सिन्हा,संजय भुईयां, रितेश ठाकुर। संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, रंजीत कुमार, सरोज सोनी, शशि मेहता,विष्णु रजक,रामधनी महतो, झमन प्रसाद, प्रदीप मेहता, विनोद सिंन्हा,संजय सिंह,संजय तिवारी, सुभाष सिंह बैजनाथ महतो, सुरेंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, लखन विश्वकर्मा, बृजेश सोनी, वीरेंद्र प्रसाद, रमेश अग्रवाल,राजकिशोर प्रसाद,रामधनी विश्वकर्मा, शंभू चौरसिया, अभिषेक कुमार,सांवर अग्रवाल,तुलसी राणा ,सत्यजीत विद्या अलंकार,सत्यदेव महतो,रितेश दांगी एवं सभी अखाड़ों से पांच पांच सदस्य को कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया है।

## भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल में पढ़ी गयी ईद की नमाज

▸▸ एक-दूसरे के गले मिलकर दी पर्व की बधाई, लजीज व्यंजनों का उठाया लुत्फ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूवार को ईद पर्व पूरे धूमधाम से मनाया गया। पर्व को ले क्षेत्र के मस्जिद और ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकिदत के साथ ईद की नमाज पढ़ी। इस दौरान लोगो ने अल्लाह से अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली, सुख-समृद्धि व अमन-चैन की दुआएं भी मांगी। इसके बाद लोगो ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगो ने एक-दूसरे के घरों में जाकर लच्छेदार सेवईयां और एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कहा गया कि ईद आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। ईद को ले बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बडे तो बडे. लेकिन नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी एक-दूसरे के गले मिल पर्व की बधाई दी। कोयलांचल के भुरकुंडा जामा मस्जिद, रीवर साईड, सौन्दा डी, सेन्ट्रल सौन्दा, सीसीएल सौन्दा, भदानीनगर के महुआ टोला, चिकोर, लपंगा, सुदी, चैनगड्डा व बासल क्षेत्र के ईदगाहों सहित अन्य जगहों के मस्जिद और ईदगाहों में मौलाना और ईमाम द्वारा नमाज अदा करायी गयी।





ईद को लेकर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक व बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार दल-बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी से डटे थे।

## स्पीड न्यूज

### श्री श्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ में उमड़ी भीड़



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नलकारी नदी पर छठ मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ के तीसरे दिन गुरूवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने घंटो यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि व हरियाली खुशहाली की कामना की। महायज्ञ के तीसरे दिन भी आचार्यों द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। अयोध्या के आचार्य पद्मनाभ दास महाराज जी के देख-रेख में आचार्यों द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के वेदी पूजन, यज्ञेश्वर आह्वान, प्रतिष्ठा आदि अनुष्ठान संपन्न कराये गये। पूजा में बतौर यजमान अशोक तिवारी, बिनोद दूबे और गोपाल करमाली सपत्नी शामिल हुए। महायज्ञ को सफल बनाने में संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार, विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, विजय, शंकर, विक्की आदि जुटे थे।

### रामगढ़ में ईद की नमाज अदा



**रामगढ़।** शहर सहित जिलाभर में गुरूवार को मुस्लिम समाज ने अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की । इस क्रम में मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज पढ़ी और खुशहाली की दुआ मांगी। वहीं, एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद को लेकर बच्चों में उत्साह नजर आया। जिले के रामगढ़, गोला, चितरपुर सहित अन्य स्थानो पर मुस्लिम समाज द्वारा ईद मनाया गया। साथ ही कई प्रकार के व्यंजन बनाये गये।

### कई होम्योपैथी डॉक्टर सम्मानित



**रामगढ़।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, रामगढ़ कैंट शाखा के सदस्यों ने रामगढ़ के कई होम्योपैथी डाक्टरों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, राहुल अग्रवाल, नीलींद अग्रवाल, लोकेश बगड़िया, प्रदीप अग्रवाल, संतोष गोकुलका ने इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर जिले के होम्योपैथी चिकित्सक डाक्टर भट्टाचार्य, डाक्टर गौतम कुमार वर्मा, डाक्टर रणधीर कुमार, डॉक्टर आलम एवं डॉक्टर गोपाल अग्रवाल सहित अन्य चिकित्सकों को सम्मानित किया।

### कुजू में धूमधाम से मनी ईद



**कुजू।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का त्योहार ईद-उल-फितर कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में गुरूवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के कुजू जामा मस्जिद, आजाद बस्ती, कुजू कोलियरी, तोपा, पिंडरा , डुमरबेड़ा, आरा-सरूबेड़ा,करमा,दिगवार, सांडी, बोंगाबार आदि क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने निर्धारित समय पर नमाज अता किया। इसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। बाद में सेवई का लुफ्त उठाया।

### मारवाड़ी युवा मंच ने गुड़ व लपसी बांटा



**रामगढ़ ।** हिन्दू नववर्ष पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, रामगढ कैंट शाखा द्वारा नए सत्र 2024-25 की शुरूआत राष्ट्रीय कार्यक्रम जीव मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में हुआ, रामगढ़ गौशाला में गोसेवा के तहत गुड़ और लपसी का वितरण कर किया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच (अध्यक्ष )आशीष अग्रवाल, (सचिव) धीरज बंसल, (कोषाध्यक्ष) श्रीजय मेवाड़,(उपाध्यक्ष)विजय खंडेलवाल (मीडिया प्रभारी) राहुल अग्रवाल, नीलींद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, , प्रतीक पोद्दार, पंकज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राहुल जैन, अभिषेक अग्रवाल, संतोष गोकुलका, निखिल अग्रवाल, आयुष बजाज, अरचित अग्रवाल, एवं मंच के अन्य सदस्यगण भी मौजूद थे। बताया गया कि मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा को रांची में आयोजित झारखंड प्रांत वार्षिक सम्मेलन में अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए सत्र 23-24 का श्रेष्ठ शाखा एवं तीन अन्य पुरस्कार से अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच को सम्मानित किया गया था।मौके पर मौजूद नवनिर्वाचित उर्जावान युवा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया मारवाड़ी युवा मंच समय - समय पर समाज सेवा के लिए कार्य करता रहता है।

## एक नजर में

### मनीष जायसवाल ने दी ईद की बधाई



हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने चांद दिखने के बाद गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कई स्थानों में घूम-घूम कर मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरीय नेता मो .कयूम अहमद के नेतृत्व उनका डॉ जाकिर हुसैन रोड़ में जोरदार स्वागत किया। सुबह से दिनभर जायसवाल मोबाइल पर क्षेत्र के लोगों को ईद की मुबारकबाद देते रहे।

### चीचीकला जंगल में बदमाशों ने लगायी आग

**चरही।** चनारो पंचायत के चीचीकला जंगल में बुधवार रात को भीषण आग लगी है। आग करीब किलोमीटर की दूरी तक फैली है। आग से कई छोटे-छोटे पौधे जलकर नष्ट हो गए।साथ ही कई जीवन दायनी जड़ी-बूटियां भी इसके चपेट में आ गए हैं। बताया जाता है कि गांव के कई लोग महुआ चुनने के 3 बजे रात में घर से जंगल की ओर चल पड़ते हैं।जंगल में अंधेरा होने के कारण उजाला करने के लिए पेड़ों से नीचे गिरे पतों में आग लगा देते हैं। जिस कारण आग की लपटें दूर-दूर तक फैलकर कई जंगलों को अपने चपेट में ले रहे हैं। बड़े-बड़े पेड़-पौधे भी प्रभावित हो रहे हैं।महुआ चुनने वाले ग्रामीणों ने आग लगाकर अपने स्वार्थ के लिए जंगल को नष्ट कर रहे हैं।आग की लपेटे के कारण जंगली जानवर, सांप,बिच्छू सहित बड़े-बड़े खतरनाक जानवर भी जंगल से अन्यत्र पलायन कर रहे हैं।

### वासंतिक दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया गया

**चरही।** चरही व कोयलांचल क्षेत्र में नौ दिवसीय वासंतिक नव दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है है।लगातार दुर्गा अनुष्ठान,मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया है। गुरुवार सुबह को भगवती दुर्गा की तृतीय रूप माता चन्द्रघंटा की पूजा-अर्चना विधि-विधान और मंत्रोचार के साथ किया गया। उपस्थित लोगों के बीच पंचामृत और प्रसाद का वितरण किया गया।

### रामनवमी महासमिति बरही कमेटी का विस्तार

**बरही।** रामनवमी महासमिति बरही का चुनाव में विनय साहू बने थे अध्यक्ष। साहू ने कमेटी का विस्तार करते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी है। विनय साहू ने मुकेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, प्रमोद सिंह, अमित केशरी को उपाध्यक्ष, मंटू सिंह, कुणाल कतारियार को महासचिव, तापेश्वर साव को सचिव और सुशील केशरी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साहू ने कहा कि रामनवमी महासमिति की पूरी टीम रामनवमी त्योहार को बेहतर तरीके से मनाने में सभी अखाड़ा का सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि रामनवमी पूरे भव्यता के साथ इस वर्ष मनाया जाएगा।

### दारू पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

दारू। हरली पंचायत पेटो निवासी अरुण कुशवाहा, पिता जवाहर महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार वारंटी के नाम से सदर थाना वर्तमान थाना लोहसिंघना में वर्ष 2015 कांड संख्या 1308/15 के तहत मामला दर्ज था। अरुण कुमार के विरुद्ध में वारंट जारी था जिसे गुरुवार को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया।

### बड़कागांव प्रखंड में ईद शांतिपूर्वक संपन्न



**बड़कागांव।** बुधवार को चांद का दीदार होते ही ईद की खुशियों में लोग सराबोर होने लगे। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर अमन चैन और सुख समृद्धि की दुआ मांगी। बादम जामा मस्जिद, बलिया जामा मस्जिद, बड़कागांव जामा मस्जिद, चट्टी मस्जिद,मोकद्दस मस्जिद बादम, सिरमा मस्जिद,महुदी मस्जिद, महुगाई मस्जिद,चंदौल मस्जिद, गौसिया मस्जिद डाड़ी कलां,चेपा मस्जिद, सिंदूवारी मस्जिद, नगड़ी मस्जिद, हाहे मस्जिद, छवनिया मस्जिद, कनोदा मस्जिद में ईद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई।

### सांढ़-छपेरवा : यज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**बड़कागांव।** सांढ़-छपेरवा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत एवं बाबा विश्वकर्मा भगवान के यज्ञ स्थल में कथावाचक मानस मंजरी वीणा मिश्रा के प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भिंड उमड़ी। साथ ही साथ यज्ञ मंडप के परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं भिंड काफी देखने को मिली।इस दौरान कथावाचक मानस मंजरी वीणा मिश्रा ने कहा भगवान का भजन ही जीवन का आधार है।भक्ति व भजन जीवन में सबसे जरूरी है, भौतिक वस्तुओं का सुख हम भले ही इस जीवन में ले सकते है, पर हमारी मुक्ति का एक मात्र साधन भजन ही है। वही यज्ञ चार्य जय नन्द मिश्रा,आचार्य पंडित ऋषि राज वेद व्यास मिश्र, आचार्य शिव राम पांडेय, आचार्य राधिका पाण्डेय ,पंडित आदर्श शास्त्री, पंडित विश्वेश्वर पाण्डेय, पंडित रूपम आचार्य,आचार्य अभिषेक पाण्डेय, पंडित मंटू आचार्य, आचार्य अर्जुन पाण्डेय,पंडित सुशील पाण्डेय सहित अन्य लोगों ने गांव क्षेत्र में सुखी शांति धन -धान्य व ज्ञान की वृद्धि के लिए यज्ञ मंडप में मंत्र उच्चारण कर क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय किया।

### बेडम में पांच दिवसीय महायज्ञ हुआ शुरू



**टाटीझरिया।** डुमर पंचायत अंर्तगत बेडम गांव में पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। सुबह छह बजे बेडम से निकला कलश यात्रा बिष्णुगढ के जमुनिया नदी पहुंचा, आचार्य पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। पूरे क्षेत्र जय श्री राम के नारों के साथ गुंज उठा। कलश यात्रा का शुभारंभ टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख संग अध्यक्ष संतोष मंडल,मुखिया ममता कुमारी ने किया। यज्ञ 15 अप्रैल को भंडारा के साथ समाप्त होगा। प्रमुख ने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र भक्तिमय होता है। लोगों को यज्ञ में शामिल होना चाहिए ताकि मन को शांति मिले। लोगों ने बेडम से लेकर जमुनिया नदी तक जय श्री राम के नारा लगाते रहा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह,सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, मिथलेश पाठक,महेश अग्रवाल,राजु यादव,कृपाशंकर पांडेय,मुकेश मंडल,अशोक प्रसाद,पंकज मंडल,मुकेश साव,चंदन ठाकुर,सुजीत रजक समेत अन्य शामिल हुए।

### अंबाटांड सांडी में यज्ञ को लेकर भूमि पूजन



कुजू। श्री श्री 1008 पंच दिवसीय महालक्ष्मी नारायण यज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा एवं राम कथा के आयोजन को लेकर अंबाटांड सांडी में गुरुवार को भूमि पूजन और नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय, उपाचार्य राकेश पांडेय ने यजमान बने रामचंद्र प्रजापति सपत्नीक को विधिवत पूजा - अर्चना कराया। इसके बाद ध्वज को लेकर नगर भ्रमण के लिए महिला- पुरुष श्रद्धालु गाजे - बाजे के साथ निकले। आजसू के केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो एवं वार्ड पार्षद हेमनी देवी, मनोज गिरी, रामसहाय बेदीया, हरि महतो, राजेंद्र यादव, प्रवीण सिन्हा, जय किशोर महतो शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालु महावीरी झंडे के साथ विभिन्न पूजा स्थल पर पहुंचे। जहां यज्ञ की सफलता की कामना की। समिति सदस्यों ने बताया कि 22 अप्रैल से शुरू होगी यज्ञ।

## फूड पॉइजनिंग में नींबू पानी पीने से मिलता आराम



गर्मी में फूड पॉइजनिंग एक आम समस्या है। इसमें न सिर्फ पेट मरोड़ के साथ दर्द होता है, बल्कि डायरिया, उल्टी जैसी समस्याएं भी होती हैं। इसका मुख्य कारण गंदा यानी दूषित पानी पीना है। बर्फ गोला और गन्ने के जूस में बर्फ इस्तेमाल होता है, इससे भी यह संक्रमण हो सकता है। इसी तरह सड़कों के किनारे बिकने वाले समोसे, कचौरियों के साथ चटनी या पतासी के पानी के कारण भी ऐसा हो सकता है।

गर्मी में फूड पॉइजनिंग एक आम समस्या है। इसमें न सिर्फ पेट मरोड़ के साथ दर्द होता है, बल्कि डायरिया, उल्टी जैसी समस्याएं भी होती हैं। इसका मुख्य कारण गंदा यानी दूषित पानी पीना है। बर्फ गोला और गन्ने के जूस में बर्फ इस्तेमाल होता है, इससे भी यह संक्रमण हो सकता है। इसी तरह सड़कों के किनारे बिकने वाले समोसे, कचौरियों के साथ चटनी या पतासी के पानी के कारण भी ऐसा हो सकता है। जानते हैं कुछ घरेलू उपायों के बारे में-दही-तुलसी पत्ती खाएं

एक कटोरी दही लीजिए और उसमें तुलसी की पत्तियां, काली मिर्च और थोड़ा-सा नमक डालें। दिन में दो बार इसका सेवन करें। तुलसी की पत्तियों को पानी और चाय की पत्ती के साथ उबालकर काढ़ा बना लें और दिन में दो बार लें। आप चाहें तो हल्की-सी चीनी भी डाल सकते हैं।

नींबू व सेब का सिरका

खाली पेट नींबू पानी पीना चाहिए। इससे पेट के बैक्टीरिया मरते हैं। नींबू के रस में शहद मिलाकर भी लें। सेब का सिरका शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। यह पेट की अम्लीयता कम करता है। इसलिए खाने से पहले दो चम्मच सिरका एक कप गुनगुने पानी में मिलाकर लेने से फूड पॉइजनिंग में आराम मिला है।



# फलों के छिलकों और टमाटर से ऐसे निखारें सौंदर्य

**आप यह जानकर आश्चर्य करेंगे कि फलों के छिलकों और टमाटर सुन्दरता के लिए कितने फायदेमंद होते है यहां इस आर्टिकल में आज हम आपको इनके बारे में बतायंगे इनमे से कुछ सरल और सफल प्रयोगों का विवरण यहां प्रस्तुत किया जा रहा है।**

फल-सब्जियों के छिलकों को हम बेकार समझकर फैंक देते है, जबकि ये छिलके भी स्वास्थ्य और सौंदर्य संबंधी अनेक समस्याओं को दूर कर सकते है आयुर्वेद में सौंदर्यवर्द्धन हेतु छिलकों के प्रयोग की पुरानी परंपरा रही है।

**झाइयों को खत्म करें संतरे और नींबू के छिलकों से :** संतरे और नींबू के छिलकों को सुखाकर महीन पीस लें इस चूर्ण में गाय का कच्चा दूध और थोड़ा गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर उबटन की भांति लगाऐं सूख जाने पर ताजे पानी से चेहरे पर धो लें इस प्रयोग से चेहरे पर पड़ी झाइयां मिट जाती है

**अनार और संतरे के छिलकों से मुहांसे का खात्मा :** अनार और संतरे के छिलकों को हल्दी के साथ पीस लें इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर नियमित लगाने से मुहांसों में काफी लाभ मिलता है

**काली त्वचा को गोरा बनायें नीबू से :** रस निकालने के बाद नींबू के छिलकों को फेंके नहीं कोहनी, घुटनों, उंगलियों के पोर और तलवों पर इन्हे रगड़ें इससे इन स्थानों पर जमी मैल आसानी से साफ हो जाती है और यहां की त्वचा भी कोमल हो जाती है

**जलने के निशान मिटायें पपीते से :** अक्सर महिलाएं किचेन में खाना बनाते समय जल जाती हैं और उसके निशान पड़ जाते हैं इन निशानों पर पपीते के छिलकों को रगड़ने से ये धीरे-धीरे मिट जाएंगे

**संतरे एवं नींबू के छिलकों से पायें स्वस्थ बाल :** संतरे एवं नींबू के छिलकों का चूर्ण आंवले डाले हुए पानी में मिलाकर बालों को धोने से, बालों की रूसी खत्म हो जाती है और लंबे व घने बनते हैं। इसका लगातार प्रयोग लाभकारी होता है।

**नाखूनों को बनायें दागरहित :** कई महिलाओं के नाखून गंदे और चमकरहित होते हैं, जो देखने में काफी बदसूरत लगते हैं। इन पर नींबू के छिलकों को नाखूनों पर रगड़ने से ये दागरहित, स्वच्छ और चमकीले हो जाते है इसलिए आप जब भी नीबू का प्रयोग करे तो छिल्के इस काम में लायें।



**दांतों की चमक बढ़ाएं नींबू के छिलकों से :** इसी तरह दांतों को चमकाने के लिए नींबू के छिलकों को सप्ताह में एक-दो बार दांतों पर रगड़ें साथ ही इसके छिलके को सुखा एवं पीसकर इसमें थोड़ा-सा पिसा हुआ नमक मिलाकर इसे मंजन की भांति भी इस्तेमाल कर सकती है इससे दांत के कीड़े भी दूर होते हैं। ध्यान रहे कि नींबू यों भी दांतों और मसूड़ो के स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना गया है।

## जाने आपकी त्वचा कैसी है?

- टमाटर में त्वचा संबंधी कई प्रकार के विटामिन, साइट्रिक एसिड, खनिज, क्षार आदि मौजूद होने के कारण टमाटर एक प्रकार का सौंदर्यवर्धक है, जिसे नीचे दिए गए तरीकों से प्रयोग करके सौंदर्य में निखार लाया जा सकता है
- टमाटर के सूप में काली मिर्च डालकर नियमित पीने से कब्जियत दूर होती है, जिससे चेहरे पर चमक और शरीर मे चुस्ती बरकरार रहती है।
- टमाटर दूषित रक्त का शोधन करते है तथा चेहरे की त्वचा को गुलाबी आभा प्रदान करते है।
- टमाटर का जूस पीने से बाल चमकदार होते है बड़े टमाटर की मोटी–मोटी फांके काट कर गालों और आंखों के नीचे रखने से झाइयां और आंखों के काले घेरे हमेशा के लिए मिट जाते है।
- सावधानी झ टमाटर गुणकारी होने के बावजूद अत्यधिक मात्रा में सेवन करने से शरीर को हानि पहुंचाते है टमाटर ही क्या प्रत्येक चीज की अति खराब होती है जैसे झ पथरी के रोगियों को टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिऐ अगर आप टमाटर के लाभ उठाना ही चाहते है तो आपको



# डायबिटीज को आहार से करें कंट्रोल

डायबिटीज को कंट्रोल में रखना बहुत आवश्यक होता है क्योंकि बढ़े हुए ब्लड शुगर की समस्या पूरे शरीर के लिए गंभीर दुष्प्रभावों वाली हो सकती है। डायबिटीज की स्थिति के कारण हार्ट से लेकर किडनी, तंत्रिकाओं और आंखों को क्षति होने का खतरा हो सकता है। डॉक्टर कहते हैं, जिन लोगों के परिवार में पहले से ही किसी को डायबिटीज की समस्या रही हो, उन्हें इसके जोखिमों को लेकर और भी सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है।

डायबिटीज रोग विशेषज्ञ बताते हैं, ब्लड शुगर को मैनेज करने के लिए जरूरी है कि आप अग्नाशय और लिवर को स्वस्थ रखने वाले उपाय करते रहें। लिवर डिटॉक्स के उपायों को पालन करके आप शुगर लेवल को मैनेज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि लिवर को कैसे डिटॉक्स किया जा सकता है और यह ब्लड शुगर की समस्या को मैनेज करने में आपके लिए किस प्रकार से लाभकारी हो सकती है?

### लिवर डिटॉक्स और ब्लड शुगर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, लिवर का रक्त शर्करा के स्तर पर बहुत प्रभाव पड़ता है, अगर लिवर को स्वस्थ रखने वाले उपाय कर लिए जाएं तो इससे आसानी से ब्लड शुगर की समस्या को कम करने में मदद मिल सकती है। टाइप-2 डायबिटीज रोगियों में फैटी लिवर का खतरा अधिक होता है जो उनके रक्त शर्करा को नियंत्रित करने और वजन कम करने में बाधा बन सकता है।

यदि हम लिवर के कार्यों को ठीक कर लें तो यह रक्त में इंसुलिन और ग्लूकोज (चीनी) के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है।

विज्ञापन

### व्हीटग्रास जूस आपके लिवर के लिए फायदेमंद

शोधकताओं की टीम ने पाया कि यदि आप रोजाना व्हीटग्रास जूस का सेवन करते हैं तो यह अधिक प्रभावी ढंग से ब्लड शुगर की समस्या को कंट्रोल करने में आपके लिए मददगार हो सकती है। इसमें उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो लिवर को स्वस्थ रखने और ब्लड शुगर की समस्या को कंट्रोल करने में आपके लिए प्रभावी हो सकते हैं। व्हीटग्रास जूस के आपकी सेहत के लिए और भी कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ हैं। स्वस्थ और पौष्टिक चीजों का करें सेवन -

### लिवर और डायबिटीज को कंट्रोल करन के उपाय

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ आसान से तरीके हैं जिनको प्रयोग में लाकर आप न सिर्फ लिवर को डिटॉक्स कर सकते हैं, साथ ही ये डायबिटीज की समस्या को कंट्रोल करने के लिए भी जरूरी है।

- नियमित व्यायाम के साथ-साथ स्वस्थ और पौष्टिक आहार लें।
- आहार में प्रोटीन, साबुत अनाज, वसा, सब्जियां, डेयरी उत्पाद आदि को शामिल करें।
- आहार में फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें, ये लिवर और ब्लड शुगर दोनों के लिए फायदेमंद है।
- धूम्रपान, शराब और नशीली दवाओं का सेवन बिल्कुल भी न करें।
- लिवर को डिटॉक्स करने के लिए फलों-सब्जियों के जूस का सेवन करें, इससे आपको विशेष लाभ मिल सकता है।
- सिंपल कार्ब्स से दूरी

मीठी चीजें, ब्रेड, चावल, पास्ता, आलू, रिफाइंड वाली चीजें या जंक फूड, सिंपल कार्ब्स यानी स्टार्च से भरपूर होते हैं। ये तुरंत पचते व ग्लूकोज में बदलते हैं। यही ग्लूकोज खून में पहुंचकर शुगर का स्तर बढ़ाते हैं। इन्हें लेने से बचें।

- **प्रोटीन डाइट अधिक लें**

डाइट में कैलोरी कम करते हैं तो ऊर्जा के लिए प्रोटीन डाइट अधिक लें। इसमें अंडा, पनीर, अंकुरित दालें, दाल, नट्स और टोफू शामिल करें। इससे कमजोरी महसूस नहीं होती है। विटामिन बी, सेलुलर स्वास्थ्य को सही रखते है।

- **कैलोरी कम करें**

स्टडी के अनुसार, डायबिटीज रोगी 8 सप्ताह तक 750- 800 कैलोरी डाइट लेता है तो इससे रिवर्स डायबिटीज में मदद मिलती है। कम कैलोरी से जमा फैट कम होता है।

- **एक्टिव रहें, वॉक करें**

एक स्टडी के अनुसार, नियमित दवाइयां लेने वाले और रोज 10,000 कदम वॉक या व्यायाम से 500-700 कैलोरी तक बर्न करने वाले रोगियों में मधुमेह 50त्न तक घट सकता है।

- **उपवास करें**

एक रिसर्च में सामने आया कि सप्ताह में दो दिन उपवास और उसमें न्यूनतम डाइट (500-600 कैलोरी) हो तो इससे भी नियंत्रण में मदद मिल सकती है। लेकिन डाइट डॉक्टरी देखरेख में लें।

# गर्म चाय से आपके सेहत को हो सकता है नुकसान



**चाय,** एक ऐसा पेय, जो हम हिंदुस्तानियों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। अधिकतर लोगों के लिए हर दिन की शुरुआत सुबह की चाय के साथ होती है। अगर आप भी चाय पीने के शौकीन हैं तो हाल ही में हुए शोध पर आधारित यह खबर आपके लिए है। नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग चाय नहीं पीने वाले लोगों की अपेक्षा ज्यादा तंदुरुस्त रहता है। ये तो हो गई फायदे की बात, लेकिन अक्सर गर्म चाय पीना हमारी सेहत को भारी नुकसान भी पहुंचा सकता है।सिंगापुर में हुए एक शोध में ऐसा दावा किया गया है कि नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग, चाय नहीं पीने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा तेज काम करता है। पूर्व में भी हुए कई शोधों में ये बात प्रमाणित हो चुकी है। दरअसल, दिमाग के प्रत्येक हिस्से का व्यवस्थित रहना स्वस्थ संज्ञानात्मक क्रिया यानी कि दिमाग की प्रतिक्रिया से जुड़ा हुआ है।नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के असिस्टेंट प्रोफेसर फेंग लेई की अगुवाई में शोधार्थियों ने इन परिणामों तक पहुंचने के लिए 36 उम्रदराज लोगों के न्यूरोइमेजिंग डाटा को खंगाला। यह अध्ययन 2015 से लेकर 2018 के बीच 60 साल और उससे अधिक उम्र वाले 36 बुजुर्गों पर किया गया जिसमें उनकी सेहत संबंधी डाटा जुटाया गया।फेंग लेई ने कहा कि हमारे परिणाम मस्तिष्क के ढांचे पर चाय पीने से पड़ने वाले सकारात्मक योगदान की पुष्टि करते हैं। इससे साबित होता है कि नियमित रूप से चाय पीना दिमागी तंत्र में उम्र के कारण आने वाली गिरावट से भी बचाता है।चाय को लेकर पहले भी कई शोध हो चुके हैं। पूर्व के शोधों में यह बात साबित हो चुकी है कि चाय पीना कई दृष्टिकोण से सेहत के लिए फायदेमंद है। यह न केवल हमारे मूड/मिजाज में सुधार करता है, बल्कि हृदय और नसों संबंधी बीमारी से भी बचाता है।आम तौर पर लोगों को चाय-कॉफी वगैरह गर्म पीने का शौक होता है, लेकिन यह आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। जानकर हैरानी होगी, लेकिन शोध के जो परिणाम आए हैं, उनके अनुसार गर्म चाय पीने वाले लोगों के साथ कैंसर की समस्या पैदा हो सकती है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध में बताया गया है कि गर्म चाय या कॉफी पीने से इसोफेगल यानी खाने की नली का कैंसर होने का खतरा रहता है। दरअसल, गर्म पेय हमारे गले के ऊतकों को काफी नुकसान पहुंचाती है। हर दिन नियमित रूप से 75 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक गर्म चाय पीने वालों में इसोफेगल कैंसर का खतरा दोगुना हो जाता है। इसलिए चाय को बहुत गर्म पीने की बजाय थोड़ा ठंडा कर के पीना ज्यादा अच्छा होता है।

# त्वचा का कालापन से पा सकते हैं छुटकारा



**अकसर गरदन, टखने, घुटने और कोहनियों का कालापन आसानी से नहीं जाता है । कुछ क्लींजर, ब्लीच, स्क्रब और पैक का नियमित इस्तेमाल करके इस समस्या को दूर किया जा सकता है ।**

### त्वचा की सफाई

- दूध व नीबू का रस मिलाएं और साफ त्वचा पर लगा कर 2 मिनट तक रखें फिर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़ें और उससे हल्के हाथ से मलते हुए त्वचा को साफ करें
- नीबू के रस को दही में मिला कर त्वचा पर लगाएं और हल्का सूखने पर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़े । त्वचा पर हल्के हाथ से मलते हुए पोंछ लें ।

### दोरंगी त्वचा

खीरे का रस हर तरह की त्वचा के लिए फायदेमंद है । खीरे के स्लाइस को गुलाबजल में डुबो कर फ्रिज में रख कर ठंडा कर लें फिर साफ चेहरे पर रखें । आंखों पर भी रख सकती हैं, इनके नीचे के काले घेरे भी दूर होंगे । त्वचा ऑइली है, तो खीरे के स्लाइस पर 2 बूंदें नीबू के रस की भी डाल सकती हैं ।

### गोरी रंगत के लिए स्क्रब

- 1 छोटा चम्मच बादाम का पेस्ट, 1 छोटा चम्मच मलाई, 1 छोटा चम्मच सूरजमुखी का तेल, 1 छोटा चम्मच गुलाबजल, 1/4 कप मसूर की दाल का पेस्ट, सभी को मिला कर पेस्ट बनाएं । इसे चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट के बाद हल्के हाथ से धो लें । सूरजमुखी के तेल की जगह आप असेंशियल ऑइल की कुछ बूंदें भी मिला सकती हैं ।
- 5-6 बादाम का पेस्ट, 1/2 कप क्रीम, 2 बड़े चम्मच तिल का तेल और 1 छोटा चम्मच सूखे संतरे के छिलके का पाउडर लें । इसका पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाने के बाद 15 मिनट बाद धो लें ।
- 1 कप जौ का आटा, 1 कप दही और खीरे का रस सभी सामग्री को मिला कर पेस्ट बना कर 10 मिनट तक लगाएं । स्क्रब करके धो लें ।

### गरदन, कोहनी और टखने की त्वचा

- तुलसी त्वचा को स्वस्थ और चमकीला रखने में कारगर है । तुलसी का पेस्ट बेसन और दही में मिला कर साफ त्वचा पर लगाएं और 20 मिनट के बाद धो लें । ऐसा हफ्ते में 2 बार भी करें, तो कोहनियां साफ हो जाएंगी ।
- संतरे के छिलकों के बारीक पाउडर में थोड़ा शहद व मलाई मिला कर हफ्ते में 2 बार इसका प्रयोग करें । कुछ ही दिनों में त्वचा पर इसके नतीजे नजर आएंगे ।
- मलाई में 1 चम्मच सेब या मूली का रस मिला कर लगाएं । त्वचा की झांइयां व सांवलापन ठीक हो जाता है ।
- मुलतानी मिट्टी, जौ का आटा, संतरे का पाउडर व मलाई का मिश्रण गरदन और घुटनों की त्वचा के रंग को निखारता है ।
- संतरे के रस में भिगोयी हुई चने की दाल को दूध में पीस कर उबटन लगाने से रंग में निखार आता है ।
- 1 बड़ा चम्मच बेसन व 3 बड़े दूध को मिला कर पेस्ट बना लें । इस पेस्ट को रोज लगाने से कालापन दूर होता है ।
- 1/2 कप सूजी, 2 बड़े चम्मच दही, 1 छोटा चम्मच शहद, 1 बड़ा चम्मच पपीते के पल्प मिलाएं । इसमें मौजूद विटामिन बी कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है । त्वचा की रंगत निखरती है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर कोयला मजदूरों में उत्साह, ठोंक-पीट कर चुनेंगे प्रतिनिधि

# गिरिडीह सीट : मजदूरों की समस्या को संसद में रखनेवाले प्रत्याशी को देंगे वोट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव को लेकर अन्य क्षेत्र के अलावा कोलियरियों में काम करने वाले मजदूर एवं श्रमिक प्रतिनिधि काफी उत्साहित हैं। इधर प्रत्याशियों की नींद हराम हो गई है। प्रत्याशी दिन रात एक कर मतदाताओं को लुभाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। कतरास एवं बाघमारा क्षेत्र की कोलियरियों में सक्रिय मजदूर यूनियन प्रतिनिधि एवं कुछ मजदूरों का मिजाज टाटोला गया, तो उनकी प्रतिक्रिया ने चौंकाया और कई तरह की जानकारी भी दी।



प्रसाद राजा









**सबसे फिट इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी मथुरा महतो : राजेंद्र**

कतरास रामकनाली क्षेत्र में सक्रिय बिहार कोलियरी कामगार यूनियन सह सीटू से जुड़े राजेंद्र प्रसाद राजा ने कहा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो जमीन से जुड़े नेता हैं। उनकी सादगी ही उनका परिचय है। वे सभी छोटे बड़े के लिए सर्व सुलभ हैं। शिक्षा को लेकर वह काफी गंभीर रहते हैं. क्षेत्र के विकास के लिए उनका चयन सर्वमान्य होगा। कोयला मजदूरों का विश्वास है कि मथुरा दा उनकी समस्याओं के समाधान में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

**तीन महतो उम्मीदवारों के कारण हो रहा है कन्फ्यूजन : उमेश कुमार**

दुर्गा नगर कॉलोनी निवासी तथा कतरास बांसजोड़ा में कार्यरत कर्मी उमेश कुमार ने कहा कि गिरिडीह में तीन महतो केंडिडेट के कारण कुछ कन्फ्यूजन है। परन्तु वोट तो देना ही है। उमेश ने कहा कि एनडीए में फिर से सी पी चौधरी को चांस दिया गया है, जबकि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो अपने क्षेत्र में काफी सक्रिय देखे गए हैं। जेबीकेएसएस के प्रत्याशी जयराम महतो के बारे में कहा वह वे काफी तेजतर्रार व क्षेत्रीय जन अधिकार को लेकर काफी गंभीर हैं. परन्तु चुनावी मैदान में बिलकुल नये हैं।

**मोदी सर्वमान्य नेता, मगर क्षेतीय सवाल पर मथुरा महतो अव्वल: जे के झा**

बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के केंद्रीय महामंत्री मुराईडीह कॉलोनी निवासी मजदूर प्रतिनिधि जे के झा ने कहा कि वह लाल झंडा के हिमायती हैं। ऐसे में संगठन के नाते इस बार मथुरा महतो को जीत मिलना तय है। उनका नाम क्षेत्र में लोगो के बीच चर्चा में है। लोगों को उनपर विश्वास है कि जीतने के बाद वह क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेंगे। श्री झा ने कहा कि मोदी जी सर्वमान्य नेता हैं, परंतु क्षेत्रीय सवाल पर गंभीरता जरूरी है।

**जो भी जीते, मजदूरों की समस्याओं पर आवाज तो उठाये: धनंजय महतो**

मधुबन वाशरी के कर्मी धनंजय महतो ने कहा कि जो भी यहां से जीते, मजदूरों का भला करें। मजदूर की समस्याओं को संसद में रखने का काम करे। उन्होंने कहा आजादी के 76 साल बाद भी कोयला मजदूर विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में मजदूरों को अपने क्षेत्र के सांसद पर पूरा भरोसा है। पूरा यकीन है कि वहउनकी आवाज बनकर उभरेंगे।

**एनडीए प्रत्याशी सी पी चौधरी का जीतना तय : केशव पासवान**

कोयला इस्पात मजदूर पंचायत ब्लॉक दो के ब्रांच सेकरेट्री केशव पासवान ने कहा कि इस बार भी एनडीए प्रत्याशी सी पी चौधरी का जीतना तय है। वह मजदूरों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। मजदूरों की समस्याओं को उन्होंने संसद में रखने का काम किया है। कहा कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बाघमारा-कतरास में कई कोलियरियों में काम करने वाले मजदूरों को भी आशा व उम्मीद रहती है, कि कोई उनकी समस्याओं पर आवाज उठाये।

## स्पीड न्यूज

### मैथन इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर पुलिस ने कार से जब्त किये ढाई लाख रुपये



**मैथन।** झारखंड-बंगाल सीमा पर बने इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान बुधवार की रात मैथन पुलिस ने एक कार से ढाई लाख रुपये जब्त किये हैं। कार में सवार लोगों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग जमीन के कारोबार से जुड़े हुए हैं। इसी सिलसिले में कोलकाता से गिरिडीह जा रहे थे। पुलिस ने राशि जब्त कर ली है और मामले की जांच कर रही है। बता दें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धनबाद पुलिस ने झारखंड-बंगाल सीमा पर इंटरस्टेट चेकपोस्ट बनाया है और आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच-पड़ताल कर रही है। पिछले एक माह में पुलिस यहां कुल 50 लाख रुपये नगद एवं 36 किलो चांदी जब्त कर चुकी है। साथ ही भारी मात्रा में देसी-विदेशी अवैध शराब भी जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।

### बिजखामसं के बरोरा क्षेत्रीय शाखा कमेटी का गठन

**कतरास।** बिहार जनता खान मजदूर संघ बरोरा क्षेत्र संख्या एक की कमेटी गठन के लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षक रामजी साव की उपस्थिति में गुरुवार को बैठक हुई यूनियन के बरोरा क्षेत्र संख्या एक के शाखा पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बिनोद राय, कार्यकारी अध्यक्ष रत्नेश कुमार, उपाध्यक्ष-दाता राम, सचिव-कृष्णा कुमार, उपसचिव विशाल कुमार, कोषाध्यक्ष सुरज कुमार को मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीपक कुमार, मनोज कुमार नगेन्द्र साव, पन्ना लाल, लवण रवानी शामिल हैं।

### ईसीआरकेयू की शाखा दो व लाइन शाखा को मिला नया सचिव

**धनबाद।** ईसीआरकेयू की धनबाद शाखा टू में आर के सिंह तथा धनबाद लाइन शाखा में जेके साव को शाखा सचिव बनाया गया है। यूनियन के मीडिया प्रभारी ख्वास ने बताया कि दोनों शाखा के पूर्व सचिव नेताजी सुभाष और सोमेन दत्ता के केंद्रीय कमेटी में संगठन सचिव बनने के बाद से यह पद खाली था, जिसकी आज भरपाई हो गई है। ज्ञात हो कि नये सचिव श्री सिंह ट्रेन मैनेजर के पद पर धनबाद में, जबकि श्री साव सीनियर सेक्शन इंजीनियर कैरिज विभाग धनबाद में पदस्थापित हैं उनके पद संभालने से धनबाद के रेल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में गति आएगी ।

### रेलवे स्टेशन से गुम हुआ फोन आरपीएफ ने यात्री को किया वापस

**धनबाद।** अक्सर मोबाइल फोन गुम हो जाने के बाद किसी को दुबारा नहीं मिलता है। पुलिस में शिकायत दर्ज करने के बाद भी लोगों को कोई फायदा नहीं होता है। लेकिन इस मामले में महुदा का एक युवक भाग्यशाली साबित हुआ। बिना थाना में शिकायत के आरपीएफ ने फोन वापस कर दिया। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर मिथिलेश कुमार ने बताया कि बुधवार को गश्ती के दौरान धनबाद स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 3 पर एक्सलेटर के पास वाले शेड के खंभे के नीचे एक एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन पड़ा मिला। फोन की अनुमानित कीमत करीब पचास हजार है। यह फोन महुदा निवासी हर्षित भट्ट का था। वह सियालदह-अजमेर ट्रेन पकड़ने धनबाद स्टेशन आया था। तभी उसका फोन गिर गया था।

## कोयलांचल में धूमधाम से मनाया गया प्राकृतिक पर्व सरहुल

**मांदर की थाप पर झूमे एसएसपी, सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** कोयलांचल में गुरुवार को आदिवासी समाज ने प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया। जिले के विभिन्न स्थानों पर मांदर की थाप पर, पारंपरिक नृत्य गीत पर झूमते हुए लोग जाहेर थान पहुंचे, जहां विधि विधान के साथ साल वृक्ष की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद पूजा स्थल पर घडा में पानी रखा गया । पाहन ने पानी की जांच की। इसके बाद पाहन ने इस वर्ष अच्छी बारिश तथा फसल का उत्पादन अच्छा होने की बात कही।

शहर में सरना समिति ने पुलिस लाइन, तेलीपाड़ा और भूदा में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया। पुलिस लाइन में वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी सहित पुलिस विभाग के तमाम पदाधिकारी तथा पुलिस जवान एवं उनके परिवार के लोगों ने भाग लिया। पारंपरिक तरीके से अनुष्ठान किया गया। एसएसपी समेत तमाम पदाधिकारियों का का स्वागत पारम्परिक आदिवासी नृत्य से किया गया। जमकर ढोल, मांदर बजा। पारंपरिक परिधान में महिला-पुरुष मांदर, ढोल व नगाड़े की थाप पर नाचते-गाते सरना स्थल पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर एसएसपी एवं सभी मंचासीन पदाधिकारियों का स्वागत गमछा व पौधा देकर किया गया।

एसएसपी ने सभी को अपनी ओर से सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी। केंद्रीय सरना समिति प्रतिवर्ष सरहुल पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन करती है। सरहुल पर्व के लिए आदिवासी सालो भर से इंतजार में रहते हैं और पूरे धूमधाम से मनाते हैं। सरहुल पर्व का मतलब है जल जंगल और पानी बचाना, इसी के साथ नूतन वर्ष भी प्रारंभ होता हैं।

भूदा और तेलीपाड़ा स्थित जाहेर थान में भारी संख्या में लोगों का जुटान हुआ। परंपरा अनुसार पूरा अनुष्ठान किया गया। पुलिस समाज के विरू हांसदा ने बताया कि होली के साथ ही सरहुल की तैयारी में आदिवासी समाज बहुत पहले जुट जाता है। प्रकृति से जुड़े इस पर्व में मुख्य रूप से प्रकृति की पूजा होती है। आदिवासियों का यह त्योहार होली की तरह है, इसमें जनजातियों का प्रकृति से लगाव दिखता है। इस मौके पर महिलाओं ने सखुआ का फूल बालों पर लगाकर आदिवासी नृत्य पेश किया। सरहुल की खुशियां मनाती है।

पुलिस लाइन धनबाद में वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी समेत पुलिस विभाग के तमाम पदाधिकारी तथा पुलिस जवान एवं उनके परिवार के लोगों ने भाग लिया। जमकर ढोल, मांदर बजा। पारंपरिक परिधान में महिला-पुरुष मांदर, ढोल व नगाड़े की थाप पर नाचते-गाते सरना स्थल पहुंचे।

### सेल टासरा ने लगाया फ्री हेल्थ चेकअप कैंप




**सिंदरी।** बोकारो स्टील प्लांट की कोलियरी डिवीजन की सेल टासरा प्रोजेक्ट ने सिंदरी के साउथ हॉस्टल में गुरुवार को सीएसआर के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में डॉ अनन्या डे ने 75 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की, जिनमें 45 महिला व 30 पुरुष शामिल थे। मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवा का वितरण भी किया गया। कैंप में समाजसेवी जितेंद्र शर्मा ने आसपास के लोगों को स्वास्थ्य जांच कराने के लिए जागरूक किया व मदद की। शिविर में डॉ अनन्या डे की मेडिकल टीम सहित राकेश टुडू, बैशाखी हाँसदा, अनिल चक्रवर्ती, सोनू, उज्जवल, निखिल कुमार मौजूद थे।

**मस्जिदों और ईदगाहों पर उमड़ी भीड़, युवा-बुजुर्ग सहित बच्चों ने भी दी मुबारकबाद**

### गिरिडीह में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्योहार

**गिरिडीह।** गिरिडीह मेंआपसी भाईचारे का त्योहार ईद गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अहले सुबह से ही जहां एक ओर ईद को लेकर लोगों में उत्साह था। वहीं युवा और वृद्धों के साथ बच्चे भी नये नये कपड़े पहनकर ईद की नमाज अदा करने के आस पास के मस्जिदों व ईदगाह तक पहुंचे। शहर के स्टेशन रोड सिथत लाइन मस्जिद, भंडारीडीह स्थित जामा मस्जिद, मोहनपुर, मस्जिद, पचंबा, विशनपुर, बड़ा चौक, बरवाडीह सहित आस पास के मुफस्सिल क्षेत्र स्थित मंस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने के बाद भंडारीडीह व बरवाडीह स्थित ईदगाह में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पूरी अदबो एहतराम के साथ ईद की नमाज अदा की। शहर के भंडारीडीह कब्रिस्तान स्थित ईदगाह और बरवाडीह कब्रिस्तान स्थित ईदगाह में नामाजियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। महिलाओं और युवतियों ने घरों में ही ईद की नमाज अदा की। नमाज अदा करने के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल फितर की मुबारकबाद दी।

इस क्रम में युवाओं के साथ । बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ अपने हमउम्र के साथ गले मिलकर ईद की बधाई दी। घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों के साथ रिश्तेदारों व दोस्तों ने भी एक दूसरे को ईद की बधाई दी और सेवई का



लुत्फ उठाया। इधर शहर से लेकर ग्रामीण इलाको में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अधिकारी भ्रमण करते दिखे। सभी थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्र में सुबह से ही पेट्रोलिंग करते दिखे। शहर के बरवाडीह और भंडारीडीह ईदगाह के पास एसडीपीओ विनोद रवानी, डीएसपी वन अंकिता राय व डीएसपी टू कौशर अली, नगर थाना प्रभारी शैलेंद्र प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, पचंबा थाना प्रभारी नरेश यादव समेत कई पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद दिखे। बाइक पर पुलिस जवानों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही थी।

### प्रयास इंडिया ने मनाया संस्था का 17वां स्मृति दिवस

**सिंदरी।** गैर सरकारी शैक्षणिक संस्था प्रयास इंडिया ने अपना 17 वां स्थापना दिवस बुधवार की देर शाम को उत्साहपूर्वक मनाया। यह संस्था बीआईटी सिंदरी के शिक्षारत छात्र छात्राओं द्वारा कई वर्षों से स्लम एरिया के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर चलाई जा रही है। उत्सव की पूर्व संध्या की शुरुआत में विकास और पर्यावरणीय स्थिरता का प्रतीक पौधे लगाए गए। रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करते हुए रोमांचकारी चित्रकला प्रतियोगिताओं ने युवा प्रतिभागियों की रुचि को बढ़ाया। योग्य विजेताओं को उनकी अभिनव कलाकृति के लिए सम्मानित किया गया। उत्सव के समापन पर चाकलेट बांटे जाने के दौरान मासूम चेहरों पर मुस्कान छा गई। यह उपलब्धि न केवल प्रयास इंडिया के निरंतर समर्पण की पहचान करती है।

### गलफरबाड़ी में पचास बोतल अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नितिश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार की रात अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। रात आठ बजे एग्यारकुंड मोड़ स्थित तपन घोष की गुमटी में छापेमारी कर पचास बोतल बीयर और अंग्रेजी शराब जब्त की। मौके से तपन घोष को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तपन घोष की गुमटी में चोरी छिपे अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री हो रही है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और गुमटी से पचास बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की।

## एक नजर में

### बीआईटी सिंदरी के प्रो घनश्याम ने युवाओं को मतदान के लिए किया प्रोत्साहित



**सिंदरी।** लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए बीआईटी सिंदरी के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के सीडीसी प्रो घनश्याम ने गुरुवार को संस्थान के छात्रों से मताधिकार का उपयोग करने का आग्रह किया। प्रत्येक मत से देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भूमिका पर उन्होंने प्रकाश डाला। छात्र लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए नये उत्साह के साथ रवाना हुए। उन्होंने कहा कि यह आह्वान एक ऐसे भविष्य का वादा करता है, जहां युवाओं की आवाज शासन के गलियारों में सशक्त रूप से गूंजेगी। एक मजबूत व अधिक जीवंत लोकतंत्र की दिशा में रास्ता तैयार करेगी।

### मारवाड़ी समाज का 16 दिवसीय गणगौर पूजा शिव पार्वती मूर्ति विसर्जन के साथ संपन्न



**कतरास।** मारवाड़ी समाज की 16 दिवसीय गणगौर पूजा गुरुवार को संपन्न हो गई। गणगौर पूजा में नव विवाहित युवतियों ने पति की रक्षा के लिए भगवान शिव एवं पार्वती की 16 दिनों तक पूजा अर्चना की और सूर्य मंदिर स्थित कतरी नदी में मूर्ति विसर्जन किया। नव विवाहित युवतियां भगवान शिव एवं पार्वती की मूर्ति ले कर नाचती गाती भजन कीर्तन करती कतरी नदी पहुंची, जहां मूर्ति का विसर्जन किया गया। इसके पूर्व राणी सती दादी मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ मां पार्वती एवं भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई। मौके पर मारवाड़ी समाज की कविता अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, श्वेता खंडेलवाल, रूपा डंगाईच, अंशु अग्रवाल, संगीता जलान, पूनम, दीपा, शिल्पा गोयल, तृप्ति शर्मा, दृष्टि शर्मा, ईशा शर्मा, रेखा शर्मा, ज्योति शर्मा, कोमल शर्मा, रमा शर्मा, अंजना शर्मा आदि मौजूद थी।

### सामाजिक कुरीतियों के प्रबल विरोधी थे महात्मा ज्योतिराव फुले



**कतरास।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर की ओर से कतरास बाजार भाजपा कार्यालय में ज्योतिराव फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौर चन्द बाउरी ने की एवं संचालन महेश पासवान ने किया। जिलाध्यक्ष गौरचंद बाउरी ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले भारतीय समाज सुधारक, विचारक, सामाजिक कुरीतियों के प्रबल विरोधी, महिलाओं, पिछड़े शोषित वर्ग एवं किसानों के कल्याणार्थ अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले दार्शनिक एवं सत्य शोधक समाज के संस्थापक थे। उन्होंने हमेशा समाज के लिए कार्य किया। उनके रास्ते पर चलकर ही समाज को सही दिशा और दशा दे सकते हैं। आज उनके आदर्श पर चलने के लिए संकल्प लेने का दिन है। इस मौके पर 14 अप्रैल को डा भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने बारी-बारी से अपने विचार रखे। समारोह में रामजीत भुईयां, रविन्द्र विजन, आशीष पासवान, ललन पासवान, फुल जोशी, श्रीमंत बाउरी, राजेश हाड़ी, पवन दास, प्रमोद भुईयां, बिनेश कुमार, रमेश बाउरी, भोला बाउरी, सोना रजक, शिव पासवान, अमित कुमार कालिंदी, आनंद बाउरी, अमित भगत, फुल कुमारी, नीलम कुमारी, प्रकाश, बबलू बनर्जी, सुखदेव मिश्रा, बबलू बर्मन, हरेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, विजय शंकर चौहान, राजकुमार साहू, छोटु पासवान, सुरेश गुप्ता, दीपक पासवान, आनंद रजक, मुकेश झा आदि मौजूद थे।

### चित्रगुप्त मंदिर सिंदरी में चल रहा एकल विद्यालय का प्रशिक्षण शिविर

**सिंदरी।** एकल अभियान सिंदरी संच के द्वारा चित्रगुप्त मंदिर सिंदरी में गोविन्दपुर और निरसा संच के एकल विद्यालय की शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण शिविर तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग में प्रथम सत्र शारीरिक बौद्धिक प्रमुख टाटा जामाडोबा से अवकाश प्राप्त सह वॉलीबॉल राष्ट्रीय खिलाड़ी इन्द्रमोहन सिंह ने दिया। द्वितीय सत्र अंचल प्रशिक्षण प्रमुख देवनाथ महतो ने पूरा कराया। तृतीय सत्र प्रशिक्षण प्रमुख दिनेश महतो ने संपूर्ण कराया। चतुर्थ सत्र अंचल अभियान प्रमुख खेदन महतो व पंचम सत्र सम्भाग प्रशिक्षण प्रमुख धनंजय दास जी ने लिया। पंचम सत्र दो घंटे के विद्यालय संचालन के विषय-वस्तु पर पूरा कराया गया। इस सत्र में समिति के वरिष्ठ सदस्य पीडीआइएल से अवकाश प्राप्त विवेक रंजन दत्ता उपस्थित थे।

### आजसू सुप्रीमो सुदेश 20 को धनबाद में, देंगे जीत का मंत्र

**धनबाद।** आगामी 20 अप्रैल को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के धनबाद आगमन को लेकर गुरूवार को मेमको मोड़ स्थित एक मैरिज हॉल में पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसङ्गा चुनाव की रणनीति व पार्टी सुप्रीमो के कार्यक्रम पर चर्चा की गई। बताया गया कि पार्टी का लक्ष्य, झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट पर एनडीए गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में देना है। इसी को लेकर पार्टी स्तर पर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी चल रही है। कार्यकताओं को जीत का मूल मंत्र दिया जायेगा। ज्ञात हो कि एनडीए गठबंधन की ओर से आजसू को सिर्फ गिरिडीह सीट मिली है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, केंद्रीय सदस्य बिना सिंह, राधेश्याम गोस्वामी, अवधेश यादव, हालदार महतो, हीरालाल महतो, प्रवीण कुमार ,वंश राज कुशवाहा, राजेश गुप्ता, राजेश महतो, वीरेंद्र निषाद, जीतू पासवान, पप्पू सिंह, रतीलाल महतो उपस्थित थे।

# सेना के शहीद जवान प्रज्ञानंद का शव जीतपुर पहुंचा, हर ओर छाया मातम

## गूंजे भारत माता के जयकारे, पत्नी, माता-पिता और भाई के थम नहीं रहे आंसू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** शहीदों की चिता पर लगेंगे हर वर्ष मेले,वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशां होगा। जीतपुर निवासी गजेन्द्र सिंह के34 वर्षीय पुत्र नायक प्रज्ञानंद सिंह कश्मीर के उधमपुर में गश्ती के दौरान खाई में गिर कर शहीद हो गए। उनका पर्थिव शरीर गुरुवार को जीतपुर पहुंचते ही भारत माता के जयकारे से इलाका गुंजायमान हो गया। उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देनेवालों में झरिया के सीओ राम सुमन प्रशाद, थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, भाजपा विधायक राज सिन्हा, सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो रागिनी सिंह, योगेंद्र यादव,



उचित महतो,कांग्रेस के शमशेर आलम,एकलव्य सिंह, मृणाल कांत सिंह, स्थानीय पार्षद जय कुमार, अखिलेश सिंह, बाबू जैना आदि शामिल थे।

**घर में छाया मातम**

शहीद की मां सुनैना देवी,पत्नी नीकु देवी, एक वर्ष का पुत्र अयांश,पिता गजेन्द्र सिंह, भाई पुष्प नारायण सिंह, मझला भाई मनोज सिंह सहित परविार के लोगों के आंसू थम नहीं रहे हैं। दो वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। पत्नी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह बार बार बेहोश हो रही थी।

जेलगोड़ा निवासी शहीद शशिकांत पांडेय के परिवार घटना के बाद सहम गए हैं। शहीद के पिता राजेश्वर पांडेय ने कहा कि 17 दिसम्बर 2016 को संध्या 6 बजे सेना मुख्यालय कश्मीर से फोन आया कि बेटा को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने गोली मार दी और वह शहीद हो गया है। खबर सुन कर लग रहा था कि दिल की धड़कन रुक सी गई है। श्री पांडेय ने कहा है कि जीतपुर के शहीद प्रज्ञानंद को राज्य एवं केंद्र सरकार हर तरह की मदद करे। जिस गरीब का बेटा शहीद होता है, वही दर्द जानता है।

**जीतपुर में शहीद के लिए बनाया जाए स्मारक**

पूर्व डिप्टी मेयर एकलव्या सिंह ने कहा है कि झरिया विधायक से मिलकर मांग करेंगे कि जीतपुर में शहीद प्रज्ञानंद चैक बनाया जाये।

**भाजपा करेगी हर तरह की मदद**

भजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा, श्रवण राय, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह व योगेंद्र यादव ने कहा है कि पार्टी की ओर से या व्यक्तिगत रूप से शहीद के परिवार को हर तरह की मदद की जायेगी। भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री, गृह मंत्री से हर तरह की मदद की मांग करेंगे।

**कैसे हुए शहीद**

अम्बाला में पोस्टेड शहीद प्रज्ञानंद सिंह के भाई पुष्प नारायण सिंह ने बताया कि 6 अप्रैल को प्रज्ञानंद उधमपुर में जीप पर गश्ती के लिए निकले थे। तभी किसी कारण वश बाहर निकले और गहरी खाई में गिर गए। सेना के अधिकारियों ने परिवार वालों से सम्पर्क किया, परन्तु पता नहीं चला। सेना के जवानों ने काफी खोजबीनान की और दो दिन बाद नदी से शव बरामद किया। बुधवार को शव रामगढ़ सिख रेजिमेंट के मुख्यालय लाया गया, वहा से जीतपुर लाया गया है।

# दुमका में शांति और भाईचारे के साथ मनी ईद

## ईदगाह और मस्जिदों में नमाज के लिए उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका सहित पूरे जिले में गुरुवार को शांति और भाईचारे के साथ ईद मनाई गई। ईद की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह और जामा मस्जिद सहित जिले के मस्जिदों में मुस्लिम भाइयों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिले और ईद की मुबारकबाद दी। दुमका के जामा मस्जिद में ईद उल फित्र के मौके पर इमाम ने कहा कि ईद शांति एवं भाईचारे का त्योहार है। जिस तरह रमजान के महीने में हमलोगों ने इबादत की, वह जज्बा पूरे साल रखें। जरूरत मंदो की मदद हर वक्त करें। अपनी आमदनी का एक हिस्सा जकात के रूप में गरीबों के बीच बांटें। ईद के मौके पर लोगों ने देश-दुनियां में अमन-चैन की दुआ की। ईद को लेकर दुमका और आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल रहा। ईद खुशियों और आपसी भाईचारे का त्योहार है। राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्त्ता के साथ सभी वर्ग के लोगों ने मुस्लिम भाइयों से गले मिल कर ईद की मुबारकबाद देकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। ईद के मौके पर शहर के दुधानी ईदगाह, जामा मस्जिद के साथ ही जरुवाडीह मस्जिद, खिजुरिया मस्जिद, लखीकुंडी मस्जिद, डंगालपाड़ा मस्जिद, कुम्हारपाड़ा मस्जिद, राखाबनी मस्जिद, मखदमू नगर मस्जिद, न्यू डंगालपाड़ा मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों के साथ पूरे जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज पढ़ने भारी भीड़ उमड़ी। जिले के विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में भी ईद का त्योहार प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया गया।



### मुहल्लों में की गयी थी सजावट



दुमका शहर के कई क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने आसपास के क्षेत्रों की सजावट की और डीजे लगाकर जमकर मनोरंजन किया। ईद त्योहार को लेकर फल मंडियों एवं बाजार की काफी संख्या में दुकाने बंद दिखी। बाजार में सन्नाटा पसर गया था। मुस्लिम समुदाय के लोग नए-नए वस्त्र पहनकर मौज-मस्ती करते नजर आए। दुमका के श्रीराम पाड़ा सहित कई मुहल्ले में खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। खेलकूद में विजेता बच्चे को पुरस्कार दिया गया।

# बरहेट के हड़वाडीह में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद उल फितर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरहेट।** गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काफी हर्षोल्लास के साथ ईद का नमाज अदा किया। ईद एक उर्दू शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ है खुशियां मनाना। ये खुशी विगत एक माह रोजा रखने के बाद आता है।

जिसमे पूरी माह दिन मे अल्लाह के इबादत के लिए भूखे-प्यासे रहने के बाद वो दिन आता है, जिसमे दिन मे खाने पीने की पाबंदी हट जाती है। इसलिए ये खुशी ईद मना कर अपनी खुशियों को जाहिर करते हैं। ईद से पूर्व फितरा अदा किया जाता है, जिसमे एक दिन के बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के लिए फर्ज है, जो गरीबों, निसहाय लोगों के लिए एक सुनिश्चित राशि फर्ज है, जो ईद की नमाज से पहले उस राशि को गरीबों मे बांटा जाना आवश्यक है। फितरा अदा करने के बाद ईद की नमाज के लोग ईदगाह में इकट्ठा होकर दो रकात ईद की नमाज अदा कर रोजा पूर्ण होने की अल्लाह को शुक्रिया अदा करते हैं।

वहीं गुरुवार को सुबह से ही सेवई, मिठाइयां आदि जैसे पकवान की खुशबू फिजाओं मे महक उठा। लोग आपसी दुश्मनी को भुलाकर एक दूसरे को गले लगा कर एक दूसरों को बधाइयां देने में हैं। हड़वाडीह की ईदगाह में इमाम मौलाना एहसानुल्लाह अंसारी के इमामत में ईद की नमाज पढ़ी गई।

## एक नजर में

### साहिबगंज: चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार



बरहेट। गुप्त सूचना का आधार पर तो दो संदिग्ध व्यक्ति चोरी का मोटरसाइकिल से घूम रहे थे सूचना का सत्यापन हेतु छापेमारी के लिए वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश में एक पुलिस टीम गठित कर बुधवार को 3:20 बजे रक्सी मोड़ के पास वाहन जांच लगाया गया। जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति पंचकठिया बाजार की ओर से काला रंग का अपाची मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट से आ रहे थे ।पुलिस टीम को वाहन जांच करते देखकर भागने लगे, जिससे पुलिस को संदेह हुआ अंततः टीम के द्वारा पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर यासीन अंसारी उम्र 25 वर्ष पिता अकबर अंसार, साकिन सिमलढाब केवट टोला तो वहीं दूसरा वसीम अंसारी पिता मोइनुद्दीन अंसारी साकिन हड़वाडीह बीच टोला, दोनों बरहेट थाना जिला साहिबगंज बताए जाते हैं। उक्त मोटरसाइकिल से कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि उक्त मोटरसाइकिल को करीब दो महिना पहले हाथीबथान मेला में रात्रि में चोरी किए हैं ।चोरी की गई मोटरसाइकिल की बारामदगी हेतु पुलिस टीम मे बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार पु अ नि अनिल कुमार, विक्रम कुमार बावरी, पवन कुमार सिंह, अरुण जय सिंह, गार्ड हवलदार सुनील कुमार, आरक्षी शिवकुमार, हरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार एवं अवनीश कुमार ने उद्वेदन करते हुए काला, लाल रंग का अपाची बरामद किया गया तथा अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### साहिबगंज: सिद्धो-कान्हु की जयंती पर जिला प्रशासन ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



बरहेट। गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के वीर शहीद सिद्धो-कान्हु के जयंती के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन शहीद की धरती भोगनाडीह पहुंचा। जिसमे डीडीसी सतीश चंद्रा, अपर समहर्ता राज महेश्वरम, एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा, बरहेट बीडीओ अंशु कुमार पांडेय सहित अन्य पदाधिकारियों ने सिद्धो-कान्हु पार्क स्थित शहीद की प्रतिमा पर हरा रंग का वस्त्र ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर दल बल के साथ एएसआई बी के पांडेय, प्रखंड कर्मी जीपीएस धीरेंद्र कुमार, पंचायत सचिव अखिलेश यादव, बिरजू तांती, डीएफटी आदित्य भगत, राजू कुमार, नाजिर शशिलाल मुर्मू सहित अन्य मौजूद थे।

### साहेबगंज : भाजपा द्वारा राजमहल लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर बैठक सम्पन्न



राजमहल। भारतीय जनता पार्टी साहेबगंज द्वारा राजमहल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोरियो, बरहेट, राजमहल विधानसभा का संगठनात्मक बैठक साहेबगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्थित जिला परिषद मार्किट के उत्सव बैंक्वेट हॉल में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। इस बैठक में राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस संकल्पना के साथ अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया हैं उसे हम सभी कार्यकर्त्ता मिलकर पूरा करेंगे। इसके लिए अब दिन रात संगठन के काम को लेकर अपने अपने बूथों पर मजबूती के साथ मैदान में जाकर राजमहल लोकसभा में कमल खिलाने को लेकर दोगुनी मेहनत के साथ काम मे लग जाये। कहा कि बूथ जीतों चुनाव जीतों मन्त्र कोआत्मसात करते हुए संगठन के काम मे लग जाये। निश्चित ही कार्यकर्ताओं का परिश्रम रंग लाएगी और राजमहल लोकसभा में कमल खिलेगा। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को सिदो-कान्हो का प्रतिमा भेंट करके उनको सम्मानित किया।

### साहिबगंज : मंत्री आलमगीर आलम ने इस्लामपुर ईदगाह मैदान में ईद उल फितर की नमाज अदा की



बरहरवा। गुरुवार को ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मुबारक मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने इस्लामपुर ईदगाह मैदान में ईद उल फितर की नमाज अदा की। मंत्री ने देश एवं प्रदेशवासियों के अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की। साथ ही देश एवं प्रदेशवासियों ईद की मुबारकबाद एवं बधाई दी।

### पुत्र व पुत्र वधु ने कर दी गला रेतकर मां की हत्या

हिरणपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के मुगार्डांगा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आया है। जहां एकमात्र पुत्र होपना टुडू व पत्नी सलगी मुर्मू ने मिलकर धारदार हथियार से गला काटकर मां रानी हेम्ब्रम (50) की हत्या कर दिया। इसकी सूचना पाने साथ मौके पर पहुंचे प्रभारी थाना प्रभारी गोपाल महतो व एसआई अनिल कुमार सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर हत्यारोपी पुत्र व पुत्रवधु सलगी मुर्मू को गिरफ्तार कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतका का पति लक्ष्मण टुडू का मृत्यु पांच वर्ष पूर्व हो गया था। मां पुत्र से अलग रहती थी। पुत्र भी अपने पत्नी व बच्चो के साथ एक ही मां से अलग रहता था। मृतका के तीन पुत्री भी है। इसमे ढेना टुडू का शादी पथरिया (साहेबगंज), छिटो टुडू का महारो व फुलमुनि टुडू का वर्धमान (बंगाल) में हुई है। तीनो अपने अपने ससुराल में ही रहती है मृतका के पास करीब 25 बीघा जमीन था। हत्यारोपी पुत्र के अनुसार सभी जमीन मृतका अपने तीनो पुत्रियों को देना चाह रही थी। इसी बात को लेकर अपरान्ह चार बजे मां व बेटा में काफी विवाद हुआ। इसी क्रम में पुत्र व पुत्रवधु ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने बताया कि हत्यारोपी दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनो को जेल भेज दिया जाएगा।

### श्री श्री 108 हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा सह यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम शामिल हुई पूर्व विधायक बबीता



बेरमो/ललपनिया। गोमिया विधानसभा क्षेत्र लोकप्रिय पूर्व विधायक बबीता देवी ने गुरुवार को गोमिया प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचमो अंतर्गत हुरदाग पहुंच ग्रामीणों के द्वारा आयोजित श्री श्री 108 हनुमान मंदिर प्राणप्रतिष्ठा सह यज्ञ अनुष्ठान के जल यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने यज्ञ मंडप में महिला श्रद्धालुओं के माथेपर कलश रखा। जिसके बाद श्रद्धालुओं का कारवां चुटवा नदी के लिए रवाना हुआ। पूर्व विधायक बबीता देवी भी इस जलयात्रा में शामिल रहीं। मौके पर वउन्होंने समस्त ग्रामवासियों को अनुष्ठान की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूजा समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महोदया का स्वागत एवं अभिनंदन किया। यहां जल यात्रा कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### धार्मिक आयोजनों से वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से पट जाता है : योगेंद्र प्रसाद महतो



बेरमो/ललपनिया। झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया विधानसभा लोकप्रिय पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखंड क्षेत्रके कोठीटांड़ पहुंचे। यहां आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 1008 मारुतिनंदन महायज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के कलश जल यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मलित हुए। तथा उन्होंने यज्ञ मंडप से श्रद्धालुओं के साथ कलश जल यात्रा में शामिल रहे। यहां मौके पर उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को अनुष्ठान की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ उन्होंने वीर बजरंग बली एवं अन्य देवी देवताओं का जयघोष भी किया।उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से पट जाता है। लोगों की मन चेतना को शांति और परोपकार की भावनाओ जागृत होती है व ईश्वर के प्रति भक्ति भावना और प्रगाढ़ होती है। इस दौरान पूजा समिति ने माननीय अध्यक्ष श्री महतो का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज व श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### साहिबगंज: ईद उल फितर की नमाज अदा की गई



उधवा। गुरुवार को प्रखंड के मस्जिदों व ईदगाहों में ईद-उल-फित्र की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई।लोगो ने एक दूसरे के साथ गले मिले एवं ईद की मुबारकबाद दिया। माह-ए रमजान खत्म होने के बाद मोहब्बत व अमन के पैगाम के साथ उधवा में खुशियों का त्योहार ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से ही घरों में काफी रौनक बनी हुई थी। वही प्रखंड क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। ईदगाह में सामूहिक नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। जानकारी के अनुसार पहाड़गांव, दरगाहडांगा, इंग्लिश, अमानत, बेगमगंज, प्राणपुर,बालुगांव,उत्तर पलाशगाछी सहित अन्य ईदगाहों में ईद की नमाज अपने निर्धारित समय पर अदा की गई। नमाज के बाद समस्त विश्व व अपने मुल्क के अमन-चैन के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

## स्पीड न्यूज

### अनिता बनी बेरमो विस संचालन समिति सह प्रबंध समिति की सदस्य



बेरमो। गिरिडीह लोक सभा के चुनाव को लेकर बेरमो विधानसभा में भाजपा के द्वारा संचालन समिति प्रबंध समिति व कोर कमेटी का गठन किया गया। संचालन समिति प्रबंध समिति कोर कमेटी में भाजपा नेत्री अनीता गुप्ता को बेरमो विधानसभा के संचालन समिति सह प्रबंध समिति का सदस्य बनाया गया है । जिससे लोगों में काफी खुशी है। लोगों ने उन्हें बधाई दिया। अनीता गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने विश्वास के साथ मुझे सदस्य बनाया है। मैं पूरी ईमानदारी पूर्वक कार्य करने का कार्य करूंगी और गिरिडीह लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को सभी के मदद से जीत दिलाने का काम करूंगी।

### पाकुड़ : ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत



लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के चितलोफॉर्म के समीप गुरुवार को ट्रक संख्या जेएच 10बीजे 7296की चपेट में आने से एक 22 वर्षीय बाईक चालक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गया। मौत के बाद मुवावजे एवं सड़क पर ब्रेकर की मांग को लेकर परिजन सहित स्थानीय ग्रामीणों ने दुमका पाकुड़ मुख्य सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया। जिससे दोनों छोर गाडियों की लंबी कतार लग गई।जाम की खबर मिलते ही थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह, बीडीओ मरांडी घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को जाम हटाने के लिए समझाने बुझाने का प्रयास किया परंतु स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर ब्रेकर एवं मृतक के परिवार को उचित मुवावजे की मांग पर अड़े रहे। बीडीओ ने आश्वस्त करते हुए कहा सड़क पर ब्रेकर लगवाने की मांग किया जाएगा। साथ ही तत्काल मृतक के परिजनों को 10 हजार रूपए देकर करीब तीन घंटे बाद जाम को हटाया गया। जानकारी के अनुसार मृतक सिमलोंग ओपी क्षेत्र के जापानी गांव निवासी मोनिलाल मड़ैया का पुत्र है। बताया जा रहा है युवक अपने लिए लड़की देखने लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव आया हुआ था। संतोष की मौत के बाद उनके परिजन दहाड़ दहाड़ कर रो रहे थे। थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया गया है घटनास्थल से ट्रक को जब्त कर लिया गया है मामले को लेकर जांच किया जा रहा है।

### सिद्धो-कान्हु जंयती पर जन प्रतिनिधि पहुंचे पंचकठिया क्रांति स्थल



बरहेट। गुरुवार को अमर शहीद सिद्धो-कान्हु के जंयती पर विभिन्न राजनीतिक दल के जन प्रतिनिधि प्रखण्ड क्षेत्र के क्रान्ति स्थल पंचकठिया पहुंचे। एक तरफ झामूमो के कद्दावर नेता सह राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा क्रान्ति स्थल पहुंचकर मल्यार्पण कर शहीदों की श्रद्धांजलि अर्पित किए, साथ मे झामूमो प्रखंड अध्यक्ष राजा राम मरांडी, प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम, सचिव मुजीबुर रहमान सहित अन्य कार्यकताओं ने मल्यार्पण कर जयंती मनाया। वहीं दूसरी तरफ भाजपा के विख्यात चेहरा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने पूरे दल बल के साथ क्रांति स्थल पहुंचे।

## पाकुड़ : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के लिये कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

# प्रधानमंत्री मोदी के 400 पार के नारे को हर हाल में सच करना है : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हिरणपुर (पाकुड़)।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभा स्तरीय पाकुड़, लिट्टीपाड़ा और महेशपुर के भाजपा पार्टि कार्यकर्ताओं का गुरुवार को हिरणपुर स्थित जया विवाह भवन सांगठनिक बैठक का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहें। इसके अलावे मंच पर राजमहल विधायक सह लोकसभा संयोजक अनंत ओझा, राजमहल भाजपा प्रत्यासी ताला मरांडी, दानियल किस्कू, सुफल मरांडी, गणेश मिश्रा, राकेश प्रसाद, मिस्त्री सोरेन व अन्य लोग मौजूद रहें। बैठक में पाकुड़, महेशपुर एवं लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

कार्यकर्ताओं ने काफी गर्मजोशी के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने तीनों विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे कार्यकर्ताओं को जीत मंत्र दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे हर हाल में सच करना है। प्रधानमंत्री द्वारा बीते 10 वर्षों में जो विकास कार्य एवं गरीबों के कल्याण का कार्य किया है, उन कार्यों के लेकर भाजपा जन-जन के बीच जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, उज्वला योजना जैसे कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई गई जिसका सीधा लाभ गरीबों को पहुंचा है।

उन्होंने झामुमो पर वार करते हुए कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार लुटेरी सरकार है। उनके पूर्व मुख्यमंत्री चार साल में क्या गुल खिलाये वो जनता के बीच है। और उनके वर्तमान मुख्यमंत्री भी उन्हीं के राह पर चल रहे है। आगे उन्होंने कहा राजमहल लोकसभा सीट पर पार्टी प्रत्यासी के जीत के लिए कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ पर जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। राजमहल लोकसभा सीट पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करना हर भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है।

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामेश्वर दास, अनुग्रहित प्रसाद साह, मुकेश शुक्ला, हिसाबी राय, प्रखंड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद सिंह, विजय भगत, खुदीराम साहा, शिवचरण मालतो, साहेब हांसदा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# मतदाता जागरूकता को लेकर कसमार में लगायी गयी दौड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय में प्रशासन की और से मतदाता जागरूकता को लेकर'रन फांर वोट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कसमार प्रखंड मुख्यालय से गररी पंचायत सचिवालय तक प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व अन्य सामाजिक व्यक्तियों ने दौड़ लगाई और लोगों को लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए मतदान करने की अपील की। मतदान का प्रतिशत जितना अधिक होगा उतने ही भरोसेमंद प्रत्याशी निर्वाचित होकर सदन पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि रन फॉर वोट भी मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा है। उन्होंने जनता से अपील किया कि मतदान के दिन अपने घर के सभी मतदाताओं को बूथ पर ले जाकर मतदान सुनिश्चित कराएंगे। बुजुर्ग व दिव्यांग वोटरों को उनकी मर्जी के मुताबिक घर पर ही मतदान करने की सुविधा महैया का वोट दिलवाने के लिए उनके दहलीज पर पहुंचेगी। बीडीओ अनिल कुमार महतो ने कहा कि ऐसे कार्यक्षेत्र कराने का खास मकसद है कि मतदाताओ को जागरूक करके उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके। मौके पर बीडीओ अनिल कुमार पंचायत सचिव कालीपद शर्मा राजीव रंजन रोजगार सेवक पदमलोचन गोराई अनिल कुमार भीम साव दशरथ बेदिया ओमप्रकाश नायक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने किया गणगौर माता की पूजा





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मारवाड़ी समाज की सुहागिन महिलाओं एवं कुंवारी कन्याओं ने गणगौर माता की पूजा-अर्चना गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ की। मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने गणगौर माता के साथ बड़ा बांध तालाब पहुंची। गणगौर माता की पूजा होलिका दहन के दूसरे दिन यानि छारंडी के दिन से आरंभ होती है जो लगातार 16 दिनों तक चलती है। छारंडी के दिन कुंवारी कन्या तथा नवविवाहित महिलाएं इस पूजा को प्रारंभ करती है। आज अंतिम दिन समाज की सभी सुहागिन महिलाएं इस पूजा में शामिल हुई और बड़ी श्रद्धा से गणगौर माता की पूजा की। विवाहित महिलाओं और कुंवारी कन्याओं के लिए यह पूजा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। शाम के समय गणगौर माता को तालाब में विसर्जित किया गया। होली के साथ ही माता गणगौर का पर्व आरंभ हो जाता है। महिलाएं होलिका की भस्म, गंगा व तालाब की मिट्टी से गणगौर, कानीराम, रोवा, ईशर, मालीन की मूर्तियां बनाती हैं। उन्हें नए वस्त्र धारण कराकर आभूषणों से अलंकृत कर घर में स्थापित करती हैं। 16 दिन पूजा के साथ ही उनकी भव्य झांकी सजाई जाती है। 17वें दिन घर में गणगौर की पूजन कर तालाब में विदाई दी जाती है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन को प्रेम का जीवंत प्रतीक माना जाता है। इस दिन भगवान शिव ने देवी पार्वती को और देवी पार्वती ने संपूर्ण नारी समाज को सौभाग्यवती होने का वरदान दिया था। जो सुहागिनें गणगौर का व्रत रखती है और शिव-पार्वती की पूजा करती हैं, उनके पति की उम्र लंबी हो जाती है। वहीं जो कुंवारी कन्याएं गणगौर का व्रत रखती हैं, उन्हें आदर्श जीवन-साथी का वरदान प्राप्त होता है।

# जयंती पर याद किए गये वीर शहीद सिदो-कान्हू

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** वीर शहीद सिदो कान्हू के जयंती के अवसर पर गुरुवार को पोखर चौक स्थित उनके प्रतिमाओं पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल के नेतृत्व में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लुईस मरांडी, भाजपा दुमका लोकसभा की प्रत्याशी सीता सोरेन शामिल हुई। वही माल्यार्पण कार्यक्रम के पश्चात भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लुईस मरांडी ने कहा कि आज सिदो कान्हू का जयंती हम सभी मना रहे हैं। सिदो कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में आजादी की पहली लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी गई। 30 जून, 1855 को सिदो कान्हू के नेतृत्व में संताल आदिवासियों का विशाल आंदोलन अंग्रेजों के विरोध में छेड़ा गया था इन्हे हमेशा याद किया जाता रहेगा। वहीं लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन ने माल्यार्पण के पश्चात कहा सिदो कान्हू, चांद भैरव तथा फूलों झानो का सपना अभी भी अधूरा है आदिवासियों का समग्र विकास झारखंड मे नहीं हो पाया है पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में आदिवासियों को केवल ठगने का काम किया गया है। माल्यार्पण कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमिता रक्षित, अंजुला मुर्मू, सोनी हेम्ब्रम, निवास मंडल, भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, दीपक स्वर्णकार, टिंकू गुण, पंकज वर्मा, अमित रक्षित, दीप्तांसु कोचगये, मनीष कुमार, पवन राना, प्रिया रक्षित, सुनीता देवी, मार्शल आर टुडू, अजय पाठक, अजय वर्मा, मृणाल मिश्रा, मोनिका देवी, रंजन उपाध्याय, इंदू सिन्हा, मनोज शाह, जयशंकर यादव, राजेश वर्मा, अमन राज, वासुदेव झा, बिंदु सिंह, दीपक सर्णकार, रोहित गुप्ता, दीपक राज, राजीव रंजन, दीपाली देवी, गणपति पाल,सोनी हेंब्रम, अरविंद दुबे,अखिलेश सिंह, किश्रेंद्र दास, मनोज रक्षित ,रामातार भलोतिया, दीपेन झा, संजय केशरी, विक्की पाठक, प्रशांत दास, दीपक मंडल, मुन्ना पांडे, मंटू ठाकुर, दीपक बौरी, मितुंजय ठाकुर, गौतम मंडल, सुनील सिंह, प्रदीप पाठक, विशाल रक्षित अमरजीत केशरी ठाकुर, मितुंजय सिंह, सूरज केशरी, विनीत राय, झुन्नू सिंह, नरेश शाह, आनंद कुमार राजू, जयंत साह, भास्कर मंडल, गोविंदा तिवारी गोपाल साह, कुंदन साह, विक्की राउत, ज्योतिष पहाड़िया, सुशील श्रीवास्तव, शशी उपाध्याय, राजू दुबे, अखिलेश कुमार, दीप किस्कू, ओम केशरी, गणपति पाल, अरविंद दुबे, संतोष भदौरिया आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बोकारो इस्पात संयंत्र की मेजबानी में रिफ्रैक्टरीज पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

सम्मलेन में रिफ्रैक्टरी सेक्टर में देश को आत्मनिर्भर बनाने इंडस्ट्री 4.0 टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल द्वारा कम लागत तथा उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्रैक्टरी का निर्माण तथा इस्पात एवं रिफ्रैक्टरी उद्योग पर मंथन किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट की मेजबानी में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया एवं इंडियन सिरेमिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रिफ्रैक्टरीज पर एचआरडी में आयोजित दो दिवसीय आरईएफआईएस 4.0 नामक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में नैनो प्रौद्योगिकी और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से लौह और इस्पात उद्योग में रिफ्रैक्टरीज में प्रगति विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस सम्मलेन में रिफ्रैक्टरी सेक्टर में देश को आत्मनिर्भर बनाने इंडस्ट्री 4.0 टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल द्वारा कम लागत तथा उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्रैक्टरी का निर्माण तथा इस्पात एवं रिफ्रैक्टरी उद्योग के परस्पर हितों से सम्बंधित सभी बिन्दुओं पर गहन मंथन कर भविष्य के लिए रोड मैप तैयार किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आरएसपी के डीआई एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो संयंत्र के डीआई अतनु भौमिक बीएसएल के ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर डॉ चाको जैकब एफआईआई के महनिदेशक डॉ दीपक जैन बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता सीजीएम रीफ्रैक्टरीज वीपी उपाध्याय ने की। देश के विभिन्न हिस्सों से रिफ्रैक्टरीज उद्योग के प्रतिनिधि इस सम्मेलन में शामिल हुए।

# नगाड़ों और मांदर की धुन पर नाचते-गाते आदिवासी समुदाय ने निकाली भव्य सरहुल शोभा यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गुरुवार को पांच घंटे तक एग्रिको गोलचक्कर से लेकर साकची बिरसा मुंडा गोलचक्कर तक की मुख्य सड़क सरहूल मय रही। मांदर और नगाड़े की धून पर नाचते-गाते आदिवासी समुदाय ने करीब दो किमी लंबी सरहूल शोभा यात्रा निकाली तो सड़क के दोनों ओर जमा गैर आदिवासी समुदाय ने मन भर इस मनभावन नजारे का आनंद लिया।

संथाली और हो अलबम की धुन पर भी आदिवासी समाज के युवक-युवतियों ने जम कर नृत्य किया। चारों ओर मस्ती की फिजां थी। आदिवासी समुदाय में आज उम्र का घेरा टूटता सा दिखा। सरहूल शोभा यात्रा में हर उम्र के आदिवासी स्त्रियों,पुरुषों, युवक-युवतियों और किशोर-किशोरियों के साथ बच्चों ने आनंदमय होकर जम कर नृत्य किया। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया और सेवा शिविर लगाये गए थे।

जमशेदपुर के आदिवासी मुंडा समाज, आदिवासी हो समाज, आदिवासी उरांव समाज, कोंका कमार करमाली सेना संघर्ष समिति व आदिवासी समाज, टिनप्लेट के तत्वावधान में आयोजित सरहुल महोत्सव के शोभायात्रा में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल होकर व सरना स्थल पर पारंपरिक रुप से श्रद्धापूर्वक पूजा कर माथा टेका। केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति द्वारा आयोजित शोभायात्रा में आदिवासी एवं मूलवासी समुदाय के उरांव, हो मुंडा, संथाल, मुखी, भुइयां, तुरी, लोहरा समाज समेत अन्य जनजाति, सामाजिक संगठन के महिला पुरूष, बच्चे बच्चियां, युवक युवतियों ने अपने पारंपरिक परिधान एवं वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।

इन इलाकों से गुजरी शोभा यात्रा

शोभायात्रा पुराना सीतारामडेरा से प्रारम्भ होकर लाको बोदरा चौक, एग्रिको लाइट सिग्नल, भालुवासा, बाराद्वारी, रामलीला मैदान, साकची मुख्य गोलचक्कर, बसंत टॉकीज रोड, कालीमाटी रोड, टुइलडूंगरी गोलचक्कर, रिफ्यूजी कॉलोनी, गोलमुरी होकर सीतारामडेरा में आकर एक सभा के रूप में समाप्त हुई इस शोभायात्रा में विभिन्न समुदायों के परिधान, वाद्य यंत्र, एवं नृत्य शैली आकर्षक का केंद्र थे सभी महिलाएं अपने जुडो में सखुआ का फूल खोसे नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

**गणमान्यों को आयोजन समिति द्वारा किया गया सम्मानित :** शोभायात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति द्वारा विभिन्न समाज के शिक्षाविदों, समाजसेवी, समाज के आगुवाओ एवं राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को पारंपरिक वस्त्र एवं सखुआ फूल लगाकर समिति द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से अमरप्रीत सिंह काले, राजकुमार सिंह,शिवशंकर सिंह, महावीर मुर्मू, आसुतोष सिंह,बंटी सिंह, चंचल लकड़ा मौजूद थे।



भालूबासा में सरहुल शोभा यात्रा में शामिल समाजसेवी शिवशंकर सिंह, सरहुल शोभा यात्रा में शामिल समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले और भालूबासा में सरहूल शोभा यात्रा में शामिल आदिवासी समाज के नेताओं का स्वागत करते पूर्व सीएम रघुवर दास के पुत्र ललित दास।

### सरना स्थलों पर सुबह-सुबह आदिवासी परिवारों ने की पूजा-अर्चना

गुरुवार को प्रकृति संरक्षण का महापर्व सरहुल झारखंड में धूमधाम से मना गया। पूर्वी सिंहभूम में भी यह काफी हर्षोल्लास के साथ मना। सुबह आदिवासी समुदाय के लोगो ने सपरिवार सरना स्थलों पर धुवन धूप, पुष्प, फल अर्पित कर पूजा अर्चना की तथा अपने परिवार राज्य एवं देश के खुशहाली की कामना की एवं प्रकृति को संरक्षित करने का संकल्प लिया पूर्वी सिंहभूम के अन्तर्गत यह पर्व सीतारामडेरा, बिरसानगर, उलीडीह, शंकोसाई, बागुनहातु, बिरसानगर, लक्ष्मीनगर, जादूगोड़ा, बागबेड़ा, नूतन डीह, समेत अन्य जगहो पर धूमधाम से मनाया जाता है सीतारामडेरा में पाहन बुधु मिंज, बिरसानगर में महावीर कुजूर, उलीडीह में गोपाल टोप्पो, शंकोसाई में लक्ष्मन मिंज, लक्ष्मिनगर में अनादि उरांव, बागबेड़ा में बुधराम टोप्पो के देखरेख में पूजा सम्पन्न हुआ।

## स्पीड न्यूज



### आजसू सुप्रीमो से मिले एसिया उपाध्यक्ष सुधीर

**गम्हरिया।** एसिया उपाध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक सुदेश महतो से उनके रांची स्थित आवास पर मिला। इस दौरान संगठन की मजबूती के साथ-साथ प्रदेश के विकास के कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से लोगो को काफी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। निर्माण के क्षेत्र में बालू, गिट्टी आदि की अनुपलब्धता से निर्माण कार्य मे रुकावट होने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार से वंचित होना पर रहा है। वहीं, एमएसएमई, शिक्षा, लॉ एंड आर्डर समेत कई विषयों पर भी सकारात्मक वार्ता हुई एवं प्रदेश को नई ऊंचाई पर पहुचाने के लिए पुन: मिलने का संकल्प लिया गया। प्रतिनिधिमंडल में तरुण उर्फ मुन्ना तिवारी, डॉ शेखर सुमन, जगन्नाथ महतो आदि शामिल थे।

### नहाने के क्रम में डैम में डूबा किशोर, मौत



**गम्हरिया।** आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत वार्ड तीन के गम्हरिया स्थित सतवाहिनी निवासी विजय यादव के पुत्र सुमित यादव (12) की गुरुवार को शिव नारायणपुर चैक डैम में नहाने के क्रम में डूबने से मौत हो गयी। वह विजय यादव का इकलौता पुत्र था और गम्हरिया स्थित केरला पब्लिक स्कूल के सातवीं का छात्र था। परिजनों के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे वह घर से शौच के लिए निकला था। वहां से वह शिव नारायणपुर चेक डैम में नहाने चला गया। नहाने के क्रम में गहरा पानी में जाने से डूबकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पंहुचे परिजनों द्वारा उसे डैम से निकाल कर टीएमएच ले गया जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही उसकी मां का रोकर बुरा हाल हो गया है। पूरे सतवाहिनी में मातम व्याप्त है।

### काले ने दी आदिवासी समुदाय को शुभकामना



**जमशेदपुर।** समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले आज सरहुल शोभा यात्रा में पूरे उत्साह से शामिल हुए। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने सरहुल की शुभकामना देते हुए कहा कि सरहुल पर्व पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प है। प्रकृति, मनुष्य और धरती से जुड़ी सहजीविता, एकजुटता और उनके समग्र जीवन चक्र को सम्मानपूर्वक सृजनशील, उर्वर बनायें रखने के लिए नये संकल्प और उत्साह के साथ जीने का संदेश भी समाहित है। प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व आदिवासीयों का प्रमुख पावन त्योहार है। इस त्योहार को मनाने के बाद ही नयी फसल का उपयोग किया जाता है।

### निशान साहिब झूलाने के आदेश पर पहरा देने निकले सिख नौजवान



**जमशेदपुर।** 13 अप्रैल 2024 को 325 वे खालसा सृजना दिवस को समर्पित पंज सिंह साहिबानो द्वारा श्री अकाल तख़्त साहिब से घरों पर निशान साहिब झूलाने के दिये गये आदेश पर पहरा देते हुए, सेंट्रल सिख नौजवान सभा के पदाधिकारी आज बमार्माइंस ईस्ट प्लांट बस्ती के निवासी सह सिख नौजवान सभा के सलाहकार सरदार सुखदेव सिंह एवं देवेन्द्र सिंह के घर निशान साहिब लगा कर इसकी शुरुआत की। वहां रहने वाले कई सिखो के घरों में निशान साहिब दिये गये। प्रधान सरदार अमरीक सिंह ने कहा कि सभी सिखो को अपने घरों पर पंथ की चर्दीकला के लिये निशान साहिब झूलाने की अपील की।

## देश और समाज की खुशहाली की मांगी दुआ, लौहनगरी में धूमधाम से मनी ईद



आजादनगर, मानगो के ईदगाह मैदान में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। लौहनगरी जमशेदपुर में मुस्लिम समुदाय ने बड़े ही समर्पित भाव से ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिल कर ईद की बधाई दी। एक-दूसरे के घर गये और तरह-तरह के व्यंजनों से एक-दूसरे का स्वागत किया। कई जगह ईद का मेला भी लगा था, जिसका लुत्फ बच्चों ने खूब उठाया।

# सोनारी में खुला 70 बेड का ब्रह्मानंदम् हॉस्पिटल

- 24 गुणा 7 इमर्जेंसी, लेबर रुम और डायलिसिस की सुविधा
- आइसीयू, एनआईसीयू और एचडीयू सुविधा संग कैथ लैब भी

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** सोनारी रिवर मीट रोड में गुरुवार को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा एवं अनुभवी चिकित्सक एवं नर्सिंग टीम से युक्त ब्रह्मानंदम् हॉस्पिटल का उद्घाटन ब्रह्मानंद सेवा सदन के प्रमुख मनोविंदु भट्टाचार्य जी और उनके पुत्र स्यान्दन भट्टाचार्य ने फीता काट कर किया। इस मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डा अखौरी मिंटु सिन्हा, डॉ रशिम वर्मा, रेडियोलोजिस्ट डॉ शशि भूषण पांडेय, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रूबी पांडेय, नेफ्रोलोजिस्ट डॉ सुजीत कुमार, डॉ पूनम, श्रीनिवास राव, एम लक्ष्मी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ब्रह्मानंदम् हॉस्पिटल सोनारी और कदमा क्षेत्र के लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए स्थापित किया गया है। ब्रह्मानंदम् हॉस्पिटल के ग्राउंड फ्लोर पर रिसेप्शन और ओपीडी के अलावा फार्मा शॉप है जबकि प्रथम तल पर 3 मॉडयूलर ऑपरेशन थिएटर बनकर तैयार है जबकि यहां एंजियोग्राफी और एनजीओ प्लास्टि के लिए कैथ लैब बनाने का काम प्रगति पर है।




उद्घाटन के बाद डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के साथ मनोबिंदु भट्टाचार्यी और उनके सुपुत्र स्यांदन भट्टाचार्यी और ब्रह्मानंदम् हॉस्पिटल के आइसीयू का निरीक्षण करते मनोबिंदु भट्टाचार्यी। साथ में डॉ रुबी, डॉ सुजीत और डॉ शशिभूषण पांडे।

## बाहा पर्व में विधायक की बेटी स्नेहा महतो भी हुईं शामिल



सरहुल पर्व में आदिवासी समुदाय के साथ नृत्य करती स्नेहा महतो। पार्श्व में दिख रहे ओम प्रकाश लायेक और काबलू महतो।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चांडिल।** झारखंड दिशोम सरहुल बाहा महोत्सव भव्य रूप से चांडिल के विभिन्न क्षेत्रों में धूम धाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नायके बाबा ने विधिवत रूप से सखुआ के फूल से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति की कामना किया। चांडिल गोलचक्कर में आयोजित झारखंड दिशोम सरहुल बाहा महोत्सव में विधायक के बेटी स्नेहा महतो आदिवासी पारंपरिक परिधान में पहुंचीं। इस दौरान स्नेहा महतो ने आदिवासी पारंपरिक परिधान में ढोल-नगाड़े की धुन पर नृत्य किया। इस दौरान स्नेहा महतो ओर ओमप्रकाश ने खुदीयाडीह व गांगुडीह में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए। मौके पर ओमप्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, पप्पू वर्मा, कांचन प्रामाणिक, सुगी हांसदा, बैधनाथ टुडू, सुदामा हेम्ब्रम थे।

## नयी नवेली 21 दुल्हनों को भायली महिला मंडल ने किया सम्मानित

- सोनारी दोमुहानी नदी तट पर सामूहिक गणगौर विसर्जन कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लगातार सोलह दिनों तक चलने वाला गणगौर उत्सव हर्षोल्लास से गुरूवार की संध्या गणगौर और जवारा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। खरकाई एंव स्वर्णरेखा नदी के संगम तट सोनारी दोमुहानी नदी पर सामूहिक गणगौर विसर्जन का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सोनारी और कदमा सहित आस-पास क्षेत्र से मारवाड़ी समाज की लगभग 400 महिलाएं एवं युवतियां अपनी-अपनी गणगौरों एवं जवारों का विसर्जित करने के लिए पहुंची। महिलाएं नाच-गाकर, पूजा-पाठ कर हर्षोल्लास के साथ गणगौरों एवं जवारों को विसर्जित किया। साथ ही एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी मनायी। भायली महिला मण्डल जमशेदपुर की अध्यक्ष कविता अग्रवाल और सचिव मंजू अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में महिलाओं के लिए लगाये गये सेवा शिविर में नई ब्यवली गणगौर पुजने वाली 21 बहु-बेटियों का बैंड बाजा एंव अंग वस्त्र के साथ स्वागत और उपहार देकर मनुहार किया गया। साथ ही सभी के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गयी थी। इससे पहले सुबह 07 बजे से मण्डल के द्वारा महिला सत्संग भवन सोनारी मे समाज की महिलाओं के लिए सामुहिक गणगौर पूजन का आयोजन किया गया जिसमे मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक पूजन किया।



दोमुहानी तट पर गणगौर विसर्जन करने पहुंची मारवाड़ी समाज की महिलाएं।

## एक नजर में

### ईद से आपसी प्रेम का संदेश : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** ईद पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गौरी शंकर रोड जुगसलाई, मकदमपुर और बारीनगर पहुंच कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान से भी मुलाकात की और उन्हें भी गले मिल ईद की बधाई दी। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि ईद का त्योहार दिलों में मोहब्बत पैदा करता है।

### तुपुडांग में चला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान



**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट के डॉ मनीष झा ने तुपू डांग में गर्भवती महिलाओं को भोजन और स्वास्थ्य के बारे में बताया। महिलाओं को बताया गया कि किस भोजन में कितना आयरन, प्रोटीन और यह कितना हमारे शरीर के लिए लाभदायक है। प्रोटीनयुक्त भोजन बच्चों के विकास के लिए कितना जरूरी है ताकि बच्चे का अच्छा विकास हो। महिलाएं भी अपना स्वास्थ्य अच्छा रख सकें। अंत में महिलाओं को प्रोटीनयुक्त हॉर्लिक्स संस्था ने दिया। कार्यक्रम में शिवानी सन्जू, जीतू बोद्रा और अन्य ने सहयोग दिया।

### गोविंदपुर में 48 घंटे बाद जलापूर्ति बहाल



**जमशेदपुर।** सड़क बना रही कंपनी के कार्य के दौरान पाइप फट जाने से गोविंदपुर में पानी की सप्लाई 48 घंटे से बंद थी। जिससे हाहाकार था। 50 हजार की आबादी प्रभावित थी। जिप सदस्य परितोष सिंह ने पेयजल विभाग से वार्ता कर युद्ध स्तर पर कार्य चालू करवाया गया एवम गुरुवार की शाम में जलापूर्ति चालू करवाई गई। इस संबंध में परितोष सिंह ने पेयजल विभाग को धन्यवाद कहा है।

### चांडिल गोलचक्कर में मनाया गया सरहुल पर्व



**चांडिल।** गुरुवार को प्राकृतिक पर्व बाहा चांडिल गोलचक्कर स्थित दिशोमजाहेरगाढ पर नायके बाबा (पुजारी) ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर सखुआ के फूल को पुरुषों के कान में ओर महिलाओ को माथे के जूडो पर लगाकर धूमधाम से संपन्न हुई। आदिवासी समुदाय के सभी लोगो ने जाहेरगाढ पर माथा टेका व प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान झामुमो के वरिष्ठ नेता समाजसेवी सुखराम हेंब्रम ने कहा क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना किया। उन्होंने कहा आदिवासी समुदाय को एकता और एकसूत्र मे बांधे रखने की जरूरत है।

## दलितों, पिछड़े और महिलाओं के कल्याण में ज्योतिबा फूले ने जीवन समर्पित कर दिया : विद्युतवरण महतो

- सांसद विद्युत वरण महतो ने कीताडीह में जयंती समारोह को संबोधित किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने आज महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया। आज माली (मालाकार) कल्याण समिति के तत्वावधान कीताडीह स्थित यादव भवन में उनकी जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए कहा महात्मा ज्योतिबा फुले सत्य के अन्वेषी थे। उन्होंने पिछड़े, दलित एवं महिलाओं के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।आज हम सबको संकल्प लेना है कि हम सभी उनके बताए हुए मार्ग का अनुकरण करें और समाज को बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। मौके पर किशोर यादव, विजय ठाकुर, संजय मालाकार, प्रकाश विश्वकर्मा, सुरेश निषाद, ललन यादव, राजु प्रसाद भी थे।



जयंती समारोह को संबोधित करते सांसद विद्युतवरण महतो।

## श्रीश्री शिव हनुमान मंदिर उदय सिंह अखाड़ा की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** गुरुवार को श्री श्री शिव हनुमान मंदिर उदय सिंह अखाड़ा नीतिबाग कॉलोनी, भुईयांडीह में मंदिर प्रांगण में रामनवमी के संदर्भ में बैठक किया गया, जिसमें जमशेदपुर केंद्रीय रामनवमी समिति के संरक्षक - प्रमोद तिवारी, अध्यक्ष - अरुण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष - नितिन द्विवेदी, उपाध्यक्ष - विजय तिवारी, सचिव - धर्मेंद्र जी एवं गुलजार सिंह उपस्थित हुए। मौके पर उदय सिंह अखाड़ा समिति के अध्यक्ष विवेक सिंह ने जमशेदपुर केंद्रीय रामनवमी समिति के सदस्यों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं साथ ही एक ज्ञापन भी उन्हें सौंपा। ज्ञापन में जिसमें अखाड़ा के लाईसेंस एवं रामनवमी विसर्जन रूट के विषय पर एवं अखाड़ा समिति ने रामनवमी पूजा बड़े धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन स-समय करने का भी निर्णय लिया गया। जिसमें अखाड़ा समिति के सदस्यगण दीपक मजूमदार, मोहित सिंह, राहुल सिंह, सुभोदीप बोस, अनूप कुमार, विकास कुमार, संतोष कुमार, शुभम कुमार, सौरभ सिंह थे।

# धनबाद सीट को लेकर गलतफहमी में हैं सरयू राय, बुरी तरह हारेंगे : शैलेंद्र महतो

- पूर्व सांसद ने कहा : राजनीति में विश्वास योग्य नहीं है सरयू और अर्जुन जैसे नेता
- मेरे राजनीतिक कैरियर को सरयू और आभा के कैरियर को अर्जुन मुंडा ने किया तबाह



सत्येन्द्र कुमार/विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पूर्व सांसद और झारखंड में कुर्मी समुदाय के कद्दावर नेता शैलेंद्र महतो का कहना है की झारखंड में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की स्थिति अन्य दलों के मुकाबले बहुत मजबूत है। लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी बात है कि विपक्ष के पास प्रधानमंत्री का कोई चेहरा नहीं है जबकि भारतीय जनता पार्टी के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक कद्दावर चेहरा मौजूद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो टर्म के कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था और यहां के तंत्र को ट्रांसफॉर्म करने का काम किया है और देश की विदेश नीति की चर्चा वैश्विक स्तर पर हो रही है। पीएम के नेतृत्व में एनडीए सरकार की इन उपलब्धियां को कोई झुठला नहीं सकता।

शैलेंद्र महतो आज अपने आवास पर खबर मन्त्र के साथ विशेष बातचीत कर रहे थे। यह पूछे जाने पर की झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जैसे आदिवासी नेता की चुनाव के वक्त गिरफ्तारी का साइड इफेक्ट कितना पड़ेगा? शैलेंद्र महतो कहते हैं कि मेरा मानना है इससे झारखंड मुक्ति मोर्चा का कोई बड़ा लाभ मिलने नहीं जा रहा है क्योंकि सभी जानते हैं कि आदिवासी नेता होने के बावजूद हेमंत सोरेन एक चांडाल चौकड़ी से घिरे हुए हैं और उन पर जो भी आरोप है इसी चांडाल चौकड़ी के चलते हैं। यद्यपि उन्होंने तथाकथित चांडाल चौकड़ी में शामिल व्यक्तियों का नाम लेने से परहेज किया और कहा कि उन्हें झारखंड के राजनीतिक क्षेत्र के सभी लोग जानते हैं। शैलेंद्र महतो ने आगे कहा कि हेमंत की जब गिरफ्तारी हुई थी तो मैं इस कदम की आलोचना की थी क्योंकि जिस आठ एकड़ जमीन की बात हो रही है उसे जमीन के मालिक का कहना है कि वह जमीन भुईहरी जमीन है और नॉन ट्रांसफरेबल है। जब हेमंत के नाम पर जमीन ट्रांसफर ही नहीं हुई तो घोटाले की बात कहां। चूंकि अब यह मामला न्यायालय में है इसलिए मेरा परामर्श होगा कि हेमंत न्यायालय के फैसले का इंतजार करें अगर वह बेदाग होते हैं तो छूट जायेंगे अन्यथा उन्हें अपनी चांडाल चौकड़ी के कर्मों का फल भोगना होगा। मेरा मानना है कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का बहुत बड़ा असर झारखंड के संसदीय चुनाव में होगा व्यावहारिक नहीं है।

शैलेंद्र महतो से पूछा गया कि धनबाद सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने एक दागी नेता ढुल्लू महतो को चुनावी मैदान में उतारा है जिससे वहां के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम मतदाताओं के बीच भी रोष है और जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरजू राय का कहना है कि ढुल्लू महतो को चुनाव में बुरी तरह पराजित किया जाना चाहिए ? शैलेंद्र महतो ने कहा कि सच्चाई यह है कि आज की राजनीति में दागी लोग ही हावी हैं। ढुल्लू महतो तो कोई अपवाद नहीं है।

# ईशान-सूर्या की तूफानी फिफ्टी से जीती मुंबई

## मुंबई ने दर्ज की आइपीएल की दूसरी जीत, बेंगलुरु को सात विकेट से हराया

एजेंसी



**मुंबई।** दिनेश कार्तिक (23 गेंद में 53 रन), फाफ डुप्लेसिस (40 गेंद में 61 रन) और रजत पाटीदार (26 गेंद में 50 रन)के अर्धशतकों पर ईशान किशन (34 गेंद में 69 रन)और सूर्यकुमार यादव (19 गेंद में 52 रन) की फिफ्टी भारी पड़ गई। वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार रात आइपीएल के 25वें मुकाबले में टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आठ विकेट खोकर 196 रन बनाए थे। जवाब में घरेलू दर्शकों के बीच मुंबई इंडियंस ने 27 गेंद पहले सिर्फ तीन विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। हार्दिक पंड्या (6 गेंद में 21 रन) ने विनिंग सिक्स लगाया। तिलक वर्मा ने 10 गेंद में 16 रन बनाकर उनका बखूबी साथ निभाया। इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने मुंबई के लिए पांच विकेट लिए थे। यह मुंबई की पांच मैच में दूसरी जीत है तो आरसीबी की छह मुकाबलों में पांचवीं हार।

### मुंबई की एकतरफा जीत

197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई का पहले ओवर से ही दबदबा देखने को मिला। पावरप्ले में स्कोर 72/0 था। ईशान किशन ने सिर्फ 23 बॉल में फिफ्टी जड़ी और मुंबई के लिए पावरप्ले के दौरान दूसरी बार अर्धशतक जमाने वाले पहले खिलाड़ी बने। दूसरे छोर पर खड़े रोहित शर्मा (24 गेंद में 38 रन) के साथ उन्होंने पहले विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। नौवें ओवर में ईशान के आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव क्रीज पर पहुंचे। सर्जरी के बाद वापसी कर रहे सूर्या ने अपने घरेलू मैदान पर जोरदार खेल दिखाया। चिर परिचित अंदाज में मैदान के हर कोने में चौके-छक्के लगाए और 19 गेंद में 52 रन बनाते हुए अपने आइपीएल करियर का दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जमा दिया। इसके बाद आए हार्दिक पंड्या ने पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। विनिंग शॉट भी उन्हीं के बल्ले से आया।

### बुमराह के पांच विकेट



मुंबई के अनुभवी गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट चटकाए। फॉर्म में चल रहे विराट कोहली (3) को उन्होंने आउट कर आरसीबी की शुरूआत बिगाड़ दी। मुंबई के लिये बुमराह ने अकेले किला लड़ाते हुए बेहद सटीक गेंदबाजी की और उनके वैरिएशन भी कमाल के थे, उन्होंने सटीक यॉर्कर के साथ बाउंसर के जरिये बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। डु प्लेसी और पाटीदार ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। बुमराह ने शानदार स्पैल डालकर आरसीबी की रनगति पर अंकुश लगाया, लेकिन दिनेश कार्तिक ने डेथ ओवर्स में धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी का स्कोर आठ विकेट पर 196 रन तक पहुंचाया। फाफ डु प्लेसी (61) और रजत पाटीदार (50) ने भी उपयोगी पारियां खेली। कार्तिक ने 23 गेंद में नाबाद 53 रन बनाए।

### बेंगलुरु 196/8 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| कोहली कै. किशन बो. बुमराह | 03 | 09 | 00 | 00 |
| डु प्लेसिस कै डेविड बो. बुमराह | 61 | 40 | 04 | 03 |
| जैक्स कै. डेविड बो. मधवाल | 08 | 06 | 02 | 00 |
| पाटीदार कै. किशन बो. कोएटजी | 50 | 26 | 03 | 04 |
| मैक्सवेल एलबीडब्ल्यू गोपल | 00 | 04 | 00 | 00 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 53 | 23 | 05 | 04 |
| लोमरोर एलबीडब्ल्यू बुमराह | 00 | 01 | 00 | 00 |
| चौहान कै. मधवाल बो.बुमराह | 09 | 08 | 01 | 00 |
| विशक कै. नबी बो. बुमराह | 00 | 01 | 00 | 00 |
| आकाश दीप नाबाद | 02 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :10

**विकेट पतन** : 14-1, 23-2, 105-3, 108-4, 153-5, 153-6, 170-7, 170-8.

**गेंदबाज** : मोहम्मद नबी : 1-0-7-0, गेराल्ड कोएटजी : 4-0-42-1, जसप्रीत बुमराह : 4-0-21-5, आकाश मधवाल : 4-0-57-1, श्रेयस गोपल : 4-0-32-1, रोमारियो शेफर्ड : 2-0-22-0, हार्दिक पंड्या : 1 0-13-0.

### मुंबई 199/3 (15.3 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| किशन कै. कोहली बो. आकाश | 69 | 34 | 07 | 05 |
| रोहित कै. टॉपले बो. विल जैक्स | 38 | 24 | 03 | 03 |
| सूर्यकुमार कै. लोमरोर बो. विशक | 52 | 19 | 05 | 04 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 21 | 06 | 00 | 03 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 16 | 10 | 03 | 00 |

**अतिरिक्त** : 03

**विकेट पतन** : 101-1, 139-2, 176-3.

**गेंदबाज** :रीस टॉपले : 3-0-34-0, मोहम्मद सिराज : 3-0-37-0, आकाश दीप : 3.3-0-55-1, ग्लेन मैक्सवेल : 1-0-17-0, विशक विजय कुमार : 3-0-32-1, विल जैक्स : 2-0-24-1.

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 05 | 04 | 01 | 00 | 08 | +0.871 |
| कोलकाता | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| हैदराबाद | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.344 |
| गुजरात | 06 | 03 | 03 | 00 | 06 | -0.637 |
| मुंबई | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.073 |
| पंजाब | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.196 |
| बेंगलुरु | 06 | 01 | 05 | 00 | 02 | -1.124 |
| दिल्ली | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 319 |
| रियान | राजस्थान | 261 |
| गिल | गुजरात | 255 |
| सैमसन | राजस्थान | 246 |
| सुदर्शन | गुजरात | 226 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 10 |
| चहल | राजस्थान | 10 |
| मुस्तफिजुर | चेन्नई | 09 |
| अर्शदीप | पंजाब | 08 |
| मोहित | गुजरात | 08 |

## जंपा ने आइपीएल से अपना नाम लिया वापस

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एडम जम्पा ने थकान और जून में होने वाले टी-20 विश्वकप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। जंपा ने राजस्थान रॉयल्स में शामिल होने की पूर्व संध्या पर आइपीएल से अपना नाम वापस ले लिया। वह पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय विश्वकप जीत में एक प्रमुख गेंदबाज रहे थे। इसके बाद वह कुछ समय के लिए भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज की शुरूआत के लिए रुके और फिर बीच में ही चले गए। उनके घरेलू सीजन में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल शामिल थे। इसके बाद वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला खेली। जंपा ने विलो टॉक पॉडकास्ट को बताया, इस साल आइपीएल मेरे लिए नहीं होने के कई कारण हैं।

## बुमराह ने आइपीएल में दूसरी बार चटकाया फिफर

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम में जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर से जादू चलाते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हुए मुकाबले में 5 विकेट चटका लिए। यह बुमराह का आइपीएल इतिहास में दूसरा फिफर है और वह बेंगलुरु के खिलाफ ऐसा करने वाले पहले प्लेयर भी हैं। अकेले मुंबई के लिए डैथ ओवर्स में वह शानदार गेंदबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में अब तक 7 की इकोनमी से रन दिए हैं। जबकि बाकी गेंदबाज इस दौरान 14.97 की इकोनमी से रन दे चुके हैं। बुमराह ने अपने इस कारनामे के साथ कई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। बुमराह ने रिकॉर्ड बनाने के बाद कहा कि यह एक अच्छा दिन था। यह उन दिनों में से एक दिन था जब मेरी योजनाएं काम कर रही थीं। विकेट (शुरूआत में) चिपचिपा लग रहा था। अपनी आखिरी गेंद से निराश हूं। जब पहला ओवर फेंका तो एहसास हो गया था कि गेंद थोड़ी ग्रिप कर रही है। इसलिए आज अच्छी हार्ड लेंथ गेंदबाजी करना चाहता था। मैं 11 साल से ऐसा कर रहा हूं, इसलिए मुझे इसकी आदत हो गई है। अंत में जो हुआ वह यह था कि ओस पड़ने लगी और बल्लेबाजी करना बेहतर हो गया। अच्छे और बुरे दिनों को लेकर बहुत ऊपर या बहुत नीचे नहीं जाना चाहता। यह गेम बहुत बढ़िया लेवलर है। कड़ी मेहनत करते रहना चाहते हैं। मुंबई की ओर से गेंदबाजी करते हुए जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट लिए।

## हार पर बोले डुप्लेसिस

हार के बाद आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस भी निराश दिखे। उन्होंने कहा कि इसे (हार) हल्क से नीचे उतारना आसान नहीं है। मैं दो कारण देख सकता हूं। एक तो यहां बहुत गीला (ओस की स्थिति) था। इसके अलावा मुझे किसी तरह कुछ टॉस जीतने की जरूरत है। दूसरा उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला, हम पर दबाव डाला और हमने कुछ गलतियां (विशेषकर पावरप्ले के दौरान) कीं। डुप्लेसिस ने कहा कि हम जानते थे कि ओस एक कारक होगी, आप जानते हैं कि जब ओस आएगी तो आपको बड़ी बल्लेबाजी करनी होगी, गेंद बहुत गीली थी, इसे कुछ बार बदला गया और गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा।

## दिल्ली की निगाहें सुधार पर, जीत की लय जारी रखना चाहेगी लखनऊ

एजेंसी




**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई को शुक्रवार को यहां आइपीएल मुकाबले में फॉर्म में चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी। एलएसजी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही हैं और सभी विभागों में अच्छा कर रही हैं, हालांकि 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव के पेट की चोट के कारण इस मैच में खेलने की उम्मीद नहीं है। इस 21 साल के खिलाड़ी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सिर्फ एक ओवर डाला था जिसक बाद वह मैदान से चले गये थे। यादव की अनुपस्थिति में एक और युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने जिम्मेदारी से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पांच विकेट अपनी झोली में डाले। उनके अलावा नवीन उल हक, क्रृणाल पंड्या और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। एलएसजी के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी मौजूद है। दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक ने अभी तक दो अर्धशतकीय पारियां खेली हैं लेकिन कप्तान अभी तक अपनी शुरूआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके हैं। निकोलस पूरन भी शानदार फॉर्म में हैं जो पारी के अंत में लखनऊ की टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद कर रहे हैं। हालांकि एलएसजी के लिए सबसे बड़ी चिंता देवदत्त पडीक्कल की फॉर्म बनी हुई है जो अभी तक दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सके हैं। वहीं मेहमान टीम के लिए ऐसा लगता है कि उसके पास प्लान बी की कमी है जो कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों मिली 106 रन की हार से साफ दिखाई दिया। हाल में एक और जूझ रही टीम मुंबई इंडियंस से मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स -1.370 के खराब नेट रन रेट से अंक तालिका में निचले स्थान पर पहुंच गई। दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी चिंता उसकी तेज गेंदबाजी इकाई है जिसमें जरा भी धार नहीं दिखती।

## डोपिंग अपराध के लिए तीन भारतीय एथलीटों पर चला नाडा का डंडा

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग विरोधी एजेंसी पैनल द्वारा धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था। गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं। इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है। इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

## मैक्सवेल सीजन में तीसरी बार हुए डक आऊट

**मुंबई।** मुंबई के खिलाफ वानखेड़े के मैदान पर वीरवार शाम खेले गए मुकाबले में मैक्सवेल फिर से खाता नहीं खोल पाए। यह सीजन में उनका तीसरा डक आऊट था। इससे पहले चेन्नई और लखनऊ के खिलाफ भी वह रन नहीं बना पाए थे। मैक्सवेल ने बीते दिनों एक इंटरव्यू के दौरान विराट पर बयान दिया था जोकि चर्चा में रहा। मैक्सवेल ने आगामी टी20 विश्व कप में विराट की एंट्री होगी या नहीं, सवाल पर कहा था कि विराट कोहली सबसे क्लच खिलाड़ी हैं जिनके खिलाफ मैंने कभी खेला है। 2016 टी20 वर्ल्ड कप के दौरान उन्होंने हमारे खिलाफ मोहाली में जो पारी खेली थी, वह आज भी मेरे खिलाफ खेली गई सबसे अच्छी पारी है। गेम जीतने के लिए उन्हें क्या करने की जरूरत है, इसके बारे में उनकी जागरूकता अद्भुत है।

## शुभमन गिल पर लग सकता है जुर्माना

**जयपुर।** गुजरात टाइटंन के कप्तान शुभमन गिल को राजस्थान रॉयल के साथ हुये मुकाबले के दौरान अंपायर के फैसले से असहमति जताने, बहस करने और गुस्से में गेंद पटने के लिए जुमार्ना भरना पड़ सकता है। शुभमन गिल को बीसीसीआइ से मंजूरी मिलने के बाद जुमार्ना भरना पड़ सकता है। बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गये मैच में मोहित शर्मा द्वारा 17वें की आखिरी गेंद फेंके जाने पर अंपायर ने इस गेंद को वाइड करार दिया। इस दौरान गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने डीआरएस लिया और उनकी मैदानी अंपायर के साथ तीखी बहस हुई और उन्होंने गुस्से में गेंद पटक दी थी। मैच में अंपायर संभवत: रेफरी को घटना की रिपोर्ट देंगे। गुजरात के कप्तान को प्रतिबंधों के बारे में सूचित करने के लिए बुला सकता है।

## मयंक यादव क्या होंगे आइपीएल 2024 से बाहर !

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव कूल्हे में जकड़न के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सकेंगे। लखनऊ का सामना शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा जिसके बाद 14 अप्रैल को कोलकाता में खेलना है। लखनऊ के कोच जस्टिन लैंगर ने उम्मीद जताई कि मयंक 19 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि वह 19 अप्रैल तक फिट हो जाएगा। हम चाहते हैं कि वह हर मैच खेले। आइपीएल में पदार्पण के साथ 150 किमी की रफ्तार से गेंद डालकर सनसनी फैलाने वाले मयंक गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को 1 ओवर डालने के बाद मैदान से चले गए थे। लैंगर ने कहा कि उसके कूल्हें में जकड़न है।

# एशिया चैंपियनशिप में भारत की चुनौती समाप्त

एजेंसी

**निंगबो।** दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और एच एस प्रणय एशिया चैंपियनशिप प्री क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गए हैं। इन दोनों खिलाड़ियों की हार से बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पेरिस ओलिंपिक से पहले फॉर्म में लौटने की कोशिश में जुटी सिंधु ने एक घंटे और नौ मिनट तक कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अंत में छठी वरीयता प्राप्त चीन की हान युए से 18-21, 21-13, 17-21 से हार गईं। यह सिंधु की युए के खिलाफ पहली हार थी। गुरुवार को मुकाबले से पहले युए के खिलाफ इस भारतीय का जीत का रिकॉर्ड 5-0 था। वहीं सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को चीनी ताइपे के गैर वरीय लिन चुन यि से महज 43 मिनट में 18-21, 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीयों के एक अन्य नतीजे में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की युगल जोड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में जापान की नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की तीसरी वरीय जोड़ी से 17-21, 12-21 से पराजित हो गईं।

### सिंधु ने की थी मैच में अच्छी शुरूआत



सिंधु ने पहले गेम में अच्छी शुरूआत की थी और अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए 8-4 से बढ़त ले ली और इसे 14-8 तक बढ़ा दिया। पर चीन की खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और सिंधु ने गलतियां करनी शुरू कर दी। युए ने सिंधु को लंबी रैलियों में उलझाकर थका दिया और 15-15 से बराबरी पर पहुंच गईं। युए ने इसके बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधु ने आक्रामक रूख अख्तियार किया और अपने अनुभव की बदौलत 16-8 से बढ़त बना ली। युए ने वापसी की सर्वश्रेष्ठ कोशिश की लेकिन सिंधु ने कोई मौका नहीं दिया और दूसरा गेम अपने नाम कर 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। निर्णायक गेम में सिंधु 8-4 की बढ़त से अच्छी शुरूआत के बाद लय खो बैठीं। चीन की खिलाड़ी ने तेज और आक्रामक खेल से भारतीय खिलाड़ी को लंबी रैलियों में फंसाकर थका दिया जिससे सिंधु गलतियां करने लगीं। इसके बाद 10-10 से युए 17-10 से आगे हो गयीं। सिंधु ने हालांकि कुछ अंक जुटाकर अंतर 20-17 किया। सिंधु ने दो गेम प्वाइंट बचाये लेकिन अंत में उनकी प्रतिद्वंद्वी ने क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

### प्रणय नहीं दिखा पाए अपनी काबिलियत

सिंधु के अलावा प्रणय अपने मुकाबले के दौरान आत्मविश्वास से भरे हुए नहीं दिखे, जबकि एक समय दोनों खिलाड़ी पहले आठ अंक में बराबरी पर थे। चुन यि ने पहले गेम में ब्रेक तक 11–7 की बढ़त बना ली। प्रणय ने वापसी का भरसक प्रयास कर स्कोर 15–15 किया लेकिन चीनी ताइपे के शटलर ने 18–18 के बाद लगातार तीन अंक जुटाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में प्रणय थोड़े आक्रामक थे जिससे उन्होंने 4–1 की बढ़त बना ली। लेकिन चुन ली अपने खेल में सुधार करते हुए कुछ ड्राप शॉटस और आक्रामक स्मैश से भारतीय खिलाड़ी को पछाड़ते हुए 11–8 से आगे हो गए। इसके बाद उन्होंने 15–11 पर लगातार छह अंक जुटाकर जीत हासिल की।

## भविष्य के भारतीय फुटबॉल सितारे हैं : एंटोनियो

**मुंबई।** मोहन बागान सुपर जायंट के प्रमुख कोच एंटोनियो हबास ने गुरुवार को कहा कि भविष्य के भारतीय फुटबॉल सितारे रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग में खेलते हैं। 12 अप्रैल से 26 अप्रैल तक चलने वाली रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) में आठ क्षेत्रों की 20 टीमें राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिए चार क्लबों की मेजबानी में खेले जाने वाले 40 मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# पेरिस ओलंपिक से पहले स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी ज्योति याराजी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हांग्जो एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीतने वाली ज्योति याराजी पेरिस ओलंपिक से पहले स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी क्योंकि खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने विदेशी प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता के उनके प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ज्योति, जो वर्तमान में रोड टू पेरिस सूची (महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़) में 23वें स्थान पर हैं, आगामी सीजन और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए 45 दिनों के लिए टेनेरिफ, स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी। सरकार, अपने लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) फंडिंग के तहत, उनके हवाई किराया, बोर्डिंग / आवास लागत, वीजा आवेदन शुल्क, सुविधा पहुंच लागत, खेल मालिश व्यय, स्थानीय परिवहन लागत, ओपीए सहित अन्य खर्चों को कवर करेगी। एमओसी ने शटलर चिराग शेट्टी और सात्विक रेड्डी के पेरिस ओलंपिक से पहले प्रशिक्षण के लिए उनके वित्तीय सहायता देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। दुनिया की नं. 1 पुरुष युगल जोड़ी जून 2024 में मुंबई में अलेक्जेंडर डन और एडम हॉल की स्कॉटिश जोड़ी और जुलाई 2024 में हैदराबाद में इंडोनेशियाई जोड़ी रेन अगुंग और बेरी एग्रीवान के खिलाफ प्रशिक्षण लेगी, जिसमें टॉप्स अंतरराष्ट्रीय जोड़ी के हवाई किराए और बोर्डिंग/आवास के खर्चों का वहन करेगा। ज्योति के अलावा, एमओसी ने भारतीय निशानेबाजों रायजा ढिल्लों और राजेश्वरी कुमारी के लिए विदेशी प्रशिक्षण योजनाओं को भी मंजूरी दी। रायजा अपने निजी कोच के साथ और राजेश्वरी कोच डेविड कोस्टेलेकी के अधीन इटली में प्रशिक्षण लेंगी। टॉप्स उनके और उनके कोच के हवाई किराए, आवास लागत, कोचिंग शुल्क, गोला-बारूद और क्ले बर्ड्स व्यय, वीजा और गन परमिट शुल्क (रायजा के लिए), अतिरिक्त सामान लागत, स्थानीय परिवहन लागत सहित अन्य खर्चों का वहन करेगा। एमओसी ने ट्रैप शूटर राजेश्वरी के उपकरण अपग्रेड के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी, साथ ही टॉप्स ने एक नए गन स्टॉक के लिए उनके खर्च का वित्तपोषण किया। एमओसी ने दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आगामी डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में भाग लेने के लिए पैरा-निशानेबाज राहुल जाखड़ और रूबीना फ्रांसिस के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। टॉप्स उनके प्रवेश शुल्क, उनके कोच के लिए प्रवेश शुल्क, उनके बोर्डिंग/आवास की लागत, स्थानीय परिवहन लागत, उनके बंदूक परमिट, उड़ान टिकट, वीजा, बीमा और ओपीए के लिए खर्च का वहन करेगा।




## साथियान और मनिका क्वार्टरफाइनल में हारे

**चेकिया।** भारत के जी साथियान-मनिका बत्रा की जोड़ी गुरुवार को विश्व मिश्रित युगल टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन के पहले चरण में नॉकआउट ब्रैकेट के क्वार्टरफाइनल में हार गये है। चेकिया के हाविरोव में खेले गये मुकाबले में साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा गुरुवार को विश्व मिश्रित युगल टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट से पेरिस 2024 कोटा हासिल करने के अपने पहले मौके से चूक गए। उन्हें शुक्रवार को ओलंपिक कोटा प्राप्त करने का एक और मौका मिलेगा।उन्हें अपना ब्रैकेट जीतने और भारत के लिए मिश्रित युगल ओलंपिक कोटा प्राप्त करने के लिए गुरुवार को लगातार चार जीत हासिल करने की जरूरत थी।

## नागल मोंटे कार्लो मास्टर्स के पुरुष एकल में हारे

**मोनाको।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल गुरुवार को मोंटे कार्लो मास्टर्स 2024 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल मुकाबले जबर्दस्त जज्बे के बाद दूसरे दौर में हार गये। नागल ने बेहतरीन खेल का मुजाहिरा करते हुए शुरूआती सेटों में मैच में अपनी पकड़ बनाये रखी और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने को एक सेट में हराया।

# पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन कर भारी मात्रा में हथियार व गोली बरामद किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**सहरसा।** लोकसभा चुनाव से पहले जिला पुलिस की सक्रियता के कारण बहुत बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस की कार्रवाई में जहां एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री के साथ साथ गन बनाने की मशीन अर्द्ध निर्मित अवैध हथियार एवं भारी मात्रा में गोली बरामद किया। संचालक पिता पुत्र सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया कर्मियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरुवार सुबह करीब 01:00 बजे में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लक्ष्मनियां नियाजी महदूम आलम के घर में एक अवैध मिनी गन संचालित हो रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर के नेतृत्व में मानवीय, वैज्ञानिक एवं तकनीकि सूचना के आधार पर त्वरीत कार्रवाई करते हुएमहबूब आलम पे कलीमउदीन, लक्ष्मिनियां, थाना बनमा ईटहरी जिला सहरसा के घर पर छापेमारी किया गया। जहां से 11 अवैध देशी आग्नेयास्त्र एंव 152 जिन्दा कारतूस एवं हथियार निर्माण व मरम्मती में प्रयुक्त की जाने वाले अन्य अवैध समाग्री उपकरण बराममद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों को बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किये जाने की घोषणा कर हौसला अफजाई की।



## स्पीड न्यूज

### पॉक्सो एक्ट का नामजद आरोपी हुआ गिरफ्तार

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के कुआड़ी में पुलिस ने पोक्सो एक्ट व एसी एसटी के नामजद आरोपी को गुरुवार गिरफ्तार किया। कुआड़ी थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि आरोपी पर कई मामले दर्ज थे। आरोपी का नाम आबुल हुसैन पिता मो सलाम अंसारी है जोकि सोनामणि गोदाम थाना क्षेत्र के सिकटिया वार्ड संख्या-08 का निवासी है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में अररिया भेज दिया।

### एसएसबी ने गांजा समेत दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले में कौरैया पोस्ट पर तैनात एसएसबी 71 वीं वाहिनी के जवानों ने गुरुवार को दोपहर सीमावर्ती क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पिलर संख्या 377/4 के कुर्मीनिया गांव के समीप निकट से दो किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसएसबी 71 वीं बटालियन के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की नेपाल की ओर से कुछ तस्कर नशीला पदार्थ लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले है। जिसके बाद चौकसी बरतते हुए एसएसबी के जवानों ने बाइक सवार दो तस्कर को दबोच लिया। जिसकी पहचान नेपाल के रौतहट जिला के बंकूल थाना क्षेत्र के सरमुजवा गांव निवासी हरेन्द्र दास का पुत्र रमेश कुमार व घोड़ासहन थाना क्षेत्र के कदमवा गांव निवासी बच्चा प्रसाद यादव के पुत्र अमरेश कुमार के रुप में हुई है। दोनों तस्कर से बरामद गांजा व अपाची बाइक की कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद अग्रतर कार्रवाई के लिए दरपा थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

### अकीदत व मसर्रत के साथ मना ईद-उल-फितर

**गढ़वा।** जिला में ईद-उल-फितर का त्योहार अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय इदगाहों, मस्जिदों व मदरसों में दो रिकअत वाजिब नमाज-ए-ईद-उल-फितर अदा की। नमाज अदायगी को लेकर इन स्थलों पर सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी। नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-फितर की बााई दी। जिला मुख्यालय स्थित गढ़वा ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज अब्दुस्समद ने नमाज-ए-ईद अदा कराई। जबकि टंडवा मस्जिद में मौलाना शाहजाद आलम मिसवाही, उंचरी मस्जिद में मुफ़्ती मो यूनुस एवं मदरसा तबलिगुल इस्लाम के मैदान में मौलाना लियाकत हुसैन, रंका जामा मस्जिद में मौलाना महमूद, मझिआंव में मौलाना मो सदीक, अली नगर उंचरी में मौलाना रफीउद्दीन, शरीफ नगर उंचरी में मौलाना शेर मोहम्मद, सकरकोनी ईद्गाह में मौलाना मो एजाज, हरैया ईद्गाह में हाफिज शौकत, छतरपुर ईद्गाह में मौलाना मुमताज, झलुआ में मौलाना अमीनुद्दीन, चिरोंजिया मस्जिद में मौलिक सद्दाम, कल्याणपुर ईदगाह में मौलाना यूसुफ ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराई। इस अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नमाज अदायगी स्थलों पर इंताजामिया कमेटियो के द्वारा नमाजियों की सूविाा के लिए वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य इंतजाम किया गया था। वहीं पर्व के अवसर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रशासन के द्वारा सभी इबादतगाहों के पास दंडाधिकारी व पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे।

### कांडी में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मना ईद उल फितर

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में स्थित ईदगाहों में मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की। कांडी ईदगाह में सुबह साढ़े आठ बजे नमाज पढ़ा गया। जहां पर हाफिज अब्दुल माजिद खान ने नमाज पढाया। इस अवसर पर कांडी पंचायत मुखिया विजय राम, जिला परिषद प्रतिनिाि दिनेश कुमार, उप मुखिया प्रदीप कुमार ने कांडी ईद्गाह में पहुंचकर मुश्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया।

### मतदान दिवस को याद रखने के लिए मां के हाथों पर रची मेंहदी

**भागलपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जगदीशपुर भागलपुर में कस्तूरबा जयंती के अवसर पर गुरुवार को अभिभावक संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी अपनी मां के हाथों पर मेहंदी रच कर संदेश देने का प्रयास किया कि मां मेरे भविष्य के लिए 26 अप्रैल को मत भुलना मतदान करना। इसके लिए हाथों पर लिख रही हूं 26 अप्रैल मतदान। इसके पूर्व कस्तूरबा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर अभिभावक को संबोधित करते हुए विद्यालय के संचालक आशुतोष चन्द्र मिश्र ने कहा कि हम अपने अपने विकास हेतु मतदान अवश्य करें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

## आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है ईद : मिथिलेश

### मंत्री मिथिलेश ने गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

खबर मन्त्र संवादाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा सहित तमाम झारखंड वासियों को ईद की मुबारकबाद दी है। ईद के मौके पर गुरुवार को मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा स्थित ईदगाह, उंचरी मस्जिद, मदरसा तब्लीगुल इस्लाम आदि स्थानों पर जाकर लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की मबारकबाद दी। इस दौरान काफी संख्या में बच्चे भी मंत्री श्री ठाकुर से मिले। उन्होंने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने एनुल खान के घर पहुंच कर ईद की बााई दी। साथ ही मंत्री ने फरठिया, सिदे, बेलचंपा, प्रतापपुर, दरमी, गिदहा, संग्रहे खुर्द, संग्रहे कला, चमरही, पचफेड़ी, दलेली आदि गांवों में पहुंच कर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि एक माह की लंबी इबादत के बाद आज पूरी देश, दुनिया में ईद का त्यौहार मनाया जा रहा है। हमारा देश विभिन्नताओं का देश है। यहां हिंदु, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी ािर्म के लोग आपस में मिलजुल कर एक दूसरे का पर्व त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि देश की सांप्रदायिक माहौल हमेशा अच्छी बनी रहे यही उनकी कामना है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि रमजान के पवित्र माह के दौरान उपवास के बाद मनाया जाने वाला यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। एकता और सद्भाव बढ़ाने वाला यह पर्व हमें क्षमा एवं दान करने की शिक्षा भी देता है। ईद गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करने तथा उनके साथ खुशियां बांटने का मौका है। यह पर्व त्याग और समर्पण को दर्शाता है। यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए। जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। मुस्लिम ािर्म को मानने वाले लोगों के लिए यह त्योहार बहुत खास है। ये रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है।



गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने किया डॉ धनेश्वर होम्यो क्लीनिक का उद्घाटन



उद्घाटन करते पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चन्द्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** हैनिमैन जयंती के शुभ अवसर पर गुरूवार को शहर के कचहरी रोड में मंगल भवन के समीप डॉ धनेश्वर होम्यो क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चन्द्रवंशी ने डॉ हैनीमैन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर पर विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि होमियोपैथिक दवा का कोई भी साईड इफेक्ट्स नहीं होता है। यह बहुत ही कारगर इलाज पद्धति है। गढ़वा में ट्रांसमिशन ऑफ होम्यो ड्रग एनर्जी फ्रॉम ए डिस्टेंस थ्रुआउट हेयर पद्धति की शुरूआत बहुत ही सराहनीय कदम है। ड गंगा सागर सिंह ने कहा कि होम्योपैथ में ट्रांसमिशन ऑफ होम्यो ड्रग एनर्जी फ्रॉम ए डिस्टेंस थ्रुआउट हेयर के माध्यम से सभी प्रकार के रोगों का इलाज होगा है। इसके तहत होमियोपैथी का ऊर्जा प्रसारण दूर के रोगियों पर सफलता पूर्वक किया जाता है। रोगी के एक बाल के द्वारा सभी रोगों का निदान किया जाता है।इसके तहत गठिया, साइएटिका, दमा, गेस्ट्रिक, माइग्रेन, ट्यूमर, टाइफाइड, मलेरिया आदि सभी प्रकार के रोगों का इलाज किया जाता है। डॉ. धनेश्वर कुमार ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि बीमारी चाहे नई हो या पुरानी उनका इलाज क्लासिकल होमियोपैथिक दवा का चुनाव रिपर्टोराइज़ेशन के मायम से किया जाता है। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन संध्या चार बजे से रात्रि नौ बजे तक तथा रविवार को पूरा दिन क्लीनिक में सेवा देंगे। मौके पर डॉ. अजय कुमार सिंह, मदन चन्द्रवंशी, संतोष कुमार, सूरजदेव सिंह, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### रमना में अवैध बालू की ढुलाई जारी

**रमना।** थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध बालू के कारोबार से बालू माफिया और बालू दलाल मस्ती में हैं। वही आवास निर्माण करा रहे ग्रामीण पस्त है। उंचे दर पर बालू मिलने से सरकारी आवास निर्माण में लगे लाभुकों की हालत पस्त है। इस अवैध कार्य में लगे बालू कारोबारी चांदी काट रहे है। वही सरकारी राजस्व का करोड़ों रूपये का नुकसान हो रहा है। अवैध बालू कारोबारियों का धंधा शाम आठ बजे से प्रारम्भ होता है और सुबह पांच बजे तक धड़ल्ले से चलता है। अवैध बालू लदे ट्रैकटरो की रफ़्तार देख सड़क पर चलने वालो का दिल दहल जाता है। आखिर अवैध बालू कारोबारियों का धंधा बेखौफ कैसे चल रहा है। इस अवैध कारोबार से साशन-प्रसाशन अनजान कैसे या इनकी मिली भगत से ही यह धंधा चल रहा है। अभी तक शासन-प्रशासन की नींद नहीं खुली और ना ही अवैध बालू कारोबारियों पर कोई प्रभाव पड़ा। आज भी बेखौफ अवैा बालू कारोबार का धंधा चल रहा है। ग्रामीणों में यह चर्चा है कि गुरुवार सुबह अवैा बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस प्रसाशन नें रोका लेकिन कुछ देर बाद ही उसे छोड़ दिया गया। घटना से ग्रामीणों में यह चर्चा है की प्रसाशन के लोग भी इसमें शामिल है।

## भाजपा के शंखनाद कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री नीतिन नवीन



खबर मन्त्र संवाददाता

**नवादा।** भाजपा आईटी के तत्वावधान में लोकसभा चुनाव को लेकर शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को भाजपा कार्यालय नवादा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन मैं संवाद कार्यक्रम के महत्व पर चर्चा करते हुए कार्यकताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि शंखनाद कार्यक्रम की उपयोगिता तथा उपाध्ययिता व्यवस्था को बेहतर बनाने में मिल का पत्थर माना जा सकता है। अनमोल सोवित प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया बिहार, भारतेन्दु मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा का डिजिटल युवा साथियों को मार्गदर्शन मिला। अध्यक्षता जिलाउपाध्यक्ष श्री जितेंद्र पासवान ने की।

सोमेश पाण्डेय प्रदेश सहसंयोजक आईटी सेल बिहार ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शशि शेखर क्षेत्रीय प्रभारी, जिला संयोजक सोशल मीडिया गोलू कुमार, जिला आईटी सेल राहुल कुमार सिन्हा उपस्थित थे। शंखनाद कार्यक्रम को ग्रामीण स्तर के कार्यकताओं के बीच भी करने का संकल्प लिया गया।

## स्वयं के नाम से परास्त हो गए थे भगवान राम : कृष्णाकांत

### श्री रामलला मन्दिर में राम कथा का दूसरा दिन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** श्रीरामलला मन्दिर सोनपुरवा में दूसरे दिन की रामकथा का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह झारखण्ड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर की धर्मपत्नी चंचल ठाकुर ने किया। उन्होंने श्रीधाम वृन्दावन से पधारे प्रकांड विद्वान वक्ता पण्डित श्री कृष्णकांत जी महाराज को माला समर्पित किया और श्री रामायण जी की आरती की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्राणियों में सद्भवना और आपस में प्रेम की सीख रामकथा से मिलती है। राम कथा के स्त्रवण मात्र से मानव को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। जीवन को धन्य और सार्थक बनाने के लिए रामकथा का आयोजन आज की आवश्यकता है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को राम कथा के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

कथा के दूसरे दिन आचार्य श्री कृष्णकांत जी ने कहा कि राम से बड़ा राम का नाम है। उन्होंने इसे सिद्ध करने के लिए एक कथा सुनायी। कथा के अनुसार सुकान्त नामक एक राजा था जो नारदमुनि जी का शिष्य था। वह एक दिन आसमान मार्ग से सत्संग में भाग लेने जा रहा था। रास्ते में नारद मुनि जी मिल गए। सुकान्त ने मुनि को प्रणाम किया। मुनि ने पूछा कहां जा रहे हो। सुकान्त ने कहा सत्संग में। नारद जी के मन में एक द्वंद चल रहा था 'भगवान बड़ा या भक्त'। उन्होंने सोचा यही मौका है इसे सिद्ध करने का, क्योंकि वह इस उलझन में थे कि राम जो चाहते हैं वो होता है कि हनुमान जो चाहते हैं वो होता है। उन्होंने सुकान्त को कहा सत्संग में बहुत सारे ऋषि होंगे। सबको पैर छूकर प्रणाम करना लेकिन ध्यान रखना विश्वामित्र जी को प्रणाम मत करना क्योंकि वह ब्राह्मण नहीं हैं। क्षत्रिय हैं और सन्त बन गए हैं। सत्संग समाप्त होने के पश्चात सुकान्त ने वैसा ही किया जैसा उसने गुरु जी ने बताया था। भरे सत्संग में विश्वामित्र जी अपने अपमान से दुःखित हो गए। उन्होंने श्री राम से इसकी शिकायत करते हुए कहा कि आपके राज्य में सन्तों का अपमान हो रहा है। भगवान राम ने सन्तों का अपमान करने वाले राजा सुकान्त को स्वयं अपने हाथों वध करने का संकल्प लिया। भगवान के इस संकल्प से सुकान्त घबरा गया। वह भागे-भागे अपने गुरु नारद जी से प्राण बचाने की याचना की।



रामायण जी की आरती करते मंत्री जी की पत्नी चंचल ठाकुर

### आप उम्मीदवार ने आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशी के साथ की बैठक

**अररिया।** आम आदमी पार्टी के जोनल प्रभारी सह बिहार प्रदेश प्रवक्ता चंद्र भूषण ने इंडी गठबंधन के प्रत्याशी शाहनवाज आलम से गुरुवार को उनके निवास पर मिलकर प्रत्याशी बनने की बधाई दी ।मौके पर उन्होंने स्वयं की लिखी पुस्तक दिल्ली सुशासन माडल भी भेंट की। आम आदमी पार्टी इंडी गठबंधन में शामिल है और अपने गठबंधन प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए आपस में विचार- विमर्श भी किया। इसके पूर्व अपने निवास स्थान पर पहुंचने पर गठबंधन प्रत्याशी शाहनवाज आलम ने आप के जोन प्रभारी चंद्र भूषण, जिला प्रभारी राजेश कुमार बहरदार के साथ करीब एक दर्जन पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं का स्वागत किया गया।

## एक नजर में

### चुनाव का पर्व देश का गर्व अभियान के लिए आदिवासियों के बीच पहुंचा जिला प्रशासन



खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्णिया।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूर्णिया द्वारा चुनाव का पर्व देश का गर्व लॉगो एवं टैगलाइन के ज्यादा से ज्यादा प्रचार के लिए जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार के स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के दिशा निर्देश एवं उप विकास आयुक्त श्रीमती साहिला के मार्गदर्शन में आदिम जाति के कमजोर तबके के लिए सरहुल पर्व के अवसर पर विशेष अभियान चलाया गया। अनुसूचित जनजाति समूहों के निर्वाचकों को चुनाव चौपाल के माध्यम से मतदान के महत्व, वोट की शक्ति के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को आसानी से समझने के लिए उरांव एवं संथाली मतदाताओं को स्थानीय भाषा में संकल्प पत्र का वितरण किया गया। साथ ही साथ लोगों ने सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से मतदान की निर्धारित तिथि 26 अप्रैल 2024 को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

### ईद को लेकर फुलकाहा से सटे नेपाल के इलाके में कर्फ्यू



खबर मन्त्र संवादाता

**अररिया।** फुलकाहा से सटे नेपाल के सुनसरी जिला के दीवानगंज इलाके में दो समुदायों के बीच जारी हिंसक झड़प के बाद हटाया गया कर्फ्यू ईद को लेकर गुरुवार को फिर से सुनसरी जिला प्रशासन की ओर से लगाया गया,जिसको लेकर भारतीय सीमा क्षेत्र में एसएसबी दिनभर मुस्तैद रही और सीमा से सटे नेपाल के इलाके के हालात पर नजर बनाए रखी। फुलकाहा एसएसबी कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर हरबंस लाल की अगुवाई में दिनभर सीमा क्षेत्र में एसएसबी के जवान गश्ती करती रही।नेपाल के इलाके में कर्फ्यू को लेकर एसएसबी दोनों देशों के लोगों के बीच आवाजाही को रोककर रखा।बॉर्डर के आसपास के इलाकों में विचरण करने वालों के साथ एसएसबी जवान पूछताछ करते नजर आए। उल्लेखनीय है कि नेपाल के रामनगर भुटाहा में पिछले दिनों दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हुई थी,जिसको लेकर सुनसरी जिला प्रशासन की ओर से हालात को नियंत्रित करने के लिए हवाई फायरिंग से लेकर सख्ती करनी पड़ी थी।बावजूद इसके हालात काबू में नहीं आने पर सुनसरी जिला प्रशासन की ओर से कर्फ्यू लगा दिया गया था,लेकिन बाद में धीरे धीरे स्थिति सामान्य होने पर कर्फ्यू में ढील के बाद कर्फ्यू हटा दिया गया,लेकिन गुरुवार को ईद को लेकर पुनः ऐतिहातन सुबह से एक दिन के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। भारत नेपाल सीमा पर जवानों के साथ गश्ती कर रहे फुलकाहा एसएसबी कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर हरबंस लाल ने बताया कि नेपाल के हालात पर एसएसबी की पैनी नजर है। सीमा पर संदिग्धों के पहचान के बाद ही आने जाने के लिए दिया जाता है। साथ ही समानों के साथ आने जाने वालों के समानों की जांच भी की जाती है। उन्होंने बताया कि नेपाल के सुनसरी जिला के कुछ इलाके में दो समुदाय के बीच हुए हिंसक झड़प के बाद कर्फ्यू लगाया गया था।लेकिन बाद में कर्फ्यू को हटा दिया गया था।लेकिन आज ईद को लेकर फिर से एक दिन के लिए कर्फ्यू लगाया गया।उन्होंने बताया कि कर्फ्यू एक दिन का ही है,लेकिन एसएसबी पूरी तरह सीमा पर चौकस और सचेत है।

### एखलास व एहतराम के साथ मना ईद का त्योहार

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र मे धूमधाम से खुशी के साथ मनाई गई ईद - उल - फितर की त्योहार, आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद का त्योहार शांतिपूर्ण मनाया गया। सुबह मस्जिद पहुंचे नमाज पढ़ी व गले मिलकर एक दुसरे को मुबारकबाद दी। अरसली मस्जिद सेलेकरबेलपहाड़ी, बघमनवा, चपरी, टाउनशिप, मकरी समेत अलग अलग इलाकों की दर्जनों मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर गले मिलकर एक दुसरे को बााई दी। चपरी में मौलाना नसीम अहमद, बेलपहाड़ी में मौलाना हसमत अली, अरसली उत्तरी में मौलाना सज्जाद हुसैन, मकरी कारी अजमेर अली ने ईद की नमाज अदा कराई। ईद - उल - फितर के मौके पर मुसलमान भाइयों ने मस्जिदों में ईद - उल-फितर की सामूहिक नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया और अमन शांति के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर बच्चे से बूढ़े तक सभी नये कपड़े व रंगबिरंगी टोपियों में सजे हुए अपने गांव की मस्जिद में नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी।

## पेज एक का शेष

### राजनीति से ब्रेक लें राहुल

इस पर मेनका ने कहा कि वे आयें तो सही। उन्होंने कहा कि रायबरेली से उनकी (प्रियंका) दादी (इंदिरा गांधी), उनकी मां (सोनिया गांधी) चुनाव लड़ चुकी हैं। इसलिए उस सीट पर परिवार का असर तो होगा ही।

#### वरुण का टिकट कटने से जनता मायूस

वरुण गांधी को भाजपा द्वारा उम्मीदवार नहीं बनाए जाने पर मेनका गांधी ने कहा कि वह पार्टी के फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगी। पीलीभीत से टिकट काटे जाने का फैसला पार्टी का है, लेकिन वहां की जनता मायूस है। 2019 के लोकसभा चुनाव में वरुण गांधी ने यूपी की पीलीभीत सीट से चुनाव लड़ा था। वरुण गांधी के कांग्रेस से लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं मालूम। वह जो भी करेंगे देशहित में होगा। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में पिछले तीन दशक से भी ज्यादा वक्त तक अपना दबदबा कायम रखने वाले मां-बेटे यानी मेनका गांधी और वरुण गांधी इस बार इस सीट के चुनावी रण से बाहर हैं। वरुण का टिकट काटने के बाद भाजपा यहां अपने नये प्रत्याशी जितिन प्रसाद को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। मेनका गांधी और वरुण गांधी वर्ष 1996 के बाद से पीलीभीत सीट पर भाजपा का झंडा लहराते रहे हैं। पीलीभीत में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

